ॐ नमः सिद्धं ॥ अथ मोक्षमार्गप्रकाशक नाम शास्त्र लिख्यते ॥ दोहा ॥ मंगलमय मंगलकरण वीतराग
विज्ञान ॥ नमौं ताहि जातैं भए अरहंतादि महान ॥१॥ करि मंगल करिहौं महा ॥ ग्रंथ करन को काज
जातैं मिलै समाज सब पावै निजपद राज ॥२॥ अथ मोक्षमार्गप्रकाशक नाम शास्त्र का उदय हो है ॥ तहां मंग
ल करिए है ॥ णमो अरहंताणं ॥ णमो सिद्धाणं ॥ णमो आयरियाणं ॥ णमो उवज्झायाणं ॥ णमो लोए
सव्वसाहूणं ॥ यहु प्राकृत भाषामय नमस्कार मंत्र है सो महामंगलस्वरूप है ॥ बहुरि याका संस्कृत ऐसा
हो है ॥ नमोऽर्हद्भ्यः ॥ नमः सिद्धेभ्यः ॥ नमः आचार्येभ्यः ॥ नमः उपाध्यायेभ्यः ॥ नमो लोके सर्वसाधुभ्यः ॥ बहु
रि याका अर्थ ऐसा है । नमस्कार अरहंतनि कै अर्थि ॥ नमस्कार सिद्धनि कै अर्थि ॥ नमस्कार आचार्यनि
कै अर्थि ॥ नमस्कार उपाध्यायनि कै अर्थि ॥ नमस्कार लोकविषै समस्त साधुनि कै अर्थि ऐसैं याविषै नमस्का
र कीया तातैं याका नाम नमस्कार मंत्र है ॥ अब इहां जिनकौं नमस्कार कीया तिनिका स्वरूप चिंत
वन कीजिए है ॥ तहां प्रथम अरहंतनि का स्वरूप विचारिए है ॥ जे गृहस्थपनौं त्यागि मुनिधर्म अंगीकार
करि निजस्वभावसाधनतैं च्यारि घातिकर्मनिकौं खिपाय अनंतचतुष्टय विराजमान भए ॥ तहां अ
नंतज्ञान करि तौ [illegible] अपने अनंत गुणपर्याय सहित समस्त जीवादि द्रव्यनिकौं युगपत विशेषपनैं करि
प्रत्यक्ष जानै है ॥ अनंतदर्शन करि तिनिकौं सामान्यपनैं अवलोकै है ॥ अनंतवीर्य करि ऐसी सामर्थ्य कौं
धारै है ॥ अनंतसुख करि निराकुल परमानंद कौं अनुभवै है ॥ बहुरि सर्वथा सर्व रागद्वेषादि विकारभाव
निकरि रहित होय शांतरसरूप परिणए हैं ॥ बहुरि क्षुधा तृषादि समस्त दोषनितैं मुक्त होइ देवाधिदेव

पनांकों प्राप्त भए हैं॥ बहुरि आयुध अंबरादिक वा अंगविकारादिक जे काम क्रोधादि निंद्य भावनिके चिह्न तिन
करि रहित जिनका परम औदारिक शरीर भया है॥ बहुरि जिनके वचननितैं लोकविषै धर्मतीर्थ प्रवर्तै है॥ ताकरि जीव
निका कल्याण हो है॥ बहुरि जिनिकै लौकिक जीवनिकौं प्रभुत्व माननेंके कारण अनेक अतिशय अर नानाप्र
कार विभवनिका संयुक्तपनां पाईए है॥ बहुरि जिनिकौं अपनां हितकै अर्थि गणधर इंद्रादिक उत्तम जीव सेवै हैं॥
ऐसे सर्वप्रकार पूजनें योग्य श्री अर्हंतदेव हैं तिनिकौं हमारा नमस्कार होउ॥ अब सिद्धनिका स्वरूप ध्याईए है॥ जे गृ
हस्थ अवस्था त्यागि मुनिधर्म साधनतैं च्यारि घातिकर्मनिका नाश भए अनंतचतुष्टय स्वभाव प्रगट करि। केतेक का
ल पीछैं च्यारि अघातिकर्मनिका भी भस्म होतैं परम औदारिक शरीरकौं भी छोरि ऊर्द्धगमन स्वभावतैं लोकका अग्रभाग वि
षै जाय विराजमान भए॥ तहां जिनकै समस्त परद्रव्य संबंध छूटनेंतैं मुक्त अवस्था की सिद्धि भई॥ बहुरि जिनकै चरम
शरीरतैं किंचित् ऊन पुरषाकारवत् आत्मप्रदेशनिका आकार अवस्थित भया॥ बहुरि जिनकै प्रतिपक्षी कर्म
निका नाश भया तातैं समस्त सम्यक्ज्ञान दर्शनादिक आत्मीक गुण संपूर्ण अपनें स्वभावकौं प्राप्त भए हैं॥ बहुरि
जिनकै नोकर्मका संबंध दूरि भया तातैं समस्त अमूर्तत्वादिक आत्मीक धर्म प्रगट भए हैं॥ बहुरि जिनकै भावकर्म
का अभाव भया तातैं निराकुलता आनंदमय शुद्ध स्वभावरूप परिणमन हो है॥ बहुरि जिनकै ध्यान करि भव्य जीवनि
कै स्वद्रव्य परद्रव्यका अर औपाधिक भाव स्वभाव भावनिका विज्ञान हो है ताकरि तिनि सिद्धनिकै समान आप होनेंका सा
धन हो है॥ तातैं साधनें योग्य जो अपनां शुद्ध स्वरूप ताके दिखावनेंकौं प्रतिबिंब समान हैं॥ बहुरि जे कृतकृत्य भए हैं तातैं

ऐसेंही अनंतकालपर्यंत रहै हैं॥ ऐसें निष्पन्न भए सिद्धभगवान तिनकौं हमारा नमस्कार होउ॥ अब आचार्य उपाध्या
य साधुनिका स्वरूप अवलोकिए है॥ जे विरागी होइ समस्त परिग्रहकौं त्यागि शुद्धोपयोगरूप मुनिधर्म अंगी
कार करि अंतरंग विषैं तौ तिस शुद्धोपयोग करि आपकौं आप अनुभवै है॥ परद्रव्य विषैं अहंबुद्धि नांही धारै है॥
बहुरि अपने ज्ञानादिक स्वभावनिहीकौं अपने मानै है॥ परभावनि विषैं ममत्व न करै है॥ बहुरि जे परद्रव्य वा
तिनके स्वभाव ज्ञान विषैं प्रतिभासै है तिनिकौं जानैं तौ है परंतु इष्ट अनिष्ट मानि तिनि विषैं रागद्वेष ना
हीं करै है॥ शरीरकी अनेक अवस्था होइ॥ बाह्य नाना निमित्त बनैं॥ परंतु तहां किछू भी सुख दुख मा
नते नांही॥ बहुरि अपने योग्य बाह्यक्रिया जैसें बनै तैसें बनै है ~~तैसें बनै है~~॥ खैंचि करि तिनिकौं करते नं
हीं॥ बहुरि अपने उपयोगकौं बहुत नांही भ्रमावै है॥ उदासीन होइ निश्चलवृत्तिकौं धारै है॥ बहुरि क
दाचित् मंदरागके उदयतें शुभोपयोग भी हो है॥ तिसकरि जे शुद्धोपयोगके बाह्य साधन है तिनि विषैं अ
नुराग करै है॥ परंतु तिस रागभावकौं हेय जानि दूरि कीया चाहै है॥ बहुरि तीव्र कषायकै उदयका अभाव
तें हिंसादिरूप अशुभोपयोग परणतिका तौ अस्तित्व ही रह्या नांही॥ बहुरि ऐसी अंतरंग दशातें बाह्य
दिगंबर सौम्यमुद्राके धारी भए है॥ शरीरका संवारनां आदि विक्रियानिकरि रहित भए है॥ वनखंडादि विषैं
वसै है॥ अठाईस मूलगुणनिकौं अखंडित पालै है॥ बाईस परीषहनिकौं सहै है॥ बारह प्रकार तपनि
कौं आदरै है॥ ~~बहुरि~~ कदाचित् ध्यानमुद्रा धारि प्रतिमावत् निश्चल हो है॥ कदाचित् अध्ययनादिक बाह्य

अर क्रियानि विषैं प्रवर्त्तै हैं॥ कदाचित् मुनिधर्म का सहकारी शरीर की स्थिति के अर्थि योग्य आहार विहारादि क्रियानि
विषैं सावधान हो है॥ ऐसैं जैनी मुनि हैं तिनि सबनि की ऐसी ही अवस्था हो है॥ तिनि विषैं जे सम्यग्ज्ञान सम्यक्चारि
त्र की अधिकता करि प्रधान पद कौं पाइ संघ विषैं नायक भए हैं॥ बहुरि जे मुख्यपनैं तौ निर्विकल्प स्वरूपाचरण विषैं
ही मग्न हैं॥ अर जो कदाचित् धर्म के लोभी अन्य जीव याचक तिनिकौं देखि राग अंश उदय तैं करुणाबुद्धि होइ तौ ति
निकौं धर्मोपदेश देते हैं। जे दीक्षा ग्राहक हैं तिनिकौं दीक्षा देते हैं। जे अपने दोष प्रगट करै हैं॥ तिनिकौं प्रायश्चित्त विधि
करि शुद्ध करै हैं॥ ऐसे आचरन अचरावनवाले आचार्य तिनिकौं हमारा नमस्कार होहु॥ बहुरि जे ब
हुत जैन शास्त्रनि के ज्ञाता होइ संघ विषैं पठन पाठन के अधिकारी भए हैं॥ बहुरि जे समस्त शास्त्रनि का प्रयो
जन जानि एकाग्र होय अपने स्वरूप कौं ध्यावै हैं॥ अर जो कदाचित् कषाय अंश उदय तैं तहां उपयोग नाहीं
थंभै है तौ तिनि शास्त्रनि कौं आप पढ़ै हैं॥ वा अन्य धर्मबुद्धीनि कौं पढ़ावै हैं॥ ऐसैं समीपवर्ती भव्यनि कौं अ
ध्ययन करावनहारे उपाध्याय तिनिकौं हमारा नमस्कार होहु॥ बहुरि इन दोय पदवीधारक बिना अन्य सम
स्त जे मुनिपद के धारक हैं॥ बहुरि जे आत्मस्वभाव कौं साधै हैं॥ जैसैं अपना उपयोग परद्रव्यनि विषैं इष्ट अ
निष्टपनो मानि फंसै नाहीं तैसैं उपयोग कौं सधावै हैं॥ बहुरि बाह्य के साधनभूत तपश्चरणादि क्रियानि वि
षैं प्रवर्त्तै हैं॥ वा कदाचित् भक्ति वंदनादि कार्यनि विषैं प्रवर्त्तै हैं॥ ऐसे आत्मस्वभाव के साधक साधु हैं तिनि
कौं हमारा नमस्कार होउ॥ ऐसैं इनि अरहंतादिकनि का स्वरूप है सो वीतराग विज्ञानमय है तिस ही करि अरहंता

बाजा भो नांहीं२

दिक स्तुति योग्य महान जानने॥ जातैं जीवत्वकरि तो सर्व जीव समान हैं॥ परंतु रागादि विकारनिकरि वा ज्ञा-
नकी हीनताकरि तो जीव निंदा योग्य हो है॥ बहुरि रागादिक की हीनताकरि वा ज्ञानकी विशेषताकरि स्तुति यो-
ग्य हो है॥ सो अरहंत सिद्धनिकै तौ संपूर्ण रागादिक की हीनता अर ज्ञान की विशेषता होनेकरि संपूर्ण वीत-
राग विज्ञान भाव संभवै है॥ अर आचार्य उपाध्याय साधुनिकै एकोदेश रागादिक की हीनता अर ज्ञानादि की
विशेषता होनेकरि एकोदेश वीतराग विज्ञान संभवै है॥ तातैं ते अरहंतादिक स्तुति
योग्य महान जानने॥ बहुरि ए अरहंतादिक पद हैं तिनिविषै ऐसा जानना जो मुख्यपनैं तौ तीर्थंकर का अ-
र गौणपनै सर्व केवली का प्राकृत भाषाविषै अरहंत अर संस्कृत विषै अर्हत् ऐसा नाम जानना॥ बहु-
रि चौदहवां गुणस्थान कै अनंतर समय तैं लगाय सिद्ध नाम जानना॥ बहुरि जिनकौं आचार्य पद भया
होय ते संघविषै रहौ वा एकाकी आत्मध्यान करौ वा एकाविहारी होउ वा आचार्यनिविषै भी प्रधानता
कौं पाय गणधरपदवी के धारक होउ॥ तिनि सबनि का नाम आचार्य कहिए॥ बहुरि पठनपाठन तौ
अन्य मुनि भी करै हैं॥ परंतु जिनकैं आचार्यनिकरि दीया उपाध्याय पद भया होइ ते आत्मध्यानादि कार्य
करतैं भी उपाध्याय ही नाम पावै है॥ बहुरि जे पदवीधारक नाहीं ते सर्व मुनि साधु संज्ञा के धारक जानने॥
इहां ऐसा नांही नियम है जो पंचाचारनिकरि आचार्य पद हो है॥ पठनपाठनकरि उपाध्याय पद हो है॥
मूलगुन साधनकरि साधुपद हो है॥ जातैं ए तौ क्रिया सर्व मुनिनिकै साधारण है॥ परंतु शब्दनयकरि

3/4

तैसें

तिनिकाअरहरार्थकरितहै॥समस्तविद्वज्जननकरिपदवीकीअपेक्षाकीआचार्यादिकनामजाननें॥जैसेंप्रसिद्ध

न पकरिमनकेंतो गउकहिए सोगमतोप्रभुत्वादिकनीकरैहै॥परंतुसमस्तीकरिनपकरिपर्यायअपेक्षानाम

है॥तैसेंहीइहांसमझनां इहांसिद्धनिकैंपहलैंअरहंतनिकोंनमस्कारकीयासोकौंनकारन॥ऐसासंदेहउपजै

ताकासमाधानपदहै नमस्कारकरिएहै॥अपनेंप्रयोजनसधनेंकीअपेक्षाकरिएहै॥सोअरहंतनितैंउपदेशा

दिककाप्रयोजनविशेषसिद्धिहै॥तातैंपहलैंनमस्कारकीयाहै॥याप्रकारअरहंतादिकनिकास्वरूप

चिंतवनकीयोंवि~~शेषकार्यसिद्धिहै~~॥तातैंस्वरूपचिंतवनकीएविशेषकार्यसिद्धिहोहै॥बहुरिऐसेंइन

अरहंतादिककोंपंचपरमेष्ठीकहिएहै॥जातैंजोसर्वोत्कृष्टइष्टहोइताकानामपरमेष्टहै पंचजेपरमेष्टितिनि

रि कासमाहारसमुदायताकानामपंचपरमेष्ठीजाननें॥बहुरिऋषभअजितसंभवअभिनंदनसुमतिपद्मप्रभसु

पार्श्वचंद्रप्रभपुष्पदंतशीतलश्रेयांनवासपूज्यविमलअनंतधर्मशांतिकुंथअरमल्लिमुनिसुव्रतनमि

नेमिपार्श्ववर्द्धमाननामधारकचौवीसतीर्थंकरइसभरतक्षेत्रविषैवर्त्तमानधर्मतीर्थकेनायकभए॥गर्भजन्म

तपज्ञाननिर्वाणकल्याणकनिविषैइंद्रादिकनिकरिविशेषपूज्यहोइ॥अबसिद्धालयविषैविराजैहैं तिन

निकोंहमारानमस्कारहोऊ॥बहुरिसीमंधरयुगमंधरबाहुसुबाहुसंजातकस्वयंप्रभवृषभाननअनंतवी

र्यसूरप्रभविशालकीर्तिवज्रधरचंद्राननचंद्रबाहुभुजंगमईश्वरनेमिप्रभुदेवयशअजितवीर्यनामधा री

१९वीरसेनमहाभद्र

रिबीसतीर्थंकरपंचमेरुसंबंधीविदेहक्षेत्रनिविषैअबारकेवलज्ञानविराजमानहैंतिनिकौंहमारानमस्का
रहोउ।यद्यपिपरमेष्टीपदविषैइनकागर्भितपनाहै।।तथापिविद्यमानकालविषैइनकाविशेषजानिजु
दानमस्कारकीयाहै।।बहुरित्रिलोकविषैजेअकृत्रिमजिनबिंबविराजैहैं।।मध्यलोकविषैविधिपूर्वककृत्रिम
जिनबिंबविराजैहैं।।जिनिकेदर्शनादिकतैंएकधर्मोपदेशविनांअन्यआपनेहितकीसिद्धिजैसंतीर्थंक
रकेवलीकेदर्शनादिकतैंहोइतैसेंहीहोइ।तिनिजिनबिंबनिकौंहमारानमस्कारहोउ।।बहुरिकेवलीकीदि
व्यध्वनिकरिदीयाउपदेशताकैंअनुसारिगणधरकरिरचितअंगप्रकीर्णकतिनकैंअनुसारिअन्यआचार्या
दिकनिकरिरचेग्रंथादिकऐसैंएसर्वजिनवचनहै।।स्याद्वादचिह्नकरिपहचाननेयोग्यहैंन्यायमार्गतैं
अविरुद्धहैंतातैंप्रमाणीकहैं।।जीवकौंतत्त्वज्ञानकेकारणहैं।।तातैंउपकारीहैंतिनकौंहमारानमस्कारहोउ
बहुरिचैत्यालयआर्यिकाउत्कृष्टश्रावकआदिद्रव्यअरतीर्थक्षेत्रअरकल्याणककालआदिकालअररत्नत्रय
आदिभावजेमुझकरिनमस्कारकरनेयोग्यहैंतिनकौंनमस्कारकरूंहूं।।अरकिंचितविनयकरनेयोग्यहैंतिनका।
यथायोग्यविनयकरौंहौं।।ऐसैंअपनेइष्टनिकासन्मानकरिमंगलकीयाहै।।अबएअरहंतादिकइष्टकैसै
हैंसोविचारकरिएहै।।जाकरिसुखउपजैवादुःखविनसैतिसकार्यकानामप्रयोजनहै।।बहुरितिसप्र
योजनकीजाकरिसिद्धिहोयसोहीअपनाइष्टहै।।सोहमारैइसअवसरविषैवीतरागविशेषज्ञानकाहोना

5/A

सो ऐसा प्रयोजन है॥ तातैं या करि निराकुल सांचे सुखकी प्राप्ति हो है॥ अर सर्व आकुलता रूप दुःखका नास होइ
बंध रहित रूप प्रयोजनकी सिद्धि अरहंतादिकनि करि हो है॥ कैसें सो विचारिए है॥ आत्माकै परिणाम तीन प्रकार हैं
संक्लेश१ विशुद्ध२ शुद्ध३। तहां तीव्र कषायरूप संक्लेश है। मंद कषायरूप विशुद्ध है॥ विशेषज्ञानरूप कषायरहित शुद्ध है। तहां वीतरा
अपने स्वभावके घातक जे हैं ज्ञानावरणादि घातिया कर्म तिनिका संक्लेश परिणाम करि तौ तीव्र बंध होइ है॥ अर
विशुद्ध परिणाम करि मंद बंध हो है॥ वा विशुद्ध परिणाम प्रबल होइ तौ पूर्वै जो तीव्र बंध भया था ताकौ भी मंद करै है
अर शुद्ध परिणाम करि बंध न हो है॥ केवल तिनकी निर्जरा ही हो है॥ सो अरहंतादि विषै स्तवनादिरूप भाव हो है
सो कषायनिकी मंदता लीएं हो है॥ तातैं विशुद्ध परिणाम है॥ बहुरि समस्त कषाय मिटावनेका साधन है तातैं शुद्ध
परिणामका कारण है॥ सो ऐसे परिणाम करि अपना घातक घातिकर्मका हीनपनाकै होनेतैं सहज ही वीत
राग विशेषज्ञान प्रगट हो है॥ जितने अंशनि करि वह हीन होइ तितने अंशनि करि यह प्रगट होइ॥ ऐसें अ
रहंतादिक करि अपना प्रयोजन सिद्धि हो है॥ अथवा अरहंतादिकका आकार अवलोकना॥ वा स्वरूप विचार
करना वा वचन सुनना वा निकटवर्ती होना वा तिनिकै अनुसारि प्रवर्तना इत्यादि कार्य तत्काल ही निमित्तभूत
होइ रागादिकनिकौं हीन करै है जीव अजीवादिकका विशेषज्ञानकौं उपजावै है॥ तातैं ऐसैं भी अरहंतादिक
करि वीतराग विशेषज्ञानरूप प्रयोजनकी सिद्धि हो है॥ इहां कोऊ कहै कि इनि करि ऐसे प्रयोजनकी तौ सिद्धि

ऐसें होइ है। बहुरि आकरि इंद्रियजनित सुख उपजै है दुःख विनसै ऐसें भी प्रयोजनकी सिद्धि इनकरि हो है।
ताका समाधान। जो अरहंतादि विषै स्तवनादिरूप विशुद्धपरिणाम हो है ताकरि अघातिया कर्मनिकी साता
आदि पुण्यप्रकृतिनि का बंध हो है। बहुरि जो वह परिणाम तीव्र होइ तौ पूर्वैं असाता आदि पापप्रकृति बंधी थी ति
निकौं भी मंद करै है। अथवा नष्ट करि पुण्यप्रकृतिरूप परिणमावै है। बहुरि तिस पुण्यका उदय होतें स्वयमेव इं
द्रियसुखकौं कारणभूत सामग्री मिलै है। अर पापका उदय दूरि होतें स्वयमेव दुःखकौं कारणभूत साम
ग्री मिलै दूरि होइ है। ऐसें इस प्रयोजनकी भी सिद्धि तिनिकरि हो है। अथवा जिनसासनके भक्त देवादिक हैं ते
भक्त तिस पुरुषकैं अनेक इंद्रियसुखकौं कारण सामग्रीनिका संयोग करावै है। दुःखकैं कारण सामग्रीनिकौं दू
रि करै है। ऐसें भी इस प्रयोजनकी सिद्धि तिनि अरहंतादिकनिकरि हो है। परंतु इस प्रयोजनतें किछू अपना
हित होता नांही। तातैं यहु आत्मा कषायभावनितैं बाह्य सामग्रीनिविषै इष्ट अनिष्टपनौं मानि आपही सुखदुःख
की कल्पना करै है। विना कषाय बाह्य सामग्री किछू सुखदुःखकी दाता नांही। बहुरि कषाय है सो सर्व आकुलतामय सर्व
है। तातैं इंद्रियजनित सुखकी इच्छा करनी दुःखतैं डरना सो भ्रम है। बहुरि इस प्रयोजनकै अर्थि अरहंता
दिककी भक्ति [illegible] कीएं भी तीव्रकषाय होनेकरि पापबंध ही हो है। तातैं इस प्रयोजनका अर्थी होना आ(?)
योग्य नां नांही। अरहंतादिककी भक्ति करतैं ऐसे प्रयोजन तौ स्वयमेव ही सधै है। ऐसें अरहंतादिक परम इष्ट मानने

...ं ग्रयैं॥ बहुरि ए अरहंतादिक ही परम मंगल है॥ इनि विषै भक्तिभाव भए परम मंगल हो है॥ जातैं मं
ग कहिए सुख ताहि लाति कहिए देवै॥ अथवा मं कहिए पाप ताहि गालयति कहिए गालै ताका नाम मंगल है॥ सो तिनकरि पूर्वो
क्त प्रकार दोऊ कार्यनिकी सिद्धि हो है॥ तातैं तिनिकै परम मंगलपनौं संभवै है॥ इहां कोऊ पूछै कि प्रथम ग्रंथ की आदि
विषै मंगल करी की पासो कौन कारन॥ ताका उत्तर जो सुष स्यौं ग्रंथ की समाप्तता होइ॥ पाप करि कोऊ विघ्न न होय॥ या वासतैं
इहां प्रथम मंगल कीया है॥ इहां तर्क जो अन्यमती ऐसे मंगल नाहीं करै हैं तिनिकै भी ग्रंथ की समाप्तता अर विघ्न का न
होना देखिए है॥ तहां कहा हेतु है॥ ताका समाधान जो अन्यमती ग्रंथ करै हैं॥ तिस विषैं मोह के तीव्र उदय करि
मिथ्यात्व कषाय भावनिकौं पोषते विपरीत अर्थनिकौं धरै है॥ तातैं ताकी निर्विघ्न समाप्तता तौ ऐसे मंगल विना कीयै ही
होइ॥ जो ऐसे मंगलनि करि मोह मंद होय जाय तौ वैसा विपरीत कार्य कैसें बनै॥ बहुरि हम ग्रंथ करै हैं॥ तिस विषैं मोह
की मंदता करि वीतराग तत्वज्ञान कौं पोषते अर्थनिकौं धरैंगे॥ ताकी निर्विघ्न समाप्तता ऐसे मंगल कीए ही होय॥ जो ऐ
से मंगल न करैं तो मोह का तीव्रपना रहै॥ तब ऐसा उत्तम कार्य कैसें बनै॥ बहुरि वह कहै है॥ जो ऐसें तौ मानेंगे परंतु
कोऊ ऐसा मंगल न करै॥ ताकै भी सुख देखिए है॥ पाप का उदय न देखिए है॥ कोऊ ऐसा मंगल करै है॥ ताकै भी सुख न
देखिए है॥ पाप का उदय देखिए है॥ तातैं पूर्वोक्त मंगलपनौं कैसें बनै॥ ताकौं कहिए॥ तो जीवनिकै संक्लेश विशु
द्ध परिणाम अनेक जाति के हैं॥ तिनि करि अनेक कालनि विषै पूर्वे बंधे कर्म एक काल विषै उदय आवै है॥ तातैं जै
सें जाकै पूर्वैं बहुत धन का संचय होइ ताकै बिना कमाएं भी धन देखिए है॥ अर देणां न देखिए है॥ अर जाकै पूर्वैं
ऋण बहुत होइ ताकै धन कमावतैं भी देणां देखिए है॥ धन न देखिए है॥ परंतु विचार कीएतैं कमावनौं धन

मोक्षमार्ग हीका कारण है॥ सुखका कारण नाहीं॥ तातैं जाकै पूर्वै बहुत पुण्य बंध्या होइ ताकै ऐसा मंगल विना
६ कीएं भी सुख देखिए है॥ पापका उदय न देखिए है॥ बहुरि जाकै पूर्वै बहुत पाप बंध्या होइ ताकै ऐसा मंगल की
एं भी सुख न देखिए है॥ पापका उदय देखिए है परंतु विचार कीएं तैं ऐसा मंगल तौ सुखही का कारण है॥ पाप
ल४ उदयका कारण नाहीं॥ ऐसें पूर्वोक्त मंगलका मंगलपना बनै है॥ बहुरि वह कहै है कि यहु भी मानी परंतु जिनशा
सनके भक्त देवादिक हैं॥ तिनि तिस मंगल करनेवाले की सहायता न करी॥ अर मंगल न करनेवाले कौं दंड न दी
या सो कौन कारण॥ ताका समाधान जो जीवनिकै सुख दुःख होने का प्रबल कारण अपना कर्मका उदय है॥
ताही कै अनुसारि बाह्य निमित्त बनै है॥ तातैं जाकै पापका उदय होइ तिसकै सहायका निमित्त न बनै है॥ अर जाकै
पुण्यका उदय होइ ताकै दंडका निमित्त न बनै है॥ यहु निमित्त कैसें न बनै है॥ सो कहिए है॥ जे देवादिक हैं ते क्षयो
पशम ज्ञान तैं॥ सर्व कौं युगपत् जानि सकते नाहीं॥ तातैं मंगल करनेवाले न करनेवाले का जानपना किसी दे
वादिक कै कोई काल विषै हो है॥ तातैं तिनिका जानपना न होइ तौ कैसें सहाय करै वा दंड दे॥ अर जानपना होय त
ब आपकै जो अति मंद कषाय होइ तौ सहाय करने के वा दंड देने के परिणाम ही न होइ॥ अर तीव्र कषाय होइ तौ
धर्मानुराग होइ सकै नाहीं॥ बहुरि मध्य कषायरूप तिस कार्य करने के परिणाम भए॥ अर अपनी शक्ति नाहीं
ती तौ कहा करै॥ ऐसें सहाय करने का वा दंड देनें का निमित्त नाहीं बनै है॥ जो अपनी शक्ति होय॥ अर आपकै
धर्मानुरागरूप मध्य कषायका उदय तैं॥ तैसे ही परिणाम होइ॥ अर तिस समय अन्य जीवका धर्म अधर्म
रूप कर्त्तव्य जानैं॥ तब केई देवादिक किसी धर्मात्मा की सहाय करै है॥ वा किसी अधर्मी कौं दंड दे

हमतै

है॥ऐसें कार्य होनेका किछ निमित्त तौ है नांही॥ऐसें समाधान कीया॥इहांइ तर्ने ज्ञाननां। समझाने कीं पुरुषनकी
नेंकी सहाय करावनेंकी॥इ षधावनेंकी जोइच्छा है सो कषाय मय है॥तत्काल विषै का ज्ञाना मी का लवि पुरुष
यकरै है॥तातें ऐसी इच्छा कों छोडि एक वीतराग विशेष ज्ञान होनेंके अर्थी होइ॥अरहंतादिककों नमस्कारादि
रूप मंगल कीया है॥ऐसें मंगलाचरण करि॥अब सार्थक मोक्षमार्ग प्रका[redacted]नाक नाम ग्रंथका उद्योत क
रै हैं॥तहां यह ग्रंथ प्रमाण है॥ऐसी प्रतीति आवनें के अर्थि पूर्व अनुसार का स्वरूप निरूपिए है॥अ का
रादि अक्षर हैं॥ते अनादि निधन हैं॥काहू के कीए नांही॥इनेका आकार लिखनां तौ अपनी इच्छा के अनु
सारि अनेक प्रकार है॥परंतु बोलनें मैं आवै है॥अक्षर ते तौ सर्व सर्वदा ऐसें ही प्रवर्त्तै है॥सोई कह्या है
सिद्धो वर्णसमाम्नायः॥याका अर्थ यहु जो अक्षरनिका संप्रदाय है॥सो स्वयंसिद्ध है॥बहुरि तिनि अक्षर
निकरि निपजे सत्यार्थके प्रकाशक पद तिनके समूह का नाम श्रुत है सो भी अनादि निधन है॥जैसें जीव ऐसा
अनादि निधन पद है॥सो जीवका जनावनहारा है॥ऐसें अपनें अपनें सत्य अर्थके प्रकासक अनेक पद
तिनिका जो समुदाय सो श्रुत जाननां॥बहुरि जैसें मोती तौ स्वयंसिद्ध है तिनि विषै कोऊ थोरे मोती
निकों कोऊ घनें मो। ती निकों कोऊ किसी प्रकार कोऊ किसी प्रकार गूंथि गहनां बनावै है॥तैसें पद तौ
स्वयंसिद्ध है॥तिनि विषै कोऊ थोरे पदनिकों कोऊ घनें पदनिकों कोऊ किसी प्रकार कोऊ किसी प्रका
र गूंथि ग्रंथ बनावै है॥इहां मैं भी तिनि सत्यार्थ पदनिकों मेरी बुद्धि अनुसारि गूंथि ग्रंथ बनावूं हूं॥मेरी मति क

रिकल्पित झूठे अर्थ पद न विषै नांही गूंथे हैं। तातैं यहु ग्रंथ प्रमाण जानना॥ इहां प्रश्न जो तिनि ग्रंथ
निकी परंपराइ इस ग्रंथपर्यंत कैसें प्रवर्तै है॥ ताका समाधान॥ अनादितैं तीर्थंकर केवली होते आए हैं। तिनिकै
सर्वका ज्ञान हो है। तातैं तिनि पदनिका वा तिनिके अर्थनिका भी ज्ञान हो है। बहुरि तिनि तीर्थंकर केवलीनिका
जाकरि अन्य जीवनिकैं पदनिका अर्थनिका ज्ञान होय ऐसा दिव्यध्वनि करि उपदेश हो है। ताकै अनुसारि
गणधरदेव अंगप्रकीर्णकरूप ग्रंथ गूंथे हैं बहुरि तिनिकै अनुसारि अन्य अन्य आचार्यादिक नानाप्रकार ग्रंथा
दिककी रचना करे हैं॥ तिनिकौं केई अभ्यासे हैं॥ केई कहै हैं केई सुनै हैं॥ ऐसैं परंपराय मार्ग चल्या आवै है॥ सो
अब इस भरतक्षेत्र विषै वर्त्तमान अवसर्पिणी काल है तिस विषै चौवीस तीर्थंकर भए। तिनि विषै॥
श्री वर्द्धमान नामा अंतिम तीर्थंकर देव भया सो केवलज्ञान विराजमान होइ जीवनिकौं दिव्यध्वनि करि उपदेश दे
ता भया। ताकै सुननेका निमित्त पाइ गौतम नाम गणधर अगम्य अर्थनिकौं भी जानि धर्मानुरागकै वशतैं अंगप्रकी
र्णकनिकी रचना करत भया॥ बहुरि वर्द्धमान स्वामी तौ मुक्त भए। तहां पीछें इस पंचमकाल विषै तीन केवली
भए गौतम॥१॥ सुधर्माचार्य॥२॥ जंबूस्वामी॥३॥ तहां पीछे कालदोषतैं केवलज्ञानी होनेका तौ अभाव भया। ब
हुरि केतेक काल तांई द्वादशांगके पाठी श्रुतकेवली रहे पीछै तिनका भी अभाव भया। बहुरि केते
क काल तांई थोरे अंगनिके पाठी रहे। पीछै तिनिका भी अभाव भया॥ तब आचार्यादिकनि करि तिनिकै अ
नुसारि बनाये ग्रंथ वा अनुसारी ग्रंथनिकै अनुसारि बनाये॥ ग्रंथ तिन ही की प्रवर्त्ति रही। तिनि विषै काल भी x
दोषतैं दुष्टनि करि केतेक ग्रंथनिकी व्युच्छित्ति भई वा महान ग्रंथनिका अभ्यासादि न होनेतैं व्युच्छि

तिनही।। बहुरि केतेक महान ग्रंथ पाइए है तिनिकौं बुधि की मंदतातैं अभ्यास होना नाहीं।। जैसें
रहैं णमें गोमटस्वामी के निकटि मूलविद्रनगर विषैं धवल महाधवल जयधवल पाइए है परंतु दर्शनमात्र
ही है।। बहुरि केतेक ग्रंथ अपनी बुद्धि करि अभ्यास करने योग्य पाइए है।। तिनि विषैं भी केतेक ग्रंथनि
का ही अभ्यास बनै है।। ऐसैं इस निकृष्ट काल विषैं उत्कृष्ट जैनमत का घटना तौ भया परंतु इस परंप
रायकरि अब भी जैनशास्त्रनि विषैं सत्य अर्थ के प्रकाशनहारे पदनि का सद्भाव प्रवर्तै है।। बहुरि ह
म इस काल विषैं इहां अब मनुष्यपर्याय पाया सो इस विषैं हमारे पूर्व संस्कारतैं वा भला होनहारतैं जैनशा
स्त्रनि विषैं अभ्यास करने का उद्यम होत भया।। तातैं व्याकरण न्याय गणित आदि उपयोगी ग्रंथनि का
किंचित अभ्यास करि टीका सहित समयसार पंचास्तिकाय प्रवचनसार नियमसार गोमटसार लब्धि
सार त्रिलोकसार तत्वार्थसूत्र इत्यादि शास्त्र अर क्षपणासार पुरुषार्थसिद्ध्युपाय अष्टपाहुड
आत्मानुशासन आदि शास्त्र अर श्रावक मुनि का आचार के प्ररूपक अनेक शास्त्र अर सुष्टु कथा
सहित पुराणादि शास्त्र इत्यादि अनेक शास्त्र हैं तिनि विषैं हमारे बुद्धि अनुसारि अभ्यास वर्तै है।। ति
सकरि हमारे हू किंचित सत्यार्थ पदनि का ज्ञान भया है।। बहुरि इस निकृष्ट समय विषैं हम सारिखे मंद बु
द्धीनितैं भी हीनबुधि के धनी घने जन अवलोकिए है।। तिनिकौं तिनि पदनि का अर्थ ज्ञान होने कौं अ
र्थि धर्मानुरागके वशतैं देशभाषामय ग्रंथ करने की हमारे इच्छा भई।। ताकरि हम यहु ग्रंथ बनावै हैं।। सो
इस विषैं भी अर्थसहित तिनि ही पदनि का प्रकाशन हो है।। इतना तौ विशेष है।। जैसैं संस्कृत प्राकृत

शास्त्रनिविषैं प्राकृत संस्कृत पद लिखिए है। तैसें इहां अपभ्रंश लीएं वा यथार्थपनाकौं लीएं देशभाषारूप पद लिखिए है। परंतु अर्थविषैं व्यभिचार किछू नांही है। ऐसैं इस ग्रंथपर्यंत सत्यार्थ पदनिकी परंपराय प्रवर्त्तै है। इहां कोऊ पूछै कि परंपराय तौ हम ऐसैं जानी। परंतु इस परंपराविषैं सत्यार्थपदनिकी रचना होती आई। असत्यार्थ पद न मिले ऐसी प्रतीति हमकौं कैसैं होइ। ताका समाधान। असत्यार्थ पदनिकी रचना अति तीव्र कषाय भयें बिना बनै नांही। जातैं जिस असत्य रचनाकरि परंपरा अनेक जीवनिका महा बुरा होइ आपकौं ऐसी महाहिंसाका फलकरि नरक निगोदविषै गमन करनां होइ सो ऐसा महाविपरीत कार्य तौ क्रोध मान माया लोभ अत्यंत तीव्र भएं ही होइ। सो जैनधर्मविषैं तौ ऐसा कषायवान होता नांही। प्रथम मूल उपदेशदाता तौ तीर्थंकर केवली सो तौ सर्वथा मोहके नाशतैं सर्व कषायनिकरि रहित ही हैं। बहुरि ग्रंथकर्त्ता गणधर वा आचार्य ते मोहकौं उदयकरि सर्व बाह्य अभ्यंतर परिग्रहकौं त्यागि महामंद कषायी भए हैं। तिनिकै तिस मंदकषायकरि किंचित् शुभोपयोगहीकी प्रवृत्ति पाइए है और किछू प्रयोजन नांही। बहुरि श्रद्धानी गृहस्थनी कोई ग्रंथ बनावै है। [redacted]। सो भी तीव्र कषाई नांही है। जो वाकै तीव्र कषाय होइ तौ सर्व कषायनिका जिस तिस प्रकार नाश करणहारा जो जिनधर्म तिसविषैं रुचि कैसैं होइ। अथवा जो मोहके उदयतैं अन्य कार्यनिकरि कषाय पोषै है तौ पोषौ परंतु जिनआज्ञा भंगकरि अपनी कषाय पोषै तौ जैनीपना रहता नांही। ऐसैं जिनधर्मविषैं ऐसा तीव्रकषा

यि कोन होता नांही जो असत्य पदनिकी रचना करि परका अर आपका परजाय पर्याय विषै बुरा करै इहां प्रश्न
जो कोऊ जैनाभासी तीव्र कषाई होइ असत्यार्थ पदनिकौं जैन शास्त्रनि विषै मिलावै पीछै ताकी परंप
रा चली जाय तौ कहा करिए॥ ताका समाधान॥ जैसैं कोऊ साचे मोतीनिके गहनें विषै झूठे मोती मिला
वै परंतु झलक मिलै नांही॥ तातैं परीक्षा करि पारखी ठिगावता भी नांही॥ कोई भोला होइ सो ही मोती नाम
करि ठिगावै है॥ बहुरि ताकी परंपरा भी चालै नांही॥ शीघ्र ही कोऊ झूठे मोतीनिका निषेध करै है॥ तै
सैं कोऊ सत्यार्थ पदनिके समूहरूप जैन शास्त्रनि विषै असत्यार्थ पद मिलावै परंतु जिन शास्त्रके पद
नि विषै तौ कषाय मिटावनेका वा लौकिक कार्य घटावनेका प्रयोजन है॥ अर उस पापीनैं जे असत्यार्थ
पद मिलाए हैं॥ तिनि विषै कषाय पोषनेंका वा लौकिक कार्य साधनेका प्रयोजन है॥ ऐसैं प्रयोजन मिल
ता नांही॥ तातैं परीक्षा करि ज्ञानी ठिगावतौ भी नांही॥ कोई मूर्ख होइ सो ही जैन शास्त्र नाम करि ठि
गावै है॥ बहुरि ताकी परंपरा भी चालै नांही॥ शीघ्र ही कोऊ तिनि असत्यार्थ पदनिका निषेध करै
है॥ बहुरि ऐसे तीव्र कषायी जैनाभास इहां इस निकृष्ट काल विषै ही होय है॥ उत्कृष्ट क्षेत्र काल बहुत
है॥ तिस विषै तौ ऐसे होते नांही॥ तातैं जैन शास्त्रनि विषै असत्यार्थ पदनिकी परंपरा चालै नांही॥ ऐ
सा निश्चय करणां॥ बहुरि वह कहै है कि कषायनि करि तौ असत्यार्थ पद न मिलावै परंतु ग्रंथ करनेंवा
लोंकै क्षयोपशम ज्ञान है तातैं कोई अन्यथा अर्थ भासै ताकरि असत्यार्थ पद मिलावै ताकी तौ
परंपरा चलै॥ ताका समाधान॥ मूल ग्रंथकर्त्ता तौ गणधरदेव हैं॥ ते आप च्यारि ज्ञानके धारक है॥ अर

मोक्षमार्ग
१९

सारा ते केवलीका दिव्यध्वनि उपदेश सुनै है॥ ताका अतिशय करि सत्यार्थ ही भासै है॥ अर तातैं गणधरादिकैं अ
नुसारि ग्रंथ बनावै है सो उन ग्रंथनि विषै तौ असत्यार्थ पद कैसैं गूंथे जाय॥ अर अन्य आचार्यादिक ग्रंथ वा
बनावै है ते भी यथायोग्य सम्यग्ज्ञान के धारक है॥ बहुरि ते तिनि मूल ग्रंथनिका परंपरा करि ग्रंथ बना
वै है॥ बहुरि जिनि पदनिका आपकौं ज्ञान न होइ तिनिकी तौ आप रचना करै नांही॥ अर जिनि पदनिका
ज्ञान होइ तिनिकौं सम्यग्ज्ञान प्रमाणतैं ठीक करि गूंथै है॥ सो प्रथम तौ ऐसी सावधानी विषै असत्यार्थ प
द गूंथे जाय नहीं अर कदाचित आपकौं पूर्व ग्रंथनिके पदनिका अर्थ अन्यथा ही भासै॥ अर अपने प्रमा
णता मैं भी तैसें ही आय जाय तौ याका किछू सारा नांही॥ परंतु ऐसैं कोईकौं भासै सब हीकौं तौ न भासै॥
तातैं जिनकौं सत्यार्थ भास्या होइ ते ताका निषेध करि परंपरा चलने देते नांही॥ बहुरि इतनां जा
ननां॥ जिनिकौं अन्यथा जानें जीवका बुरा होइ॥ ऐसा देव गुरु धर्मादिक वा जीव अजीवादिक तत्वनिकौं तौ
श्रद्धानी जैनी अन्यथा जानैं ही नांही॥ इनिका तौ जैन शास्त्रनि विषै प्रसिद्ध कथन है॥ अर जिनकौं भ्रम
करि अन्यथा जानैं भी जिन आज्ञा माननेतैं जीवका बुरा न होइ॥ ऐसे कोई सूक्ष्म अर्थ है तिनि विषै
किसीकौं कोई अन्यथा प्रमाणता मैं ल्यावै तौ भी ताका विशेष दोष नांही॥ सो गोमटसार विषै कह्या
है॥ गाथा॥ सम्माइट्ठी जीवो उवइट्ठं पवयणं तु सद्दहदि॥ सद्दहदि असब्भावं अजाणमाणो गुरुणियोगा॥१॥ याका
अर्थ॥ सम्यग्दृष्टी जीव उपदेश्या सत्य वचनकौं श्रद्धान करै है॥ अर अजाणमाण गुरुके नियोगतैं असत्यकौं
भी श्रद्धान करै है ऐसा कह्या है॥ बहुरि हमारै भी विशेष ज्ञान नांही है॥ अर जिन आज्ञा भंग करनेका व

तम पद है॥ परंतु ऐसा ही विचार केवल तैं ग्रंथ करने का तो साहस करते हैं सो इस ग्रंथ विषैं जैसें पूर्व ग्रंथनि
विषैं वर्नन है तैसें ही वर्णन करैंगे अथवा कहीं पूर्व ~~ग्रंथनि विषैं केवल तैं ग्रंथ करने का साहस करते हैं सो इस~~
~~ग्रंथ विषैं जैसें पूर्व~~ ग्रंथनि विषैं सामान्य गूढ वर्नन था ताका विशेष प्रगट करि वर्णन इहां करैंगे सो ऐसें वर्न
न करने विषैं मैं तौ बहुत सावधानी राखौंगा॥ सावधानी करतैं भी कहीं सूक्ष्म अर्थ का अन्यथा वर्नन होय जा
इ तौ विशेष बुद्धिवान होंइ ते संवारि करि शुद्ध करियो॥ यहु मेरी प्रार्थना है॥ ऐसें शास्त्र करने का नि
श्चय कीया है॥ अब इहां कैसे शास्त्र बांचने सुनने योग्य है॥ अर तिन शास्त्रनि के वक्ता श्रोता कैसे चाहिए
सो वर्णन करिए है॥ जे शास्त्र मोक्षमार्ग का प्रकाश करैं तेई शास्त्र बांचने सुनने योग्य है॥ जातैं जीव सं
सार विषैं नाना दुःखनि करि पीडित है॥ सो शास्त्ररूपी दीपक करि मोक्षमार्ग कों पावैं तौ उस मार्ग वि
षैं आप गमन करि उन दुःखनितैं मुक्त होइ॥ सो मोक्षमार्ग एक वीतराग भाव है॥ तातैं जिन शास्त्रनि
विषैं काहू प्रकार राग द्वेष मोह भावनि का निषेध करि वीतराग भाव का प्रयोजन प्रगट कीया होइ तिनि
ही शास्त्रनि का बांचना सुनना उचित है॥ बहुरि जिन शास्त्रनि विषैं शृंगार भोग कुतूहलादिक पो
षि रागभाव का अर हिंसा युद्धादिक पोषि द्वेषभाव का अर अतत्वश्रद्धान पोषि मोह भाव का प्रयो
जन प्रगट कीया होइ ते शास्त्र नाहीं शस्त्र हैं॥ जातैं जिनि राग द्वेष मोह भावनि करि जीव अनादि
तैं दुःखी भया तिनि की वासना जीव कै बिना सिखाई ही थी बहुरि इनि शास्त्रनि करि तिनि ही का पोषण

णाकी घातले होनेकी कहा मिथ्यादृष्टी जीवका स्वभाव घातही कीया॥ तातें ऐसे शास्त्रनिका बाचनां सुननां उचित नां
ही है॥ इहां बांचनां सुननां जैसें कह्या तैसें ही जोडना सीषनां सिषावनां विचारनां लिषावनां आदि कार्य भी उपलक्षण करि
जान लैनें॥ ऐसें साक्षात वा परंपराय करि वीतराग भाव कौं पोषै ऐसे सास्त्र ही का अभ्यास करनें योग्य है॥ अब इनि
के वक्ता का स्वरूप कहिए है प्रथम तौ वक्ता कैसा चाहिए जो जैन श्रद्धान विषै दृढ होइ॥ जातें जो आप अश्रद्धानी हो
इ तौ औरकौं श्रद्धानी कैसें करै॥ श्रोता तौ आपही तैं हीन बुद्धि के धारक हैं तिनिकौं कोउ युक्ति करि श्रद्धानी कैसें करै
अर श्रद्धान ही सर्व धर्म का मूल है॥ बहुरि वक्ता कैसा चाहिए जाकै विद्याभ्यास करनें तैं शास्त्र बांचनें योग्य बु
द्धि प्रगट भई होइ॥ जातें ऐसी शक्ति विनां वक्तापनेका अधिकारी कैसें होइ॥ बहुरि वक्ता कैसा चाहिए जो स
म्यग्ज्ञान करि सर्व प्रकार के व्यवहार नि श्चयादि रूप व्याख्यान का अभिप्राय पहचानता होइ॥ जातें जो
ऐसा न होइ तौ कहीं अन्य प्रयोजन लि व्याख्यान होइ ताका अन्य प्रयोजन प्रगट करि विपरीत प्रवृत्ति
करावै॥ बहुरि वक्ता कैसा चाहिए जाकै जिनआज्ञा भंग करनें का भय बहुत होइ॥ जातें जो ऐसा न होइ तौ को
६ ई अभिप्राय विचारि सूत्र विरुद्ध उपदेश देइ जीवनिका बुरा करै॥ सोई कह्या है॥ बहुगुणविज्जाणिलओ असुत्त
भासी तहा वि मुत्तव्वो जह वरमणिजुत्तो वि हु विग्घयरो लोए॥१॥ याका अर्थ॥ जो बहुत क्षमादिक गुण अर
व्याकरणादि विद्या का स्थान है तथापि उत्सूत्र भाषी है तौ छोडनें योग्य है॥ जैसें उत्कृष्ट मणि संयुक्त है
तौ भी सर्प है सो लोक विषै विघ्नही का करणहारा है॥ बहुरि वक्ता कैसा चाहिए जाकै शास्त्र बांचि आजीव

विसहरो

काव्यादि लौकिक कार्य साधनेंकी इछा न होइ॥ जातैं जो आसावान होइ तौ यथार्थ उपदेश देइ सकै नांही॥ व
कै तौ किछू श्रोतानिका अभिप्रायकै अनुसारि व्याख्यान करि अपनें प्रयोजन साधनेंही का साधन रहै॥ अर श्रो
तानितैं वक्ताका पद ऊंचा है परि वक्ता लोभी होइ तौ वक्ता आप हीन होइ जाइ श्रोता ऊंचे होइ॥ बहुरि वक्ताकै
साचाहिए जाकै तीव्र क्रोध मान न होइ॥ जातैं तीव्र क्रोधी मांनी की निंदा होइ श्रोता तिस तैं डरते रहैं तब ति
सतैं अपना हित कैसैं करै॥ बहुरि वक्ताकै साचाहिए जो आपही नाना प्रश्न उठाय आपही उत्तर करै अथवा
अन्य जीव अनेक प्रकार करि बहुत बार प्रश्न करै॥ तौ मिष्ट वचन करि जैसैं उनका संदेह दूरि होइ तैसैं समा
धान करै जो आपकै उत्तर देनेंकी सामर्थ्य न होइ तौ याकै मैं याका ज्ञान नांही। जातैं जो ऐसा न होइ
तौ श्रोतानिका संदेह दूरि न होइ। तब कल्याण कैसैं होइ अर जिनमतकी प्रभावना होय सकै नांही॥ बहु
रि वक्ताकै साचाहिए जाकै अनीतिरूप लोकनिंद्य कार्यनिकी प्रवृत्ति न होइ जातैं लोकनिंद्य कार्यनि
करि हास्यका स्थान होइ जाइ तब ताका वचनकौं न प्रमान करै जिनधर्मकौं लजावै॥ बहुरि वक्ताकै
साचाहिए जाका कुल हीन न होइ अंगहीन न होइ स्वरभंग न होइ मिष्ट वचन होइ प्रभुत्व होइ तातैं लोक
विषै मान्य होय॥ जातैं ऐसा न होइ तौ ताकौं वक्तापनांकी महंतता शोभै नांही॥ ऐसा वक्ता होइ वक्तावि
षै ए गुण तौ [illegible] अवस्य चाहिए॥ सो ही आत्मानुशासन विषै कह्या है॥ ७॥ प्राज्ञः प्राप्तसमस्तशा
स्त्रहृदयः प्रव्यक्तलोकस्थितिः प्रास्ताशः प्रति स्पष्टमिष्टाक्षरः॥१॥ याका अर्थ॥ बुद्धिवान होइ

१ परः प्रशमवान्प्रागेवदृष्टोत्तरः प्रायः प्रश्नस
हः प्रभुः परमनोहारी परानिंदया। ब्रूयाधर्मकथां गणी गुणनि
धीः प्र

जानैं समस्त शास्त्रनिका रहस्य पाया होइ॥ लोकमर्यादा जाकै प्रगट भई होइ॥ ऐसा जाकै अति भई होई कांति
मान होइ॥ उपशमी होइ॥ प्रश्न कीएं पहलैं ही जानैं उत्तर देया होइ वाकै लघुपनै प्रश्नका सहनहारा होइ प्रग
होइ॥ परकी वा परिकरि आपकी निंदा रहितपनां करि परमनका हरनहारा होइ॥ गुणनिधान होइ स्पष्ट
मिष्ट जाकै वचन होइ ऐसा सभानायक धर्मकथा कहै॥ ॥बहुरि वक्ताका विशेष लक्षण ऐसा है जो
याकै व्याकरण न्यायादिक वा बडे बडे जैन शास्त्रनिका विशेषज्ञान होय तौ विशेषपनैं ताकौं वक्तापनौं शो
भै॥ बहुरि ऐसा भी होइ अध्यात्मरस करि यथार्थ आपने स्वरूपका अनुभवन जाकै न भया होइ सो जि
नधर्मका मरम जानैं नाहीं पद्धतिही करि वक्ता होइ है। अध्यात्मरसमय सांचा जिनधर्मका स्वरूप वाकरि कैसैं प्र
गट कीया जाय। तातैं आत्मज्ञानी होइ तौ सांचा वक्तापनौं होइ॥ जातैं प्रवचनसार विषैं ऐसा कह्या है। आ
गमज्ञान तत्त्वार्थश्रद्धान संयमभाव एतीनौं आत्मज्ञान करि शून्य कार्यकारी नांही॥ बहुरि दोहापा
हुडविषैं ऐसा कह्या है॥ ॥पंडियपंडियपंडिया कण छोडि वितुस कंडिया॥ अत्थगंत्थे तुट्ठोसि प
रमत्थ न जाणइ मूढोसि॥१॥ याका अर्थः॥ हे पांडे हे पांडे तैं कण छाडि तुस ही कूट्या। तू अर्थ अर शब्द
विषैं संतुष्ट है॥ परमार्थ न जानै है। तातैं तू मूर्ख ही है॥१॥ ऐसा कह्या है॥ अर चौदह विद्यानि विषैं भी प
हलैं अध्यात्मविद्या प्रधान कही है तातैं अध्यात्मरसका रसिया वक्ता है सो जिनधर्मका रहस्यका
वक्ता जानना। बहुरि जे बुद्धि ऋद्धिके धारक हैं वा अवधि मनःपर्ययके केवलज्ञानके धनी वक्ता हैं

बहुत न न्या है हो। अर न मिलै तौ २

तिस महान वक्ता जाननें। ऐसें वक्तानिके विशेष गुन जाननें॥ सो इन विशेष गुननिका धारी वक्ताका संयोग मि
लै तौ भ्रद्धानादिक गुणनिके धारी वक्तानिही के मुखतैं सास्त्र सुननां। या प्रकार गुनके धारी मुनि वा श्रावक
तिनके मुखतैं तौ सास्त्र सुननां योग्य है॥ अर पद्धति बुद्धि करि वा सास्त्र सुननेंके लोभ करि श्रद्धानादि गुण
रहित पापी पुरुषनिके मुखतैं सास्त्र सुननां उचित नांही॥ उक्तं च॥ तं जिणआणपरेण। धम्मो सोयव्व
सुगुरुपासम्मि॥ अह उचिओ सद्दहाउ तस्सुवएसस्स कहगाउ॥ २॥ याका अर्थः॥ जो जिनआज्ञा माननेविषै
सावधान है॥ ताकरि निर्ग्रंथ सुगुरु ही के निकटि धर्म सुननां योग्य है॥ अथवा तिस सुगुरु ही के उपदेशका
कहनेहारा उचित श्रद्धानी श्रावक तातैं धर्म सुननां योग्य है॥ ऐसा जो वक्ता धर्मबुधी करि उपदेशदाता
होइ सो ही अपनां अर अन्य जीवनिकौं स्वरूप करै है॥ भला होनहार है तातैं जिस जीवकै ऐसा विचार आवै
मैं कौन हौं। मेरा कहा स्वरूप है॥ यह चारित्र कैसें बनि रह्या है॥ ए मेरे भाव हो है तिनका कहा फल लागैगा॥
जीव दुखी होइ रह्या है सो दुख दूरि होनेंका कहा उपाय है॥ मुझकौ इतनी बातनिका ठीक करि किछू मेरा
हित होय सो करनां॥ ऐसा विचारतैं उद्यमवंत भया है॥ बहुरि इस कार्यकी सिद्धि सास्त्र सुननेतैं हो
ती जांनि अतिप्रीति करि सास्त्र सुनै है। किछू पूछनां होइ सो पूछै है। बहुरि गुरुनि कह्या अर्थकौं अं
तरंग विषै बारंबार विचारै है। बहुरि अपने विचारतैं सत्य अर्थनिका निश्चय करि जो कर्त्त
व्य होइ ताका उद्यमी होइ है। ऐसा तौ नवीन श्रोताका स्वरूप जाननां। बहुरि जो जैन धर्मके गाढ श्रद्धा
नी हैं अर नाना सास्त्र सुननेंकरि जिनकी बुद्धि निर्मल भई है। अर व्यवहार निश्चयादिकका स्वरूप नीकैं जाननें करि जिस अर्थकौं सुनैं है ताकौं
जैसाका तैसा निश्चय जानि अवधारै है। अर जो कछू जाय बुद्धि करि उपदेश दे है। सो अपनां अर अन्य जीवनिका बुरा करै है। ऐसें जाननां। ऐसैं व
स्वरूप कह्या। अब श्रोताका

सुनैं हैं ताकौं यथावत निश्चै जानि ×

नीक अर नाना शास्त्र सुननें करि जिनकी बुद्धि निर्मल भई है। बहुरि व्यवहार निश्चयादिक का स्वरूप
नीकैं जानि जिस अर्थ कौं [redacted] अवधारैं हैं। बहुरि जब प्रश्न उपजै है तब अति विनयवान होय
प्रश्न करै है। अथवा परस्पर अनेक प्रश्नोत्तर करि वस्तु का निर्णय करै है। शास्त्राभ्यास विषै अतिआ
सक्त है। धर्मबुद्धि करि निंद्य कार्यनि के त्यागी भए हैं। ऐसे तिन शास्त्रनि के श्रोता चाहिए। बहुरि श्रो
तानि के विशेष लक्षण ऐसे हैं जो याकै किछू व्याकरण न्यायादिक का वा बडे जैन शास्त्रनि का ज्ञा
न होइ तौ श्रोतापनौं विशेष सोहै। बहुरि ऐसा भी श्रोता होइ अर वाकै आत्मज्ञान न भया होइ तौ
उपदेश का मरम समझि सकै नांही तातैं आत्मज्ञान करि जो स्वरूप का आस्वादी भया है सो। जिनध
र्म के रहस्य का श्रोता है। बहुरि अतिशयवंत बुद्धि करि वा अवधि मनःपर्यय करि संयुक्त होइ तौ व
ह महान श्रोता जाननां। ऐसे श्रोतानि के विशेष गुण हैं। ऐसे जिन शास्त्रनि के श्रोता चाहिए। बहुरि शास्त्र
सुननें तैं हमारा भला होगा ऐसी बुद्धि करि जो शास्त्र सुनै है परंतु ज्ञान की मंदता करि विशेष समझै नांही ति
नकै पुन्यबंध होय है विशेष कार्य सिद्धि होता नांही। बहुरि जे कुलप्रवृत्ति करि वा पद्धति बुधि करि वा सहज
जोग बननें करि शास्त्र सुनैं हैं वा सुनैं तौ है परंतु किछू अवधारण करते नांही तिनकै परिणाम अनुसार क
दाचित पुन्यबंध होय है कदाचित पापबंध होय है। बहुरि जे मद मत्सर भाव करि शास्त्र सुनै है वा तर्क करनें ही का
जिनका अभिप्राय है। बहुरि जे महंतता के अर्थि वा किसी लोभादिक का प्रयोजन के अर्थि शास्त्र सुनै है। बहुरि जे

सास्त्र तौ घने हैं परंतु सुहावता नांही। ऐसे श्रोतानि कै बहु पाप बंध होहै। ऐसा श्रोतनि का स्वरूप जाननां। ऐसैं ही
यथासंभव सीखनां सिखावनां आदि जिनितैं पाईए तिनिका भी स्वरूप जाननां। या प्रकार सास्त्र का अर वक्ता श्रोता का
स्वरूप कह्या। सो उचित सास्त्र कौं उचित वक्ता होइ बांचनां। उचित श्रोता होइ सुननां योग्य है। अब यहु मोक्षमार्गप्र
काशक नाम सास्त्र रचिए है ताका सार्थकपनां दिखाईए है। इस संसार अटवी विषै समस्त जीव हैं ते कर्मनिमित्त तैं नि
पजे जे नाना प्रकार दुःख तिनि करि पीडित होइ रहे हैं। बहुरि तहां मिथ्या अंधकार व्याप्त होइ रह्या है ताकरि तहां तैं मु
क्त होने का मार्ग पावते नांही। तडफि तडफि तहां ही दुःख कौं सहै हैं। बहुरि ऐसे जीवनि का भला होने कौं कारण तीर्थं
कर केवली भगवान सो ई भया सूर्य ताका उदय भया ताकी दिव्यधुनि रूपी किरणनि करि तहां तैं मुक्त होने का मार्ग
प्रकाशित कीया। जैसें सूर्य कै ऐसी इच्छा नांही जो मैं मार्ग प्रकाशौं परंतु सहज ही वाकी किरण फैले है ताकरि मा
र्ग का प्रकाश होहै। जैसें केवली वीतराग है तातैं ताकै ऐसी इच्छा नांही जो हम मोक्षमार्ग प्रगट करैं। परंतु सहज ही
तैसें ही अघाति कर्मनि का उदय करि तिनिका शरीर रूप पुद्गल दिव्यधुनि रूप परिणमै है। ताकरि मोक्षमा
र्ग का प्रकाश होहै। बहुरि गणधर देवनि कै यहु विचार आया जहां केवली सूर्य का अस्तपनां होइ तहां मोक्षमार्ग [illegible] जीव कू
कौं कैसें पावै। अर मोक्षमार्ग पाए बिनां जीव दुःख सहैंगे। ऐसी करुणाबुद्धि करि अंगप्रकीर्णकादि रूप ग्रंथ तेई
भए महान दीपक तिनका उद्योत कीया। बहुरि जैसें दीपक करि दीपक जोवने तैं दीपकनि की परंपरा वर्तै है
[illegible] तैसें किसी आचार्यादिकनि करि तिनि ग्रंथनि तैं अन्य ग्रंथ बनाए। बहुरि तिनि हू तैं किनहू अन्य

मोक्षमा ग्रंथ बनाए। ऐसे ग्रंथ होने तैं ग्रंथनिकी परंपरा वर्तै है। मैं भी पूर्व ग्रंथनितें इस ग्रंथकौं बनावौ हौं।। बहुरि जैसैं सूर्य
१२ वा सर्व दीपक हैं ते मार्गकौं एकरूप ही प्रकाशै हैं।। तैसें दिव्यध्वनि वा सर्व ग्रंथ हैं ते मोक्षमार्गकौं एकरूप ही प्रकाशै
हैं।। सो यहु भी ग्रंथ मोक्षमार्गकौं प्रकाशै है। बहुरि जैसैं प्रकाशैं भी नेत्ररहित वा नेत्रविकारसहित पुरुष हैं तिनिकौं मा
र्ग सूझता नांही।। तौ दीपकके तौ मार्गप्रकाशकपनेका अभाव भया नांही।। तैसैं प्रगट कीए भी जे मनुष्य ज्ञानरहित हैं वा मिथ्या
त्वादि विकारसहित हैं तिनकौं मोक्षमार्ग सूझता नांही।। तौ ग्रंथकै तौ मोक्षमार्गप्रकाशकपनेका अभाव भया नांही।।
ऐसैं इस ग्रंथका मोक्षमार्गप्रकाशक ऐसा नाम सार्थक जानना।। इहां प्रश्न जो मोक्षमार्गके प्रकाशक ग्रंथ पूर्व तौ थे ही
तुम नवीन ग्रंथ काहेकौं बनावौ हौ।। ताका समाधान।। जैसैं बड़े दीपकनिका तौ उद्योत बहुत तैलादिकका साधनतैं र
है है।। जिनकै बहुत तैलादिककी शक्ति न होइ तिनिकौं स्तोक दीपक जोइ दीजिए तौ वे तिसका साधन राखि ताके उद्योततैं अप
ना कार्य करैं। तैसें बड़े ग्रंथनिका तौ प्रकाश बहुत ज्ञानादिकका साधनतैं रहै है। जिनकै बहुत ज्ञानादिककी शक्ति नांही तिनि
कौं स्तोक ग्रंथ बनाय दीजिए तौ वे वाका साधन राखि ताके प्रकाशतैं अपना कार्य करै। तातैं यहु स्तोक सुगम ग्रंथ बनाइए
है।। बहुरि इहां जो मैं यहु ग्रंथ बनावौ हौं सो कषायनितैं अपना मान बधावनेकौं वा [illegible] लोभ साधनेकौं वा यश होनेकौं वा अप
नी पद्धति राखनेकौं नांही बनावौ हौं। जिनिकै व्याकरण न्यायादिकका वा नय प्रमाणादिकका वा विशेष अर्थनिका ज्ञा
कैवडे न नांही तातैं तिनै ग्रंथनिका अभ्यास तौ बनि सकै नांही। बहुरि कोई छोटे ग्रंथनिका अभ्यास बनैं तौ भी यथार्थ भासै अर्थः
नांही।। ऐसैं इस समय विषै मंदज्ञानवान जीव बहुत देखे तिनिका भला होनेकै अर्थि धर्मबुद्धितैं यहु भाषामय ग्रंथ बना

अहसुहडा भवभयविहूणा॥ स्वाधीन उपदेशदाता गुरुका जोग जुरैं भी जे जीव धर्मवचननिकौं नाहीं सुनै हैं ते धीठ है। अर उन दुष्टचित्त है

कै है। बहुरि जैसैं बडे दरिद्रीकौं अवलोकनमात्र चिंतामणिकी प्राप्ति होइ अर वह न अवलोकै। बहुरि जैसैं कोढीकौं
अमृतपान करावै अर वह न करै तैसैं संसारपीडित जीवकौं सुगम मोक्षमार्गके उपदेशका निमित्त बनै अर वह अभ्या
स न करै तौ वाकै अभाग्यकी महिमा हमतैं तौ होय सकै नाहीं वाका होनहारहीकौं विचारैं अपनैं समता आवै। उक्तं च। सा
हीणे गुरुजोगे जे ण सुणंतीह धम्मवयणाइ। ते धिट्ठदुट्ठचित्ता अथवा जिस संसारभयतैं तीर्थंकरादिक डरे तिस संसा
रभयकरि रहित हैं ते बडे सुभट हैं। बहुरि प्रवचनसार विषैं भी मोक्षमार्गका अधिकार कीया तहां प्रथम आगमज्ञान ही
उपादेय कह्या सो इस जीवका तौ मुख्य कर्तव्य आगमज्ञान है। याकौं होतैं तत्त्वनिका श्रद्धान हो है तत्त्वनिका श्रद्धान

प्रथम

भएं संयमभाव हो है अर तिस आगमतैं आत्मज्ञानकी भी प्राप्ति हो है तब सहज ही मोक्षकी प्राप्ति हो है। बहुरि धर्मके अ
नेक अंग हैं तिनिविषैं एक ध्यान बिना यातैं ऊंचा और धर्मका अंग नाहीं है। तातैं जिस तिस प्रकार आगम अभ्यास करना
जोग्य है। बहुरि इस ग्रंथका तौ बांचना सुनना विचारना घना सुगम है। कोऊ व्याकरणादिकका भी साधन न चाहि
ए। तातैं अवश्य याका अभ्यासविषैं प्रवर्तौ तुम्हारा कल्याण होयगा॥ इति मोक्षमार्गप्रकाशक नाम शास्त्रविषैं पीठबंधप्र
रूपक प्रथम अधिकार समाप्त भया॥ ॥१॥ दोहा॥ मिथ्याभाव अभावतैं। जो प्रगटै निजभाव। सो जयवंत रहौ सदा यह
ही मोक्ष उपाव॥ अथ इस शास्त्रविषैं मोक्षमार्गका प्रकाश करिए है। तहां बंधनतैं छूटनेका नाम मोक्ष है। सो इ
स आत्माकै कर्मका बंधन है बहुरि तिस बंधनकरि आत्मा दुखी होइ रह्या है। बहुरि याकै दुख दूरि करनेहीका निरंतर
उपाय भी रहै है। परंतु सांचा उपाय पाए बिना दुख दूरि होता नांही॥ अर दुख सह्या भी जाता नांही तातैं यहु जीव व्याकुल होइ रह्या है॥

मो

ऐसें जीवकौं समस्त दुःखका मूलकारन कर्मबंधन है ताका अभावरूप मोक्ष है सोही परम हित है। बहुरि याका सांचा उपा
य करनां सोही कर्तव्य है॥ तातैं इसहीका याकौं उपदेश दीजिए है। तहां जैसैं वैद्य है सो रोगसहित मनुष्यकौं प्रथम तौ रोग
का निदान बतावै ऐसैं यहु रोग भया है॥ बहुरि उस रोगके निमित्ततैं याकै जो जो अवस्था होती होइ सो बतावै ताकरि
वाकै निश्चय होइ जो मेरै ऐसैं ही रोग है। बहुरि तिस रोगके दूरि करनेका उपाय अनेक प्रकार बतावै अर तिस उ
पायकी ताकौं प्रतीति अनावै इतना तौ वैद्यका बतावनां है बहुरि जो वह रोगी ताका साधन करै तौ रोगतैं मुक्त होइ अपनां
स्वभावरूप प्रवर्तै सो यह रोगीका कर्तव्य है तैसैं ही इहां कर्मबंधनयुक्त जीवकौं प्रथम तौ कर्मबंधनका निदान बता
इए है॥ ऐसैं यहु कर्मबंधन भया है बहुरि उस कर्मबंधके निमित्ततैं याकै जो जो अवस्था होती है सो सो बताइए है ताकरि जीवकै निश्चय
होइ जो मेरै ऐसैं ही कर्मबंधन है। बहुरि तिस कर्मबंधनके दूरि होनेकौं उपाय अनेक प्रकार बताइए है। अर तिस उपायकी
याकौं प्रतीति अनाइए है इतना तौ शास्त्रका उपदेश है॥ बहुरि यहु जीव ताका साधन करै तौ कर्मबंधनतैं मुक्त होइ अपनां स्वभा भाव
प्रवर्तै सो यहु जीवका कर्तव्य है। सो इहां प्रथम ही कर्मबंधनका निदान बताइए है। बहुरि कर्मबंधन होतैं नाना औपाधिक भावनिवि
षै परिभ्रमणपनौं पाइए है एकरूप रहनौं न हो है तातैं कर्मबंधनसहित अवस्थाका नाम संसार अवस्था है। सो इस संसार अवस्था
विषै अनंतानंत जीवद्रव्य हैं ते अनादिहीतैं कर्मबंधनसहित हैं। ऐसा नाहीं है। जो पहलैं जीव न्यारा था पीछैं इनका संयोग भया अर कर्म न्यारा था।
तौ कैसैं है जैसैं मेरुगिरि आदि अकृत्रिम स्कंधनिविषै अनंते पुद्गलपरमाणु अनादितैं एकबंधनरूप है। पीछैं तिनिमैं केई परमा
णु भिन्न हो हैं केई नए मिलै हैं ऐसैं मिलनां विछुरनां हूवा करै है॥ तैसैं इस संसारविषै एक जीवद्रव्य अर अनंते कर्मरूप पुद्ग

नपरमाणु तिनिका अनादि तैं एक बंधनरूप है। पीछें तिनमैं केई कर्मपरमाणु भिन्न हो हैं केई नये मिलै हैं। ऐसैं मिलना बिछुरना हु
वा करै है। बहुरि इहां प्रश्न जो पुद्गलपरमाणु तौ रागादिक के निमित्त तैं कर्मरूप हो है अनादि कर्मरूप कैसैं हैं। ताका समाधान नि
मित्त तौ नवीन कार्य होइ तिस विषै ही संभवै है। अनादि अवस्था विषै निमित्त का किछू प्रयोजन नाहीं। जैसैं नवीन पुद्गलपरमाणूनि का बं
धान तौ स्निग्ध रूक्ष गुण के अंश निकरि हो है। अर मेरुगिरि आदि स्कंधनि विषै अनादि पुद्गल
परमाणूनि का बंधान है तहां निमित्त का कहा प्रयोजन है। तैसैं नवीन परमाणूनि का कर्मरूप होना तौ रागादिकनि करि ही है।
अर अनादि पुद्गलपरमाणूनि की कर्मरूप ही अवस्था है। तहां निमित्त का कहा प्रयोजन है। बहुरि जो अनादि विषै भी निमित्त मा
निए तौ अनादिपना रहै नाहीं। तातैं कर्म का बंध अनादि मानना। सो तत्त्वप्रदीपिका प्रवचनसार शास्त्र की व्याख्या विषै जो सामान्यज्ञे
याधिकार है तहां कह्या है। रागादिक का कारण तौ द्रव्यकर्म है अर द्रव्यकर्म का कारण रागादिक है। तब उहां तर्क करी जो ऐसैं इ
तरेतराश्रय दोष लागै। वह वाकै आश्रय वह वाकै आश्रय कहीं थंभाव नाहीं। तब उत्तर ऐसा दीया है। नैवं अनादिप्रसिद्धद्रव्यकर्मसंबंधस्य
तत्र हेतुत्वेनोपादानात्। याका अर्थ। ऐसैं इतरेतराश्रय दोष नाहीं है। जातैं अनादि का स्वयंसिद्ध द्रव्यकर्म का संबंध है ताका त
हां कारणपनाकरि ग्रहण कीया है। ऐसैं आगम मैं कह्या है बहुरि युक्ति तैं भी ऐसैं ही संभवै है। जो कर्म निमित्त बिना पह
लैं जीव कै रागादिक कहिए तौ रागादिक जीव का एक स्वभाव होइ जाइ। जातैं पर निमित्त बिना होइ ताही का नाम स्वभाव है। तातैं क
र्म का संबंध अनादि ही मानना। बहुरि इहां प्रश्न जो न्यारे न्यारे द्रव्य अर अनादि तैं तिनिका संबंध ऐसैं कैसैं संभवै। ताका समाधान
जैसैं मूल ही तैं जल दूध का वा सोना किट्टिक का वा तुष कण का वा तेल तिल का संबंध देखिए है। नवीन इनिका मिलाप भया नाहीं।

६ वह वाके आश्रय

तातैं अनादिहीस्यों जीव कर्मका संबंध जानना। नवीन इनका मिलाप भया नांही।

नै बहुरि तुम कहौगे कैसैं मनवैं अनादितैं जैसैं केई जुदे द्रव्य हैं तैसें केई मिले द्रव्य हैं इस संभवनें विषै किछु विरोध तौ भासता
नांही। बहुरि प्रश्न जो संबंध वा संयोग कहना तौ तब संभवै जब पहलैं जुदे होइ पीछैं मिलैं इहां अनादि मिले जीव कर्म-
निका संबंध कैसैं कह्या है। ताका समाधान अनादितैं तौ मिले थे परंतु पीछैं जुदे भए तब जान्यां जुदे थे तौ जुदे भए
तातैं पहलैं भी भिन्न ही थे ऐसैं अनुमान करिवाकै वा केवलज्ञानकरि प्रत्यक्ष भिन्न भासै है तिस करि तिनका बंधान होतैं भी भिन्नपनां
पाइए है ताहि रीति भिन्नता की अपेक्षा तिनका संबंध वा संयोग कह्या है। जातैं नए मिलौ वा मिले ही हो जु भिन्न द्रव्यनिका मिलाप
विषै ऐसैं ही कहना संभवै है। ऐसैं इनि जीव कर्मनिका अनादि संबंध है तहां जीव द्रव्य तौ देखनें जाननें रूप चैतना गुणका धारक है।
अर इंद्रियगम्य होनें योग्य अमूर्तीक है। संकोच विस्तार शक्तिकौं लीए असंख्यातप्रदेशी एक द्रव्य है। बहुरि कर्म है सो चेतनागुण र-
हित जड है अर मूर्तीक है। अनंत पुद्गलपरमाणूनिका पिंड है तातैं एकद्रव्य नांही है। ऐसैं जीव अर कर्म हैं सो इनका अनादि संबंध है तौ
भी जीवका कोई प्रदेश कर्मरूप न होइ है। अर कर्मका कोई परमाणु जीवरूप न होइ है। अपनें अपनें लक्षणकौं धरैं जुदे जुदे ही रहै हैं।
जैसैं सोना रूपाका एक स्कंध होइ तथापि पीततादि गुणनिकौं धरैं सोना जुदा रहै है। स्वेततादि गुणनिकौं धरैं रूपा जुदा रहै है तैसैं जुदे
जाननें। इहां प्रश्न जो मूर्तीक मूर्तीकका तौ बंधान होना बनै। अमूर्तीक मूर्तीकका बंधान कैसैं बनै। ताका समाधान। जैसैं व्यक्त इंद्रियगम्य
नांही ऐसे सूक्ष्मपुद्गल अर व्यक्त इंद्रियगम्य है ऐसे स्थूल पुद्गल तिनिका बंधान होना मांनिए है तैसैं इंद्रियगम्य होनें योग्य नांही
ऐसा अमूर्तीक आत्मा अर इंद्रियगम्य होनें योग मूर्तीक कर्म इनका भी बंधान होना माननां। बहुरि इस बंधान विषै कोऊ किसीकौं
नौ करै है नांही। यावत् बंधान रहै तावत् साथि रहैं बिछुरैं नांही। अर कारणकार्यपनां तिनिकै बन्या रहै। इतना ही इहां बंधान जाननां।

तामूर्तीक अमूर्तीक कै ऐसे बंधान होने विषै किछू विरोध है नांही। या प्रकार जैसैं एक जीव कै अनादि कर्म संबंध कह्या तैसैं ही जुदा जुदा अनंत जीवनि कै जाननां। बहुरि सो कर्म ज्ञानावरणादि भेदनि करि आठ प्रकार है। तहां च्यारि घातिया कर्मनि के निमित्त तैं तौ जीव के स्वभाव का घात हो है॥ तहां ज्ञानावरण दर्शनावरण करि तौ जीव के स्वभाव दर्शन ज्ञान तिन की व्यक्तता नांही हो है तिनि कर्मनि का क्षयोपशम कै अनुसारि किंचित ज्ञान दर्शन की व्यक्तता रहै है। बहुरि मोहनीय करि जीव कै स्वभाव नांही ऐसे मिथ्याश्रद्धान वा क्रोध मान माया लोभादिक कषाय तिनि की व्यक्तता हो है। बहुरि अंतराय करि जीव का स्वभाव दीक्षा लेने की समर्थता रूप वीर्य ताकी व्यक्तता न हो है। ताका क्षयोपशम कै अनुसार किंचित शक्ति हो है। ऐसे घातिकर्मनि के निमित्त तैं जीव के स्वभाव का घात अनादि ही तैं भया है। ऐसैं नांही जो पहलै तौ स्वभावरूप शुद्ध आत्मा था पीछैं कर्मनिमित्त तैं स्वभाव घात होने करि अशुद्ध भया। इहां तर्क— जो घात नाम तौ अभाव का है। सो जाका पहलैं सद्भाव होइ ताका अभाव कहनां बनै। इहां स्वभाव का तौ सद्भाव है ही नांही घात किस का कीया। ताका समाधान— जीव विषै अनादि ही तैं ऐसी शक्ति पाईए है जो कर्म का निमित्त न होइ तौ केवलज्ञानादि अपने स्वभावरूप प्रवर्तै परंतु अनादि ही तैं कर्म का संबंध पाइए है। तातैं तिस शक्ति का व्यक्तपनां न भया। सो शक्ति अपेक्षा स्वभाव है ताका व्यक्त न होने देने की अपेक्षा घात कीया कहिए है। बहुरि च्यारि अघातिया कर्म हैं तिनि के निमित्त तैं इस आत्मा के बाह्य सामग्री का संबंध बनै है। तहां वेदनीय करि तौ शरीर विषै वा शरीर तैं बाह्य नाना प्रकार सुख दुख कौं कारण परद्रव्यनि का संयोग जुरै है॥ अर आयु करि अपनी स्थिति पर्यंत पाया शरीर का [illegible] संबंध नांही छूटि सकै है। अर नाम करि गति जाति शरीरादिक निपजै है। अर गोत्र करि ऊंचा नीचा कुल की प्राप्ति हो है। ऐसे अघाति कर्मनि करि बाह्य सामग्री भेली हो है। ताकरि मोह उदय का सहकार होतैं जीव सुखी दुखी हो है। अर शरीरादिकनि के संबंध तैं जीव के अमूर्तत्वादि स्वभाव अप

नेंस्वार्थकोंनांहीकरैहै।जैसेंकोऊशरीरकोंपकरैतौआत्मानींपकस्यानजाय।बहुरिजबतकर्म्मकाउदयरहैतावतबाह्यिसामग्रीतैसैंही
बनीरहै।अन्यथानहोयसकै।ऐसाइनिअघातिकर्म्मनिकानिमित्तजानना।इहांकोऊप्रश्नकरैकिकर्म्मतौजडहै।किछूबलवाननांही
तिनकरिजीवकेस्वभावकाघातहोनाबाह्यसामग्रीकामिलनाकैसैंसंभवैहै।ताकासमाधान।जोकर्म्मआपकर्ताहोइउद्यमकरिजीवके
स्वभावकोंघातैबाह्यसामग्रीकोंमिलावैतौकर्म्मकैचेतनपनौंभीचाहिएअरबलवानपनौंभीचाहिएसोतौहैनांही।सहजहीनिमित्त
निमित्तीकसंबंधहै।जबउनकर्म्मनिकाउदयकालहोइतिसकालविषैआपहीआत्मास्वभावरूपनपरिणमैविभावरूपपरिणमै
[redacted]वाअन्यद्रव्यहैतेतैसैंहीसंबंधरूपहोइपरिणमैं [illegible] जैसेंकाहूपुरुषकेसि
रपरिमोहनधूलिपरीहैतिसकरिसोपुरुषबावलाभयातहांउसमोहनधूलिकैज्ञाननभीनथाअरबलवानपनौंभीनथाअरबावलापनौंति
समोहनधूलिहीकरिभयाहैविर्षैहैमोहनधूलिकातौनिमित्तहैअरपुरुषआपहीबावलाहूवापरिणमैहै।ऐसाहीनिमित्तनैमित्तकबनिरह्याहै।
बहुरिजैसैंसूर्यउदयकाकालविषैचकवाचकवीनिकासंयोगहोइतहांरात्रिविषैकिसीनैंद्वेषबुद्धितैंजोरावरीकरिजुदेकीएनांहीदिवस
विषैकाहूनैंकरुणाबुद्धितैंल्यायकरिमिलाएनांही।सूर्यउदयकानिमित्तपायआपहीमिलेहै।ऐसाहीनिमित्तनैमित्तिकबन्यिरह्याहै।तिसैंहि
कर्म्मकाभीनिमित्तनैमित्तिकभावजानना।ऐसेंकर्म्मकाउदयकरिअवस्थाहै।तहांनवीनबंधकैसैंहोइहैसोकहिएहै।जैसेंसूर्यकाप्रका
शहैसोमेघपटलतैंजितनाव्यक्तनांही।तितनेंकातौतिसकालविषैअभावहै।बहुरितिसमेघपटलकामंदपनांतैंजेताप्रगटहैसो।तिससूर्यकेस्वभा
वकाअंशहै।मेघपटलजनितनांहीहै।तैसैंजीवकाज्ञानदर्शनवीर्यस्वभावहैसोज्ञानावरणदर्शनावरणअंतरायकेनिमित्ततैंजितनेंव्यक्तनां
ही।तितनेंकातौतिसकालविषैअभावहै।बहुरितिनिकर्म्मनिकाक्षयोपशमतैंजेताज्ञानदर्शनवीर्यप्रगटहैसोतिसजीवकेस्वभावका

[illegible]ही है। कर्मजनित उपाधिक भाव नांही है। सो ऐसा स्वभाव के अर्थि ताका अनादितैं लगाय कबहू अभाव न होइ है। याही करि जीव का जीवत्वपना निश्चय कीजिए है। जो यहु दर्शन ज्ञान रूप जानन हारा शक्ति कौं धरै वस्तु है सो ही आत्मा है। बहुरि इस स्वभाव करि नवीन कर्म का बंध नांही है। जातैं निज स्वभाव ही बंध का कारन होइ तौ बंध का छूटना कैसे होइ। बहुरि तिनि कर्मनि के उदयतैं जेता ज्ञान दर्शन वीर्य अभाव रूप है ताकरि भी बंध नांही है। जातैं आप ही का अभाव होतैं अन्य कौं कारण कैसे होइ। तातैं ज्ञानावरण दर्शनावरण अंतराय के निमित्ततैं निपजे भाव नवीन कर्मबंध के कारन नांही। बहुरि मोहनी कर्म करि जीव के अयथार्थ श्रद्धान रूप तौ मिथ्यात्व भाव हो है। बहुरि क्रोध मान माया लोभादिक कषाय हो है। ते यद्यपि जीव के अस्तित्वमय है जीव तैं जुदे नांही। जीव ही इनिका कर्ता है। जीव के परिणमन रूप ही ए कार्य है। तथापि इनिका होना मोह कर्म के निमित्त तैं ही है। कर्म निमित्त दूरि भए इनिका अभाव ही है। तातैं ए जीव के निज स्वभाव नांही। उपाधिक भाव है। बहुरि इनि भावनि करि नवीन बंध हो है। तातैं मोह के उदयतैं निपजे भाव बंध के कारन है। बहुरि अघाति कर्मनि के उदयतैं बाह्य सामग्री मिलै है। तिनि विषै शरीरादिक तौ जीव के प्रदेशनि सौं एक क्षेत्रावगाही होइ एक बंधान रूप हो है। अर धन कुटुंबादिक आत्मा तैं भिन्न रूप है। सो ए सर्व बंध के कारन नांही है। जातैं परद्रव्य बंध का कारन न होइ। इनि विषै आत्मा के ममत्वादि रूप मिथ्यात्वादि भाव हो है सो ई बंध का कारन जानना। बहुरि इतना जानना जो नामकर्म के उदयतैं शरीर वा वचन वा मन निपजे है। तिनिकी चेष्टा के निमित्त तैं आत्मा के प्रदेशनि का चंचलपना हो है। ताकरि आत्मा के पुद्गल वर्गणा सौं एक बंधान होने की शक्ति हो है ताका नाम योग है। ताके निमित्त तैं समय समय प्रति कर्म रूप होने योग्य अनंत परमाणुनि का ग्रहण हो है। तहां अल्प योग होइ तौ थोरे परमाणुनि का ग्रहण होइ। बहुत योग होइ तौ घने परमाणुनि का ग्रहण होइ। बहुरि एक समय विषै जे पुद्गल परमाणु ग्रहे तिनि विषै ज्ञानावरणादि मूल प्रकृति वा तिनिकी उत्तर प्रकृतिनि का जैसे सिद्धांत विषै कह्या है तैसे बटवारा हो है। तिस बटवारा माफि

२प्रकृतिका बंध हूवा विना रहता नांही। इतना विशेष है मोहनीयकी हास्य सोक युगल विषै रति अरति युगल विषै तीनौं वेदन विषै
एकै काल एक एक ही प्रकृतिनका बंध होय है

रूप परमाणु तिनि प्रकृतिनिरूप आप ही परिणमै हैं विशेष इतना योग है सो दोय प्रकार है। शुभयोग।।१।। अशुभयोग।।२।। तहां धर्मके अंगनिवि
षै मनवचनकायकी प्रवर्तना भए तौ शुभयोग होय है अर अधर्मके अंगनिविषै तिनिकी प्रवृत्ति भए अशुभयोग हो है। सो शुभयोग होउ वा अशु
भयोग होउ सम्यक्त पाए विना घातियाकर्मनिकी तौ सर्वप्रकृतिनिका निरंतर बंध हूवा ही करै है। कोई समय कोई [illegible] नहीं
अघातियानिकी प्रकृतिनिविषै शुभयोग होतैं सातावेदनी आदि पुण्यप्रकृतिनिका बंध होय है। अशुभयोग होतैं असातावेदनीय आदि पाप प्र
कृतिनिका बंध हो है। मिश्रयोग होतैं केई पुण्यप्रकृतिनिका केई पापप्रकृतिनिका बंध हो है। ऐसा योगके निमित्ततैं कर्मका आगमन हो है तातैं यो
ग है सो आस्रव है। बहुरि याकरि ग्रहे कर्मपरमाणुनिका नाम प्रदेश है तिनिका बंध भया अर तिनिविषै मूल उत्तर प्रकृतिनिका विभाग भया तातैं यो
गनिकरि प्रदेशबंध वा प्रकृतिबंधका होना जानना। बहुरि मोहके उदयतैं मिथ्यात्व क्रोधादिक भाव हो है तिनि सबनिका नाम सामान्यपनैं कषाय
है। ताकरि तिनि कर्मप्रकृतिनिकी स्थिति बंधै है सो जितनी स्थिति बंधै तिसविषै आबाधाकाल छोडि तहां पीछैं यावत् बंधी स्थिति पूर्ण होइ तावत् स
मय समय तिस प्रकृतिका उदय आया ही करै। सो देव मनुष्य तिर्यंच आयु विना अन्य सर्व घातिया अघातिया प्रकृतिनिका अल्प कषाय होतैं थोरा
स्थितिबंध हो है। बहुत कषाय होतैं घनां स्थितिबंध हो है। तिन तीन आयुनिका अल्प कषायतैं बहुत अर बहुत कषायतैं अल्प स्थितिबंध जाननां।।
बहुरि तिस कषाय ही करि तिनि कर्मप्रकृतिनिविषै अनुभाग शक्तिका विशेष हो है। सो जैसा अनुभाग बंधै तैसा ही उदयकालविषै तिन प्रकृतिनि[का]
का घना वा थोरा फल निपजै है। तहां घातिकर्मनिकी सर्व प्रकृतिनिविषै वा अघातिकर्मनिकी पापप्रकृतिनिविषै तौ अल्प कषाय होतैं थोरा अनुभाग
बंधै है बहुत कषाय होतैं घनां अनुभाग बंधै है। बहुरि पुन्यप्रकृतिनिविषै अल्प कषाय होतैं घनां अनुभाग बंधै है बहुत कषाय होतैं थोरा अनुभाग बंधै है।
ऐसें कषायनिकरि कर्मप्रकृतिनिके स्थिति अनुभागका विशेष भया तातैं कषायनिकरि स्थिति अनुभाग बंध का होना जानना। इहां जैसें बहुत भी

मदिरा है अर तिनि विषै थोरे काल पर्यंत थोरी उन्मत्तता उपजावने की शक्ति है तौ वह मदिरा हीनपना कौं प्राप्त है। बहुरि जो थोरी ही मदिरा है तामैं
बहुत काल पर्यंत घनी उन्मत्तता उपजावने की शक्ति है तौ वह मदिरा अधिकपना कौं प्राप्त है। तैसें घने भी कर्मप्रकृतिनि के परमाणू हैं अर
तिनि विषै थोरे काल पर्यंत थोरा फल देने की शक्ति है तौ वे कर्मप्रकृति हीनता कौं प्राप्त हैं। बहुरि थोरे भी कर्मप्रकृतिनि के परमाणू हैं अर तिनि विषै
बहुत काल पर्यंत बहुत फल देने की शक्ति है तौ वे कर्मप्रकृति अधिकपना कौं प्राप्त हैं। तातैं योगनि करि भया प्रकृतिबंध प्रदेशबंध बलवान नांही कषा
यनि करि किया स्थितिबंध अनुभागबंध ही बलवान है तातैं मुख्यपनै कषाय ही बंध का कारन जानना। जिनिकौं बंध न करना होइ ते कषाय
मति करौ। बहुरि इहां कोऊ प्रश्न करै कि पुद्गलपरमाणू तौ जड हैं उनकै किछू ज्ञान नांही तैसें यथायोग्य प्रकृतिरूप होय परिणमै है। ताका
समाधान। जैसें भूख होतैं मुख द्वारि ग्रह्या हुवा भोजनरूप पुद्गलपिंड सो मांस शुक्र शोणित आदि धातुरूप परिणमै है। बहुरि तिस भोजनके
परमाणूनि विषै यथायोग्य कोई धातुरूप थोरे कोई धातुरूप घने परमाणू हो हैं। बहुरि तिनि विषै केई परमाणूनिका संबंध घने काल रहै है। केई
निका थोरे काल रहै है। बहुरि तिनि परमाणूनि विषै केई तौ अपने कार्य निपजावने की बहुत शक्ति कौं धरै हैं। केई स्तोक शक्ति कौं धरै हैं। सो
ऐसें होने विषै कोऊ भोजनरूप पुद्गलपिंड कै ज्ञान तौ नांही है जो मैं ऐसैं परिणमौं अर और भी कोई परनमावनहारा नांही है। ऐसा ही निमित्त नैमि
त्तिक भाव बनि रह्या है। ताकरि तैसैं ही परिणमन हू पाइए है। तैसें ही कषाय होतैं योग द्वारि ग्रह्या हुवा कर्मवर्गणारूप पुद्गलपिंड ज्ञानावरण
कर्मपरमाणूनि ३ आदि प्रकृतिरूप परिणमै है। बहुरि तिनि विषै यथायोग्य कोई प्रकृतिरूप थोरे कोई प्रकृतिरूप घने परमाणू हो हैं। बहुरि तिनि विषै केई परमाणू
निका संबंध घने काल रहै है केई निका थोरे काल रहै है। बहुरि तिनि परमाणूनि विषै केई तौ अपने कार्य निपजावने की बहुत शक्ति धरै हैं केई थो
री धरै हैं। सो ऐसें होने विषै कोऊ कर्मवर्गणारूप पुद्गलपिंड कै ज्ञान तौ नांही है जो मैं ऐसैं परिणमौं अर और भी कोई परिनमावनहारा नांही है।

ऐसा ही निमित्त नैमित्तिक भाव बनि रह्या है। ताकरि तैसें ही परिणमन पाइए है। सो ऐसें तो लोक विषै निमित्त नैमित्तिक घने ही बनि रहे
है। जैसें मंत्र निमित्त करि जलादिक विषै रोगादिक दूरि करने की शक्ति हो है। वा कांकरी आदि विषै सर्पादि रोकने की शक्ति हो है तैसें ही
जीव भाव के निमित्त करि पुद्गल परमाणूनि विषै ज्ञानावरणादि रूप शक्ति हो है। इहां विचारि करि अपने उद्यम तैं कार्य करै तो ज्ञान चाहि
ए। अर तैसा निमित्त बनें स्वयमेव तैसें परिणमन होइ तौ तहां ज्ञान का किछू प्रयोजन नाहीं। या प्रकार नवीन बंध होने का विधान जानना। अब जे पर
माणू कर्मरूप परिणमें तिनिका यावत् उदयकाल न आवै तावत् जीव के प्रदेशनि स्यों एकक्षेत्रावगाहरूप बंधान रहै है। तहां जीव भाव के
निमित्त करि केई प्रकृतिनि की अवस्था का पलटना भी होइ जाइ है। तहां केई अन्य प्रकृतिनि के परमाणू थे ते संक्रमणरूप होइ अन्य प्रकृति
के परमाणू होइ जाइ। बहुरि केई प्रकृतिनि की स्थिति [illegible] वा अनुभाग बहुत था सो अपकर्षण होइ करि थोरा होइ जाय। बहुरि
केई प्रकृतिनि की स्थिति वा अनुभाग थोरा था सो उत्कर्षण होइ करि बहुत होइ जाय। ऐसें पूर्वे बंधे परमाणूनि की भी जीव भाव का नि
मित्त पाइ अवस्था पलटै है। अर निमित्त न बनें तौ पलटै नाहीं जैसे के तैसे रहै है। ऐसें सत्तारूप कर्म रहै है। बहुरि जब कर्म प्रकृतिनि का उदयका
ल आवै तब स्वयमेव तिनि प्रकृतिनि का अनुभाग के अनुसारि कार्य बनैं। कर्म तिनि कार्यनि कौं निपजावता नाहीं। याका उदयकाल आए वह कार्य
बनै है इतना ही निमित्त नैमित्तिक संबंध जानना। बहुरि जिस समय फल निपज्या तिस का अनंतर समय विषै तिनि कर्मरूप पुद्गलनि के
अनुभाग शक्ति के अभाव होने तैं कर्मत्वपना का अभाव हो है ते पुद्गल अन्य पर्याय रूप परिणमैं है। याका नाम सविपाक निर्जरा है। ऐसें
समय समय प्रति उदय होइ कर्म खिरै है। कर्मत्वपना नास्ति भए पीछैं ते परमाणू तिस ही स्कंध विषै रहौ वा जुदे होउ किछू प्रयोजन रह्या
नाहीं। इहां इतना जानना। इस जीव के समय समय प्रति अनंत परमाणू बंधै है तहां एक समय विषै बंधे परमाणू ते आबाधाकाल छोडि अपनी

स्थितिके जेते समय होंहि तिनि विषै क्रमतैं उदय आवै है। वहुरि वहुत समयनिविषै वंधे परमाणु जे एक समयविषै उदय आवने योग्य हैं
ते एकठे होइ उदय आवै है। तिनि सव परमाणुनिका अनुभाग मिलें जेता अनुभाग होइ तितना फल तीस कालविषै निपजै है। वहुरि अनेक
समयनिविषै वंधे परमाणु वंधसमयतैं लगाय उदयसमयपर्यंत कर्मरूप अस्तित्वकौं धरैं जीवस्यौं संवंधरूप रहै है। ऐसैं कर्मनिकी वं
ध उदय सत्तारूप अवस्था जाननी। तहां समय समय प्रति एक समयप्रवधमात्र परमाणु वंधै है। एक समयप्रवद्धमात्र निर्जरै है। ड्योढ गुण
हानिकरि गुणित समयप्रवंधमात्र सदाकाल सत्ता रहै है। सो इनी सवनिका विशेष आगें कर्म अधिकारविषै लिखैंगे तहां जानना। वहुरि ऐसैं
येह कर्म है सो परमाणुरूप अनंत पुद्गल द्रव्यनिकरि निपजाया कार्य है तातैं तिनका नाम द्रव्यकर्म है। वहुरि मोहके निमित्ततैं मिथ्यात्व क्रो
धादिरूप जीवका परिणाम है सो अशुद्ध भावकरि निपजाया कार्य है तातैं याका नाम भावकर्म है सो द्रव्यकर्मके निमित्ततैं भावकर्म होइ अर
भावकर्मके निमित्ततैं द्रव्यकर्मका वंध होइ वहुरि द्रव्यकर्मतैं भावकर्म भावकर्मतैं द्रव्यकर्म ऐसैं ही परस्पर कारणकार्यभावकरि संसा
रचक्रविषै परिभ्रमण हो है। इतना विशेष जानना। तीव्र मंद वंध होनेतैं वा संक्रमणादि होनेतैं वा एक कालविषै वंध्या अनेक कालविषै वा अनेक
कालविषै वंधे एक कालविषै उदय आवनेतैं काहू कालविषै तीव्र उदय आवै तव तीव्र कषाय होइ तव तीव्र ही नवीन वंध होइ। अर काहू कालवि
षै मंद उदय आवै तव मंद कषाय होइ तव मंद ही वंध होइ। वहुरि तिनि तीव्र मंद कषायनिहीकै अनुसारि पूर्व वंधे कर्मनिका भी संक्रमणादिक
होइ तौ होइ। या प्रकार अनादितैं लगाय धाराप्रवाहरूप द्रव्यकर्मकी प्रवृत्ति जाननी। वहुरि नामकर्मके उदयतैं शरीर हो है सो द्रव्यकर्मवत् किं वाभावकर्म ।८
चित सुखदुखकौं कारण है तातैं सरीरकौं नोकर्म कहिए है। इहां नो शब्द ईषत् कषायवाचक जानना। सो शरीर पुद्गलपरमाणुनिका पिंड है अ
र द्रव्य इंद्रिय वा द्रव्यमन अर सासोस्वास वचन ए भी शरीर ही के अंग हैं। सो ए भी पुद्गलपरमाणुनिके पिंड जानने। सो ऐसे सरीरके अर द्रव्यकर्म
संवंध सहित जीवकै एकक्षेत्रावगाहरूप वंधान हो है। सो शरीरका जन्मसमयतैं लगाय जेती आयुकी स्थिति होइ तितने कालपर्यंत शरीरका संवं
ति

धरै है। बहुरि आयु पूरन होनें मरण होइ है तब तिस शरीर का संबंध छूटै है॥ शरीर आत्मा जुदे जुदे होइ जाइ है। बहुरि ताकै अनंतर समय
तीसरे चौथे
विषै वा दूसरै समय जीव कर्म उदय के निमित्त तैं नवीन शरीर धरै है तहां जी अपने आयु पर्यंत तैसें ही संबंध रहै है बहुरि मरण होइ है तब तिस का
संबंध छूटै है ऐसें ही पूर्व शरीर का छोडनां नवीन शरीर का ग्रहण अनुक्रम तैं हूवा करै है। बहुरि यहु आत्मा यद्यपि असंख्यात प्रदेशी है तथापि
संकोच विस्तार शक्ति तैं शरीर प्रमाण ही रहै है। विशेष इतना समुद्घात होतैं शरीर तैं बाह्य भी आत्मा के प्रदेश फैलै है। बहुरि अंतराल समय
इस: विषै पूर्व शरीर छोड्या था तिस प्रमाण रहै है। बहुरि शरीर के अंगभूत द्रव्य इंद्रिय अर मन तिनिके सहाय तैं जीव कै ज्ञान दर्शन की प्रवृत्ति होहै। बहु
बहुरि
जीव रि शरीर की अवस्था के अनुसारि मोह के उदय तैं सुखी दुखी होइ है। कबहू तौ जीव की इच्छा अनुसारि शरीर प्रवर्तै है। कबहू शरीर की
अवस्था
अन्यथा) अवस्था के अनुसार जीव प्रवर्तै है। कबहू जीव इच्छा रूप प्रवर्तै है। पुद्गल अन्यथा रूप प्रवर्तै है। ऐसें इस नोकर्म की प्रवृत्ति
जाननी। तहां अनादि तैं लगाय प्रथम तौ इस जीव कै नित्य निगोद रूप शरीर का संबंध पाइए है तहां नित्य निगोद शरीर कौं
धरि आयु पूर्ण होनें मरि बहुरि नित्य निगोद शरीर धरै है। बहुरि आयु पूर्ण करि मरि नित्य निगोद शरीर ही कौं धारै है
राशि है तिनि
याही प्रकार अनंतानंत प्रमाण लीयें जीव हैं सो अनादि तैं तहां ही जन्म मरण कीया करै है। बहुरि तहां तैं छ महीनां आठ सम
य विषै छसै आठ जीव निकसै हैं। ते निकसि अन्य पर्यायनि कौं धारै हैं सो पृथ्वी जल अग्नि पवन प्रत्येक वनस्पती रूप एकेंद्रिय प
र्यायनि विषै वा बेंद्रिय तेंद्रिय चौइंद्रिय रूप पर्यायनि विषै वा नारक तिर्यंच मनुष्य देव रूप पंचेंद्रिय पर्यायनि विषै भ्रमण करै है।
बहुरि तहां कितेक काल भ्रमण करि बहुरि निगोद पर्याय कौं पावै सो वाका नाम इतर निगोद है। बहुरि तहां कितेक का
ल रहि तहां तैं निकसि अन्य पर्यायनि विषै भ्रमण करै है। तहां परिभ्रमण करनें का उत्कृष्ट काल पृथ्वी आदि स्थावरनि विषै अ
संख्यात कल्पमात्र है। अर द्वींद्रियादि पंचेंद्रिय पर्यंत त्रसनि विषै साधिक दोय हजार सागर है। अर इतर निगोद विषै अढाई पुद्गल

सो पाय अनंत काल है। बहुरि इतर निगोदतैं निकसि कोई थावर पर्याय पाय पाय बहुरि निगोद जाय ऐसें एकेंद्रिय पर्यायनि विषै उत्कृष्ट परि
भ्रमण काल असंख्यात पुद्गल परिवर्त्तन मात्र है। १

परिवर्त्तन मात्र है। बहुरि जघन्य सर्वत्र एक अंतर्मुहूर्त्त काल है। ऐसें घनां तौ एकेंद्रिय पर्यायनि हीका धरनां है। अन्य पर्याय तौ का पावनां
कतालीयन्यायवत जाननां। या प्रकार इस जीवकै अनादिहीतैं कर्मबंधनरूप रोग भया है। इति कर्मबंधननिदानवर्णनं। अब
इस कर्मबंधनरूप रोगके निमित्ततैं जीवकी कैसी अवस्था होय रही है सो कहिए है। प्रथम तौ इस जीवका स्वभाव चैतन्य है। सो
सबनिका सामान्य विशेष स्वरूपका प्रकाशनहारा है। जो उनका स्वरूप होइ सो आपकौं प्रतिभासै तिसहीका नाम चैतन्य है। तहां
सामान्य स्वरूप प्रतिभासनेंका नाम दर्शन है। विशेष स्वरूप प्रतिभासनेंका नांम ज्ञान है। सो ऐसा स्वभाव करि त्रिकालवर्त्ती सर्व गु
णपर्याय सहित सर्व पदार्थनिकौं प्रत्यक्ष युगपत विनां सहाय देखै जानैं ऐसी आत्मा विषै शक्ति सदा काल है। परंतु अनादिहीतैं
ज्ञानावरण दर्शनावरणका संबंध है ताके निमित्ततैं इस शक्तिका व्यक्तपनां होता नांही। तिनि कर्मनिका क्षयोपशमतैं किंचित म
तिज्ञान श्रुतज्ञान पाइए है। अर कदाचित अवधिज्ञान भी पाइए है। बहुरि अचक्षुदर्शन पाइए है। अर कदाचित चक्षुदर्शन वा
अवधिदर्शन भी पाइए है। सो इनकी भी प्रवृत्ति कैसें है सो दिखाइए है। सो प्रथम तौ मतिज्ञान है सो शरीरके अंगभूत जे जीभ नासि
का नयन कान स्पर्शन ए द्रव्य इंद्रिय अर हृदयस्थान विषै आठ पांखुरीका फूल्या कमलकै आकार द्रव्यमन तिनके सहायहीतैं जा
नै है। जैसैं जाकी दृष्टि मंद होइ सो अपनें नेत्रकरि ही देखै है परंतु चसमा दीएं ही देखै। विनां चसमा कै देखि सकै नांही। तैसें आत्माका ज्ञा
न मंद है सो अपनें ज्ञानहीकरि जानैं है। परंतु द्रव्य इंद्रिय वा मनका संबंध भएं ही जानैं। तिनि विनां जानि सकै नांही। बहुरि जैसैं ने
त्र तौ जैसाका तैसा है अर चसमा विषै किछू दोष भया होइ तौ देखि सकै नांही। अथवा थोरा दीसै अथवा औरका और दीसै। तैसें अपनां क्ष
योपशम तौ जैसाका तैसा है अर द्रव्य इंद्रिय वा मनके परमाणु अन्यथा परिणमें होइ तौ जानि सकै नांही अथवा थोरा जानैं अथवा
औरका और जानैं। जातैं द्रव्य इंद्रिय वा मनरूप परमाणूनिका परिणमनकै अर मतिज्ञानकै निमित्तनैमित्तिक संबंध है सो उनका

रिणमन कै अनुसारि ज्ञान का परिणमन हो है। ताका उदाहरण। जैसैं मनुष्यादिक कै बाल वृद्ध अवस्था विषै द्रव्य इंद्रिय वा मन
शिथिल होइ तब जानपनां भी शिथिल होइ। बहुरि जैसैं शीत वायु आदिक के निमित्ततैं स्पर्शनादि इंद्रियनि कै वा मन के परमाणु अन्य
था होइ तब जानना नांही होइ वा थोरा जानना होइ। बहुरि इस ज्ञान के अर बाह्य द्रव्यनि कै भी निमित्त नैमित्तिक संबंध पाइए है। ताका
उदाहरण जैसैं नेत्र इंद्रिय कै अंधकार के परमाणु वा फूला आदिक के परमाणु वा पाषाणादिक के परमाणु आदि आडे आय जांय
तौ देखि न सकै। बहुरि लाल काच आडा आवै तौ सब लाल ही दीसै हरित आडा आवै तौ हरित दीसै ऐसैं अन्यथा जानना होइ। ब
हुरि दूरबीन चसमा इत्यादि आडा आवै तौ बहुत दीसनैं लगि जाय प्रकाश जल हिलव्वी काच इत्यादिक के परमाणु आडे आवैं तौ
भी जैसा का तैसा दीसै। ऐसैं स्पर्शनादि इंद्रिय वा मन कै भी यथासंभव जानना। बहुरि मंत्रादिक प्रयोगतैं वा मदिरापानादिक तैं वा भूता
दिक के निमित्ततैं न जानना वा थोरा जानना वा अन्यथा जानना हो है। ऐसैं यहु ज्ञान बाह्य द्रव्य कै भी आधीन जानना। बहुरि इस
ज्ञान करि जो जानना हो है सो अस्पष्ट जानना हो है। दूरितैं कैसा ही जानैं समीप तैं कैसा ही जानैं तत्काल कैसा ही जानैं जानतैं बहुत बा
र होइ जाय तब कैसा ही जानैं। काहू कौं संसय लीएं जानैं काहू कौं अन्यथा जानैं काहू कौं किंचित् जानैं। इत्यादि रूप करि निर्म
ल जानना होय सकै नांही। ऐसैं यहु मतिज्ञान पराधीनता लीएं इंद्रिय मन द्वार करि प्रवर्तै है। तहां इंद्रियनि करि तौ जितने क्षे
त्र का विषय होइ तितने क्षेत्र विषै जे वर्त्तमान स्थूल अपनें जाननें योग्य पुद्गल स्कंध होइ तिनही कौं जानैं। तिनि विषै भी जु
दे जुदे इंद्रियनि करि जुदे जुदे काल विषै कोई स्कंध के स्पर्शादिक का जानना हो है। बहुरि मन करि अपनें जाननें योग्य किं
चिन्मात्र त्रिकाल संबंधी दूरि क्षेत्रवर्ती वा समीप क्षेत्रवर्ती रूपी अरूपी द्रव्य वा पर्याय तिनि कौं अत्यंत अस्पष्टपनैं जानैं
है। सो भी इंद्रियनि करि जाका ज्ञान भया होइ वा अनुमानादिक जाका कीया होइ तिस ही कौं जानि सकै है। बहु

२५

रि कदाचित अपनी कल्पनातैं करि असत कौं जानै है जैसें सुपनेविषै वा जागतैं भी जे कदाचित कहीं न पाई
ए ऐसे आकारादिक चिंतवै वा जैसैं नाहीं तैसैं मानै। ऐसे मन करि जानना हो है सो यहु इंद्रिय वा मन करि
जो ज्ञान हो है ताका नाम मतिज्ञान है। तहां पृथ्वी जल अग्नि पवन वनस्पती रूप एकेंद्रियनिकै स्पर्शही का ज्ञान
है। लट संख आदि बेइंद्री जीवनिकै स्पर्श रस का ज्ञान है॥ कीडी मकोडा आदि तेइंद्रिय जीवनकै स्पर्श रस गंध का
ज्ञान है। भ्रमर मक्षिका पतंगादिक चौइंद्री जीवनिकै स्पर्श रस गंध वर्ण का ज्ञान है। ~~बहुरि तिर्यंच~~ मच्छ गऊ कबूत
र इत्यादिक तिर्यंच अर मनुष्य देव नारकी ए पंचेंद्रिय हैं तिनिकै स्पर्श रस गंध वर्ण शब्दनिका ज्ञान है। बहुरि तिर्यं
चनिविषै केई संज्ञी हैं केई असंज्ञी हैं। तहां संज्ञीनिकै मनजनित ज्ञान है असंज्ञीनिकै नाहीं है। बहुरि मनुष्य देवना
रकी संज्ञी ही हैं तिनि सबनिकै मनजनित ज्ञान पाइए है। ऐसैं मतिज्ञान की प्रवृत्ति जाननी। बहुरि मतिज्ञान करि
जिस अर्थ कौं जान्या होय ताकै संबंधतैं अन्य अर्थ कौं जाकरि जानिए सो श्रुतज्ञान है। सो दोय प्रकार है। अक्षरा
त्मक। अनक्षरात्मक। तहां जैसैं घट ए दोय अक्षर सुने वा देखे सो तौ मतिज्ञान भया तिनिकै संबंधतैं घट पदार्थ का
जानना भया सो श्रुतज्ञान है। ऐसैं अन्य भी जानना। सो यहु तौ अक्षरात्मक श्रुतज्ञान है। बहुरि जैसैं स्पर्श करि शी
त का जानना भया सो तौ मतिज्ञान है। ताकै संबंधतैं यहु हितकारी नाहीं यातैं भागि जाना इत्यादि रूप ज्ञान भया
सो श्रुतज्ञान है। ऐसैं अन्य भी जानना। यहु अनक्षरात्मक श्रुतज्ञान है। तहां एकेंद्रियादिक असंज्ञी जीवनिकै तौ
अनक्षरात्मक ही श्रुतज्ञान है। अर संज्ञी पंचेंद्रियकै दोऊ है सो यहु श्रुतज्ञान है सो अनेक प्रकार पराधी
न जो मतिज्ञान ताकै भी आधीन है वा अन्य अनेक कारणनिकै आधीन है तातैं महापराधीन जानना। बहु

रि अपनी मरयादा कै अनुसारि क्षेत्र काल का प्रमाण लीए रूपी पदार्थनि कौं स्पष्टपनैं जाकरि जांनिए सो
अवधिज्ञान है सो यहु देव नारकीनि कै तौ सर्व कै पाईए है अर संज्ञी पंचेंद्रिय तिर्यंच अर मनुष्यनि कै भी को
ई कै पाईए है॥ असंज्ञी पर्यंत जीवनि कै यहु होता ही नांही। सो यहु भी शरीरादिक पुद्गलनि कै आधीन है। ब
हुरि अवधि के तीन भेद है। देशावधि।१। परमावधि।२। सर्वावधि।३। सो इनि विषैं थोरा क्षेत्र काल की मर्या
दा लीए किंचिन्मात्र रूपी पदार्थ कौं जाननहारा देशावधि है सो ही कोई जीव कै होइ है॥ बहुरि परमावधि सर्वा
वधि अर मनःपर्यय ए ज्ञान मोक्षमार्ग विषैं प्रगटै है केवलज्ञान मोक्षस्वरूप है तातैं इस अनादि संसार अव
स्था विषैं इनिका सद्भाव ही नांही है॥ ऐसैं तौ ज्ञान की प्रवृत्ति पाईए है॥ बहुरि इंद्रिय वा मन कै स्पर्शादि
क विषय तिनिका संबंध होतैं प्रथम काल विषैं मतिज्ञान कै पहलै जो सत्तामात्र अवलोकनरूप प्रतिभा
स हो है ताकौं नाम चक्षुदर्शन वा अचक्षुदर्शन है। तहां नेत्र इंद्रिय करि दर्शन होइ ताका नाम तौ चक्षुदर्शन
है सो तौ चौंद्री पंचेंद्रीय जीवनि ही कै हो है। बहुरि स्पर्शन रसन घ्राण श्रोत्र ए च्यारि इंद्रिय अर मन करि दर्शन
होइ ताका नाम अचक्षुदर्शन है सो यथाजोग्य एकेंद्रियादि जीवनि कै हो है। बहुरि अवधि के विषयनिका
संबंध होतैं अवधिज्ञान कै पहलैं जो सत्तामात्र अवलोकनरूप प्रतिभास होइ ताका नाम अवधिदर्शन है सो जिन
कै अवधिज्ञान संभवै तिन ही कै यहु हो है। सो यहु चक्षु अचक्षु अवधिदर्शन है सो मतिज्ञान वा अवधिज्ञानवत्
पराधीन जानना॥ बहुरि केवलदर्शन मोक्षस्वरूप है। ताका इहां सद्भाव ही नांही॥ ऐसैं दर्शन का सद्भाव पाईए है
ज्ञान या प्रकार दर्शन का सद्भाव ज्ञानावरण दर्शनावरण का क्षयोपशम कै अनुसारि हो है जब क्षयोपशम थोरा हो है

तब बहुत ज्ञान की सामर्थ्य थोरी होइ है। जब बहुत होइ है तब बहुत होइ है। बहुरि क्षयोपशमतैं शक्ति तौ ऐसी बनी रहै
अर परिणमन करि ताकरि जीव एक काल विषै एक ही विषय का देखना वा जानना होइ है। इस परिणमन ही
का नाम उपयोग है। तहां एक जीव कै एक काल विषै कै तौ ज्ञानोपयोग होइ है कै दर्शनोपयोग होइ है। बहुरि एक
उपयोग का भी एक भेद ही की प्रवृत्ति होइ है। जैसें मतिज्ञान होइ तब अन्य ज्ञान न होइ। बहुरि एक भेद विषै भी
एक विषय विषै ही प्रवृत्ति होइ है। जैसें स्पर्श कौं जानै तब रसादिक कौं न जानै। बहुरि एक विषय विषै भी ताके
कोऊ एक अंग ही विषै प्रवृत्ति होइ है। जैसें उष्ण स्पर्श कौं जानै तब रूक्षादिक कौं न जानै। ऐसें एक जीव कै एक का
ल विषै एक ज्ञेय वा दृश्य विषै ज्ञान वा दर्शन का परिणमन जानना। सो ऐसें ही देखिए है। जब सुनने विषै उपयोग
लग्या होय तब नेत्र के समीप तिष्ठता भी पदार्थ न दीसै। ऐसें ही अन्य प्रवृत्ति देखिए है। बहुरि परिणमन विषै शीघ्र
ता बहुत है ताकरि काहू काल विषै ऐसा मानिए है युगपत भी अनेक विषयनि का जानना वा देखना होइ है। सो यु
गपत होता नाहीं। क्रम ही करि होइ है। संस्कार बलतैं तिनिका साधन रहै है। जैसें कागला कै नेत्र कै दोय गोलक हैं पु
तरी एक है। सो फिरै शीघ्र है ताकरि दोऊ गोलकनि का साधन करै है। तैसें ही इस जीव कै द्वार तौ अनेक हैं। अर उपयो
ग एक है। सो फिरै शीघ्र है। ताकरि सर्व द्वारनि का साधन रहै है। इहां प्रश्न जो एक काल विषै एक ही विषय का जानना वा
देखना होइ है तौ इतना ही क्षयोपशम भया कहौ। बहुत काहे कौं कहौ। बहुरि तुम कहो हो क्षयोपशमतैं शक्ति होइ है तौ श
क्ति तौ आत्मा विषै केवलज्ञान दर्शन की भी पाइए है। ताका समाधान। जैसें काहू पुरुष कै बहुत ग्रामनि विषै गमन करने की
शक्ति है बहुरि ताकौं काहूनैं रोक्या अर यहु कह्या पांच ग्रामनि विषै जावौ परंतु एक दिन विषै एक ग्राम कौं जावौ। तहां

उसपुरषकै बहुतग्रामजानेंकी शक्ति तौ द्रव्य अपेक्षा पाईए है। अन्य काल विषै सामर्थ्य होइ वर्त्तमान सामर्थ्यरूप नाहीं
है। परंतु वर्त्तमान पंचग्रामनितैं अधिक ग्रामनिविषै गमन करि सकै नांही। बहुरि पांच ग्रामनिविषै जानेंकी पर्याय
अपेक्षा वर्त्तमान सामर्थ्यरूप शक्ति है। जातैं इन विषै गमन करि सकै है। बहुरि व्यक्तता एक दिन विषै एक ग्रामकौं ग
मन करनेंहीकी पाईए है। तैसैं इस जीवकै सर्वकौं देषनें जाननेंकी शक्ति है। बहुरि याकौं कर्मनैं रोक्या अर इतनां
क्षयोपशम भया जो स्पर्शादि विषयनिकौं जानें वा देषो परंतु एक काल विषै एक हीकौं जानौं कै देषो। तहां इस
जीवकै सर्वकौं देषनें जाननेंकी शक्ति तौ द्रव्य अपेक्षा पाईए है अन्य काल विषै सामर्थ्य होइ। परंतु वर्त्तमान सामर्थ्य
रूप नाहीं। जातैं अपनें योग्य विषयनितैं अधिक विषयनिकौं देषि जानि सकै नांही। बहुरि अपनें योग्य विषयनिकौं
देषन जाननेंकी पर्याय अपेक्षा वर्त्तमान सामर्थ्यरूप शक्ति है। जातैं इनकौं देषि जानि सकै है। बहुरि व्यक्तता एक का
ल विषै एक हीकौं देषनें का जाननेंकी पाईए है। बहुरि इहां प्रश्न जो ऐसैं तौ जान्या परंतु क्षयोपशम तौ पाईए अ
र बाह्य इंद्रियादिकका अन्यथा निमित्त भए देषनां जाननां न होइ वा थोरा होइ वा अन्यथा होइ सो ऐसैं होतैं कर्मही
का निमित्त तौ न रह्या। ताका समाधान। जैसैं रोकनहारानें यहु कह्या जो पांच ग्रामनिविषै एक ग्रामकौं एक दिन
विषै जावो। परंतु इनि किंकरनिकौं साथि लेइ जावो। तहां वै किंकर अन्यथा परिणमैं तौ जानां न होइ वा अन्यथा
जानां होइ। तैसैं कर्मका ऐसा ही क्षयोपशम भया है जो इतने विषयनिविषै एक विषयकौं एक काल विषै देषो वा
जानो। परंतु इतने बाह्य द्रव्यनिका निमित्त भए देषो जानो। तहां वै बाह्य द्रव्य अन्यथा परिणमैं तौ देषनां जाननां
न होइ वा थोरा होइ वा अन्यथा होइ। ऐसा यहु कर्मके क्षयोपशमहीका विशेष है तातैं कर्महीका निमित्त जाननां। जै

सैं कारकै अंधकारके परमाणु आडे आएं देषनां न होइ घूघू मार्जारादिकनिकै तिनिकैं आडे आएं भी देषनां होइ सो ऐसा य
हु क्षयोपशमहीका विशेष है। जैसें जैसें क्षयोपशम होइ तैसें तैसें ही देषनां जांननां होइ। ऐसें इस जीवकै क्षयोपशमज्ञानकी
प्रवृत्ति पाईए है। बहुरि मोक्षमार्ग विषै अवधि मनःपर्यय हैं ते भी क्षयोपशमज्ञान ही हैं। तिनिकौं भी ऐसें ही एक काल
विषै एककौं प्रतिभासनां वा परद्रव्यका आधीनपनां जांननां। बहुरि विशेष है सो विशेष जांननां। या प्रकार ज्ञानावरण
दर्शनावर्णका उदयके निमित्ततैं बहुत ज्ञानदर्शनके अंशनिका तौ अभाव है अर तिनिके क्षयोपशमतैं थोरे अंशनिका
सद्भाव पाईए है। बहुरि इस जीवकै मोहके उदयतैं मिथ्यात्व वा कषायभाव हो है। तहां दर्शनमोहके उदयतैं तौ मिथ्यात्वभा
व हो है। ताकरि यहु जीव अन्यथा प्रतीतिरूप अतत्वश्रद्धान करै है। जैसें है तैसें तौ न मानै है। अर जैसें है तैसें मानै है॥ अमू नांही
र्तीक प्रदेशनिका पुंज प्रसिद्ध ज्ञानादि गुणनिका धारी अनादिनिधन वस्तु आप है। अर मूर्तीक पुद्गलद्रव्यनिका पिंड
प्रसिद्ध ज्ञानादिकनिकरि रहित जिनिका नवीन संयोग भया ऐसे शरीरादिक पुद्गल पर हैं। इनिका संयोगरूप
नानाप्रकार मनुष्य तिर्यंचादि पर्याय हो हैं। तिस पर्याय विषै अहंबुधि धारै है। स्वपरका भेद नांही करि सकै है। जो पर्याय
पावै तिस ही कौं आप मांनै है। बहुरि तिस पर्याय विषै ज्ञानादिक हैं ते तौ आपके गुण हैं। अर रागादिक हैं ते आपकै कर्म
निमित्ततैं उपाधिक भाव भए हैं। अर वर्णादिक हैं ते शरीरादिक पुद्गलके गुण हैं। अर शरीरादिक विषै वर्णादिकनिकी
वा परमाणूनिकी नानाप्रकार पलटन हो है सो पुद्गलकी अवस्था है। सो इनि सबनि ही कौं आपनां स्वरूप जानै है। स्वभाव प
रभावका विवेक नांही होय सकै है। बहुरि मनुष्यादिक पर्यायनि विषै कुटंब धनादिकका संबंध हो है। ते प्रत्यक्ष आपतैं
भिन्न हैं। ~~[illegible]~~ अर ते आपकै आधीन नांही परिणमै हैं तथापि तिनि विषै ममकार करै है ए मेरे हैं। वे काहू प्रकार भी

अपनें होते मांही। बहुरी अपनी मानैं तैं ही अपनें मानें है। बहुरिं मनुष्यादि पर्यायनिविषैं कदाचित् देवादिकका तत्वनिका
(स्वरूप की) अन्यथा कल्पित तौ याताकौ तौ प्रतीति करै है। अर यथार्थ स्वरूप जैसें है तैसैं प्रतीति न करै है। ऐसें दर्शनमोहके उदयकरि
जीवकै अतत्वश्रद्धानरूप मिथ्यात्वभाव हो है। तहां तीव्र उदय होतैं है तहां सत्य श्रद्धानतैं घना विपरीत श्रद्धान हो है। अ
मंद उदय हो है तब सत्य श्रद्धानतैं थोरा विपरीत श्रद्धान हो है। बहुरि चारित्रमोहके उदयतैं इस जीवकै कषायभाव हो
है तब यहु ऐसैं मानता संता पर पदार्थनिविषैं इष्ट अनिष्टपनौ मानि क्रोधादिक करै है तहां क्रोधका उदय होतैं प
दार्थविषैं अनिष्टपनौ मानि ताका बुरा चाहै है। कोउ मंदिरादि अचेतन पदार्थ बुरा लागै तब फोरनां तोरनां इत्यादिरूप करि वा
का बुरा चाहै है। बहुरि मनुष्यादि सचेतन पदार्थ बुरा लागै तब वाकूं वध बंधादिक करि वा मारनेकरि दुष उपजाया चा
है। बहुरि आपका अन्य सचेतन अचेतन पदार्थ कोई प्रकार परिणया। आपकौं सो परिणमन बुरा लागा तब अ
न्यथा परिणमावनें करि तिस परिणमनका बुरा चाहै। या प्रकार क्रोधकरि बुरा चाहनेकी इच्छा तौ होइ बुरा होनां भवि
तव्य आधीन है। बहुरि मानका उदय होतैं पदार्थविषैं अनिष्टपनौं मानि ताकौं नीचा कीया चाहै आप ऊंचा भया चाहै।
मल धूलि आदि अचेतन पदार्थनिविषैं घृणा वा निरादरादिक करि तिनिकी हीनता आपकी उच्चता चाहै। बहुरि पुरुषा
दिक सचेतन पदार्थनिकौं नमावनां अपनै आधीन करनां इत्यादिरूप करि तिनकी हीनता आपकी उच्चता चाहै। बहु
रि आप लोकविषैं जैसें ऊंचा दीसै तैसें शृंगारादिक करनां वा धन षरचनां इत्यादिरूप करि औरनिकौं हीन दिखाय आप
ऊंचा हूवा चाहै। बहुरि अन्य कोई आपतैं ऊंचा कार्य करै ताकौं कोई उपाय करि नीचा दिखावै। अर आप नीचा कार्य क
रै ताकौं ऊंचा दिखावै। या प्रकार मानकरि अपनी महंतताकी इच्छा तौ होइ महंतता होनी भवितव्य आधीन है। बहुरि मा

माका उदय होतैं कोई पदार्थकौं इष्ट मांनि नाना प्रकार छलनि करि ताकी सिद्धि कीया चाहै है। रतन सुवर्णादिक अचेतन पदार्थनिकी। वा स्त्री दासी दासादि सचेतन पदार्थनिकी सिद्धिकै अर्थि अनेक छल करै है। ठिगनेकै अर्थि अपनी अनेक अवस्था करै है अन्य अचेतन सचेतन पदार्थनिकी अवस्था पलटावै है इत्यादि रूप छल करि अपना अभिप्राय सिद्धि कीया चाहै है। या प्रकार माया करि इष्ट सिद्धिकै अर्थि छल तौ करै। अर इष्ट सिद्धि होनी भवितव्य आधीन है॥ बहुरि लोभका उदय होतैं पदार्थनिकौं इष्ट मानि तिनिकी प्राप्ति चाहै है। वस्त्राभरण धन धान्यादि अचेतन पदार्थनिकी तृष्णा होइ। बहुरि स्त्री पुत्रादिक चेतन पदार्थनिकी तृष्णा होइ। बहुरि आपकै वा अन्य सचेतन अचेतन पदार्थकै कोई परिणमन होना इष्ट मानि तिनिकौं तिस परिणमनरूप परिणमाया चाहै है। या प्रकार लोभ करि इष्ट प्राप्तिकी इच्छा तौ होय अर इष्ट प्राप्ति होनी भवितव्य आधीन है। ऐसैं क्रोधादिकका उदय करि आत्मा परिणमै है। तहां ए कषाय च्यारि प्रकार है। अनंतानुबंधी।१ अप्रत्याख्यानावरण।२ प्रत्याख्यानावरण।३ संज्वलन।४। तहां जिनकौ उदय होतैं देशचारित्र न होइ। तातैं किंचित् त्याग भी न होय सकै ते अप्रत्याख्यानावरण कषाय हैं। बहुरि जिनिका उदय होतैं सकल चारित्र न होइ। तातैं सर्वका त्याग न होय सकै। ते प्रत्याख्यानावरण कषाय हैं। बहुरि जिनिका उदय होतैं सकल चारित्रकौं दोष उपज्या करै। तातैं यथाख्यात चारित्र न होइ सकै। ते संज्वलन कषाय हैं। सो अनादि संसार अवस्थाविषैं इनि च्यार्यौं ही निका निरंतर उदय पाइए है। परम कृष्णलेश्यारूप तीव्र कषाय होइ। तहां भी अर परम शुक्ललेश्यारूप मंद कषाय होय तहां भी निरंतर च्यार्यौं ही का उदय रहै है। जातैं तीव्र मंदकी अपेक्षा अनंतानुबंधी आदि भेद नाहीं है। सम्यक्त्वादि घातनेकी अपेक्षा ए भेद हैं। इनि ही प्रकृतिनिका तीव्र अनुभाग उदय होतैं तीव्र क्रोधादिक होय है। मंद अनुभाग उदय होतैं मंद उदय होय है। बहुरि मोक्षमार्ग भए इनि च्या

तातैं काहू काल विषैं नतीनाहै

ल्यौं विषैं तीन दोय एक का उदय होहै। पीछै आरसौं का अभाव होहै। बहुरि क्रोधादि आरसौं कषायनि विषै एकैं कालि
न करी का उदय होहै। इनि कषायनि कै परस्पर कारण कार्यपनौं है। क्रोध करि मानादिक होय जाइ। मान करि क्रो
धादिक होय जाय। काहू काल भिन्नता भासै है। ऐसैं कषाय रूप परिणमन जानना। बहुरि चारित्रमोह ही के उदय सैं नो
कषाय होहै। तहां हास्य का उदय करि कहीं इष्टपनौं मानि प्रफुल्लित होय हर्ष मानै है। बहुरि रति का उदय करि का
हू कौं इष्ट मानि प्रीति करै है। तहां आसक्त होहै। बहुरि अरति का उदय करि काहू कौं अनिष्ट मानि अप्रीति करै है।
तहां उद्वेगरूप होहै। बहुरि शोक का उदय करि कहीं अनिष्टपनौं मानि दिलगीर होहै। विषाद मानै है। बहुरि भय का उ
दय करि किसी कौं अनिष्ट मानि तिसतैं डरै है। वाका संयोग न चाहै है। बहुरि जुगुप्सा का उदय करि पदार्थ कौं अ
निष्ट मानि ताकी घृणा करै है। वाका वियोग चाहै है। ऐसैं हास्यादिक छह जानने। बहुरि वेदनि के उदयतैं याकै का
मपरिणाम होहै। तहां स्त्रीवेद का उदय करि पुरुषसौं रमनें की इच्छा होहै। अर पुरुषवेद का उदय करि स्त्रीसौं
रमनें की इच्छा होहै। नपुंसकवेद के उदय करि युगपत दोऊनिसौं रमनें की इच्छा होहै। ऐसैं ए नव तौ कषाय है। क्रो नोः
धादि सारिखे ए बलवान नाहीं। तातैं इनि कौं ईषत् कषाय कहै हैं। इहां नो शब्द ईषत् वाचक जानना। इनि
का उदय तिनि क्रोधादिकनि की साथि यथासंभव होहै। ऐसैं मोह के उदयतैं मिथ्यात्व वा कषायभाव होहै सो
कारण ही: ए ही संसार का मूल है। इनि ही करि वर्तमान काल विषैं जीव दुखी है। अर आगामी कर्मबंधन के भी कारन ए ही है। बहुरि
इनि ही का नाम राग द्वेष मोह है। तहां मिथ्यात्व का नाम मोह है। जातैं जहां सावधानी का अभाव है। बहुरि माया लो
भ कषाय अर हास्य रति तीन वेदनि का नाम राग है। जातैं तहां इष्टबुद्धि करि अनुराग पाइए है। बहुरि क्रोध मान कषाय

अर... अरतिशोकनिका नाम होय है। यातैं तहां अनिष्ट बुधि करि दोष पाईए है। बहुरि सामान्यप
नै सर्वही का नाम मोह है। तातैं ज्ञानादि विषै सर्वत्र असावधानी पाईए है॥ बहुरि अंतरायके उदयतैं जीव चाहै सो न हो
य। दान दीया चाहै सो न होय। लाभ वस्तुकी प्राप्ति चाहै सो न होय। भोग कीया चाहै सो न होय। उपभोग कीया चाहै सो न
होय। अपनी ज्ञानादि शक्ति कौ प्रगट कीया चाहै सो न प्रगट होय सकै। ऐसैं अंतरायके उदयतैं चाह्या होय नांही। ब
हुरि तिसही का क्षयोपशमतैं किंचिन्मात्र चाह्या भी होय है। चाह तौ बहुत है परंतु किंचिन्मात्र दान देय सकै है
लाभ होय है। ज्ञानादिक शक्ति प्रगट होय है। तहां भी अनेक बाह्यकारन चाहिए है। ऐसैं घातिकर्मनिकै उ
दयतैं जीवकै अवस्था हो है। बहुरि अघातिकर्मनिविषै वेदनीयकै उदयकरि शरीरविषै बाह्य सुखदुःखका कार
न निपजै है। शरीरविषै आरोग्यपनौं शक्तिवानपनौं इत्यादि। अर क्षुधा तृषादि रोग खेद पीडा इत्यादि सुखदु
खनिके कारन हो है। बहुरि बाह्यविषै सुहावनां ऋतु पवनादिक वा इष्ट स्त्रीपुत्रादिक वा मित्र धनादिक अ
सुहावनां ऋतुपवनादिक वा अनिष्ट स्त्रीपुत्रादिक वा शत्रु दारिद्र वधबंधनादिक सुखदुखका कारन हो है। ए बंध
बाह्यकारन कहे तिनिविषै केई कारन तौ ऐसे हैं। जिनिके निमित्ततैं शरीरकी अवस्था सुखदुखकौ कारन हो है।
अर वेही सुखदुखकौ कारन हो है। बहुरि केई कारन ऐसे हैं जे आपही सुखदुखकौ कारन हो है। ऐसे कारनका मिल
ना वेदनीयके उदयतैं हो है। तहां सातावेदनीयतैं सुखके कारन मिलै। असातावेदनीयतैं दुखके कारन मिलै है। सो इ
हां ऐसा जाननां। ए कारन ही तौ सुखदुखकौं उपजावै नांही। आत्मा मोहकर्मकै उदयतैं आप सुखदुख मानै है। तहां
वेदनीयकर्मका उदयकै अर मोहकर्मका उदयकै ऐसा ही संबंध है। जब सातावेदनीयका निपजाया बाह्य कार

रन मिलै तब तौ सुषमाननेंरूप मोहकर्म्म का उदय होय। अर जब असातावेदनीय का निपजाया बाह्य कारन मिलै त
ब दुखमाननेंरूप मोहकर्म्म का उदय होय। बहुरि ही कारन काहूकौं सुषका कारन है काहूकौं दुखका कारन है। जैसे काहू
कै सातावेदनीय का उदय होतैं मिल्या जैसा वस्त्र सुष का कारन हो है। तैसा ही वस्त्र काहूकौं असातावेदनीय का उदय
होतैं मिल्या सो दुषका कारन हो है। तातैं बाह्य वस्तु सुषदुषका निमित्तमात्र हो है। सुषदुष हो है सो मोह के निमित्त तैं हो है।
निर्म्मोही मुनिनि कै अनेक ऋद्धि आदि परीसहादि कारन मिलै तौ भी सुखदुख न उपजै। मोही जीव कै कारन मिलै
वा बिना कारन मिलै भी अपने संकल्प ही तैं सुखदुख हूवा ही करै। तहां भी तीव्र मोही कै जिस कारन कौं मिलैं ती
व्र सुषदुष होइ तिस ही कारन कौं मिलैं मंदमोही कै मंद सुषदुष होइ। तातैं सुषदुष का मूल बलवान कारन मोह का उद
य है। अन्य वस्तु है सो बलवान कारन नाहीं। परंतु अन्य वस्तु कै अर मोही जीव कै परिणामनि कै निमित्त नैमित्ति
क की मुख्यता पाइए है ताकरि मोही जीव अन्य वस्तु ही कौं सुषदुष का कारन मानै है। ऐसे वेदनीय करि सुषदुष का का
रन निपजै है। बहुरि आयुकर्म के उदय करि मनुष्यादि पर्यायनि की स्थिति रहै है। यावत् आयु का उदय रहै ताव
त् अनेक रोगादिक कारन मिलौ शरीर स्यौं संबंध न छूटै। बहुरि जब आयु का उदय न होइ तब अनेक उपाय कीएं
भी शरीर स्यौं संबंध रहै नाहीं। तिसही काल आत्मा अर शरीर जुदा होइ। इस संसार विषै जनम जीवन मरन का कारन आ
युकर्म ही है। जब नवीन आयु का उदय होइ तब नवीन पर्याय हो है। बहुरि यावत् आयु का उदय रहै तावत् तिस पर्याय विषै जनमर
रूप प्राणनि का धारण होनें तैं जीवना हो है। बहुरि आयु का क्षय होइ तब तिस पर्यायरूप प्राण छूटनें तैं मरन हो है। सहज ही ऐ
सा आयुकर्म निका निमित्त है। और कोई उपजावनहारा रूपावनहारा रक्षा करनेहारा है नाहीं ऐसा निश्चय करना।

बहुरि जैसैं नवीन वस्त्र पहरै कितेक काल पहरे रहै। पीछैं ताकूं छोडि अन्य वस्त्र पहरै। तैसैं जीव नवीन शरीर धरै। कितेक काल धरे रहै पीछैं ताकौं छोडि अन्य शरीर धरै है। तातैं शरीर संबंध अपेक्षा जन्मादिक है जीव जन्मादि रहित नित्य ही है॥ तथापि मोही जीवकै अतीत अनागत का विचार नांही। तातैं पाया पर्याय मात्र ही अपनी स्थिति मानि पर्याय संबंधी कार्यनिविषै ही तत्पर होइ रह्या है। ऐसैं आयुकरि पर्याय की स्थिति जाननी। बहुरि नामकर्मकरि यहु जीव मनुष्यादि गतिनिविषै प्राप्त हो है। तिस पर्यायरूप अपनी अवस्था हो है। बहुरि तहां त्रस स्थावरादि विशेष निपजै है। बहुरि तहां एकेंद्रियादि जातिकौं धारै है। इस जाति कर्म का उदय कै अर मतिज्ञानावरण कौ क्षयोपशम कै निमित्त नैमित्तिकपनां जाननां। जैसा क्षयोपशम होय तैसी जाति पावै। बहुरि शरीरनिका संबंध हो है। तहां शरीरनिके परमाणू अर आत्माके प्रदेशनिका एक बंधान हो है। अर संकोच विस्तार रूप होय शरीर प्रमाण आत्मा रहै है। बहुरि नोकर्मरूप शरीर विषै अंगोपांगादिक योग्य स्थान प्रमाण लीएं हो है। इसही करि स्पर्शन रसन आदि द्रव्य इंद्रिय निपजै है। वा हृदयस्थान विषै आठ पांखुड्या का फूल्या कमल कै आकार द्रव्य मन हो है। बहुरि तिस शरीर ही विषै आकारादिक का विशेष होनां अर वर्णादिक का विशेष होनां। अर स्थूल सूक्ष्मतादिक का होनां इत्यादि कार्य निपजै है। सो ए शरीररूप परिणए परमाणू ऐसैं परिणमै है। बहुरि सासोस्वास वा स्वर निपजै है। सो ए भी पुद्गल के पिंड है। अर शरीरस्यों एक बंधानरूप है। इनिविषै भी आत्माके प्रदेश व्याप्त है। तहां सासोस्वास तौ पवन है। सो जैसैं आहार कौं ग्रहै निहार कूं निकासै तब ही जीवनो होइ। तैसैं ही पवन जाननां। बहुरि जैसैं हस्तादिकस्यों कार्य करिए। तैसैं ही पवनतैं कार्य करिए है। मुखमैं ग्रास धर्‍या ताकौं पवनतैं निगलिए है। मलादिक पवन हीतैं बाहरि काढिए है तैसैं ही अन्य जाननां। बहुरि नाड़ी वा

तैसैं बाह्य पवनकौं ग्रहै अर अभ्यंतर पवनकौं निकासै तब ही जीवितव्य रहै है तातैं सोस्वास जीवितव्य का कारन है। इस शरीर विषै जैसैं हाड मांसादिक है। २

नावापरागवाबापर्यो लाइत्यादि एपकनरूप शरीरकै अंगजानैं बहुरि स्वर है सो शब्द है। सो जैसैं बीणाकी तांतिकौं
हलाए नानारूप होनैं ऐसा पुद्गलस्कंध है ते साक्षर वा अनक्षर शब्दरूप परिणमैं है। तैसैं ताल वा होठ इत्यादि
अंगनिकौं हलाएं भाषापर्याप्ति विषै ग्रहे पुद्गलस्कंध हैं ते साक्षर अनक्षर शब्दरूप परिणमैं हैं। बहुरि शुभ अ-
शुभ गमनादिक हो है। इहां ऐसा जानना जैसैं दोय पुरुषनिकै इकदंडी बेडी है। तहां एक पुरुष गमनादि कीया चाहै
अर दूसरा भी गमन करै तौ गमनादि होय सकै। दोऊनि विषै एक बैठि रहै तौ गमनादि होय सकै नांही। अर दोऊनि
विषै एक बलवान होय तौ दूसरेकौं भी घीसि ले जाय। तैसैं आत्माकै अर शरीररूप एक पुद्गलकै एक क्षेत्रा-
वगाहरूप बंधान है। तहां आत्मा हलन चलनादि कीया चाहै अर पुद्गल तिस शक्तिकरि रहित हूवा हलन चलन न क-
रै वा पुद्गलविषै शक्ति पाईए है आत्माकी इच्छा न होय तौ हलन चलनादि होय सकै। बहुरि इनि विषै पुद्गल ब-
लवान होय हालै चालै तौ ताकी साथि विना इच्छा भी आत्मा हालै चालै। ऐसैं हलन चलनादि क्रिया हो है। बहुरि यश
अपजस आदि बाह्य निमित्त बनै है। ऐसैं ए कार्य निपजै हैं तिनिकरि मोहके अनुसारि आत्मा सुखी दुखी भी हो है। उ-
दयतैं स्वयमेव नामकर्मके नाना प्रकार रचना हो है। और कोई करनहारा नांही है। बहुरि तीर्थंकरादि प्रकृति इहां है ही
नांही। बहुरि गोत्रकर्मकरि ऊंचा नीचा कुल विषै उपजना हो है। तहां अपना अधिक हीनपना प्राप्त हो है। मोहके उदय-
करि आत्मा सुखी दुखी भी हो है। ऐसैं अघातिकर्मनिका निमित्ततैं अवस्था हो है। या प्रकार इस अनादि संसार विषै घाति
अघातिकर्मनिका उदयकै अनुसारि आत्माकै अवस्था हो है। सो हे भव्य अपनें अंतरंग विषै विचारि देखि ऐसैं ही
है कि नांही। सो विचार कीए ऐसैं ही प्रतिभासै है। बहुरि ऐसैं है तौ तू यहु मांनि मेरे अनादि संसार रोग पाईए है। ता

के नास करने कौं उपाय करनां। इस विचार तैं तैरा कथन करया है ॥ ॥ इति श्री मोक्षमार्ग प्रकाशक नाम सास्त्र विषैं संसार अवस्था का निरूपक द्वितीय अधिकार संपूर्ण भया ॥२॥ दोहा ॥ सो निज भाव सदा सुखद अपनौं करौं प्रकाश। जो बहुविधि भव दुखनि कौं करि है सत्तानास ॥१॥ अथ इस संसार अवस्था विषैं नाना प्रकार दुख है तिनिका वर्णन करिए है जातैं जो संसार विषैं भी सुख होइ तो संसार तैं मुक्त होने का उपाय काहे कौं करिए। इस संसार विषैं अनेक दुख हैं इस ही तैं संसार तैं मुक्त होने का उपाय कीजिए है। जैसैं वैद्य है सो रोग का निदान अर ताकी अवस्था का वर्णन करि रोगी कौं रोग का निश्चय कराय पीछैं तिसका इलाज करने की रुचि करावै है तैसैं इहां संसार का निदान वा ताकी अवस्था का वर्णन करि संसारी कौं संसार रोग का निश्चय कराय अब तिनिका उपाय करने की रुचि कराईए है। जैसैं रोगी रोग तैं दुखी होय रह्या है परंतु ताका मूल कारण जानै नांही। सांचा उपाय जानै नांही अर दुख सह्या जाय नांही तब आपकौं भासै सोई उपाय करै तातैं दुख दूरि होय नांही। तब तरफि तरफि परवश हूवा तिनि दुखनि कौं सहै है। याकौं वैद्य दुख का मूल कारण बतावै दुख का स्वरूप बतावै तिनि उपायनि कौं झूठे दिखावै तब सांचे उपाय करने की रुचि होय। तैसैं संसारी संसार तैं दुखी होय रह्या है ताका मूल कारन जानै नांही। अर सांचा उपाय जानै नांही। अर दुख सह्या जाय नांही। तब आपकौं भासै सोई उपाय करै तातैं दुख दूरि होय नांही। तब तरफि तरफि परवश हूवा तिनि दुखनि कौं सहै है। याकौं इहां दुख का मूल कारण बताईए है अर दुख का स्वरूप बताईए है अर तिनि उपायनि कौं झूठे दिखाईए तौ सांचे उपाय करने की रुचि होइ तातैं यहु वर्णन इहां करिए है। तहां सर्व दुखनि का मूल कारन मिथ्यादर्शन अज्ञान असंयम है। जो दर्शनमोह के उदय तैं भया अतत्त्वश्रद्धान मिथ्यादर्शन है। ता

करि वस्तस्वरूप की यथार्थ प्रतीति न होय सकै है अन्यथा प्रतीति होय है। बहुरि तिस ही मिथ्यादर्शन ही के निमित्त
तैं क्षयोपशमरूप ज्ञान है सो अज्ञान होय रह्या है। ताकरि। यथार्थ वस्तुस्वरूप का जानना न होय है। अन्यथा
जानना होय है। बहुरि चारित्रमोह के उदय तैं भया कषायभावता का नाम असंयम है। ताकरि जैसैं वस्तुस्वरूप
है तैसैं नाहीं प्रवर्त्तै है। अन्यथा प्रवर्त्तै होय है। ऐसैं ए मिथ्यादर्शनादिक हैं ते ई सर्व दुखनि के मूल कारन हैं। कैसैं
सो दिखाई है। मिथ्यादर्शनादिक करि जीव कै स्वपर विवेक नाहीं होइ सकै है। एक आत्मा अर अनंते पुद् आप
गल परमाणुमय शरीर इनका संयोगरूप मनुष्यादि पर्याय निपजै है। तिस पर्याय ही कौं आपो मानै है। बहुरि आत्मा
का ज्ञानदर्शनादि स्वभाव है ताकरि किंचित जानना देखना होहै है। अर कर्म उपाधि तैं भए क्रोधादिक भाव तिन
रूप परिणाम पाईए है। बहुरि शरीर का स्पर्श रस गंध वर्ण स्वभाव है सो प्रगट है। अर स्थूल कृशादिक होने
वा स्पर्शादिक का पलटना इत्यादि अनेक अवस्था होहै है। इन सबनि कौं अपना स्वरूप जानै है॥
तहां ज्ञानदर्शन की प्रवृत्ति इंद्रिय मन के द्वारै होहै। तातैं यहु मानै है। ए त्वचा जीभ नासिका नेत्र कान मन
ए मेरे अंग है। इनि करि मैं देखौं जानौं हौं। ऐसी मानि तैं इंद्रियनि विषैं प्रीति पाईए है। बहुरि मोह के आवेश तैं
तिनि इंद्रियनि के द्वार विषय ग्रहण करने की इच्छा होहै है। बहुरि तिनि विषयनि का ग्रहण भए तिस इच्छा
के मिटने तैं निराकुल होहै है। तब आनंद मानै है। जैसैं कूकरा हाड चावै ताकरि अपना लोही निकसै ताका
स्वाद लेइ ऐसा मानै यहु हाड का स्वाद है। तैसैं यहु जीव विषयनि कौं जानै ताकरि अपना ज्ञान प्रवर्त्तै ता
का स्वाद लेय ऐसैं मानैं। यहु विषय का स्वाद है। सो विषय मैं तो स्वाद है नाहीं। आप ही इच्छा करी थी अा

नहीं जानि आपही ~~[struck]~~ आनंद मान्यां परंतु मैं ... नाहिं अनंतज्ञानस्वरूप आत्मा हूं ऐसा निकै लेइ ज्ञानकौं
अनुभवन है नाहीं। बहुरि मैं नृत्य देख्या राग सुन्या फूल सूंघ्या ... साका स्वाद्या मोकों इस प्रकार ह्वै यह मिश्रित ज्ञानका (पर्यजाननें)
अनुभवन है। ताकरि विषयनिकरि ही प्रधानता भासै है। ऐसें इस जीवकै मोहके निमित्ततें विषयनिकी इच्छा पाई
ए है सो इच्छा तौ त्रिकालवर्ती सर्व विषयनिके ग्रहण करनेकी है मैं सर्वकौं स्पर्शौं। सर्वकौं स्वादौं। सर्वकौं सूंघूं
सर्वकौं देखौं सर्वकौं सुनौं सर्वकौं जानौं सो इच्छा तौ इतनी है। अर शक्ति इतनी ही है। जो इंद्रियनिकै सन्मुख आए वा
र्तमान स्पर्श रस गंध वर्ण शब्द तिनि विषैं काहूकौं किंचिन्मात्र ग्रहै। वा स्मरणादिकतैं मनकरि किछू जानैं सो
भी बाह्य अनेक कारण मिलें सिद्धि होइ तातैं इच्छा कबहू पूर्ण होय नाहीं ऐसी इच्छा तौ केवलज्ञान भए संपू
र्ण होइ क्षयोपशमरूप इंद्रियकरि तौ इच्छा पूर्ण होय नाहीं। तातें मोहके निमित्ततें इंद्रियनिकै अपनें अपनें विषय ग्रह
णकी अर्थि अपना मरनकौं भी नाहीं गिनैं है। जैसैं हाथीकै कपटकी हथनीका शरीर स्पर्शनेकी। अर मच्छकै बड
सीकै लग्या मांस स्वादनेकी। अर भ्रमरकै कमल सुगंध सूंघनेकी। अर पतंगकै दीपककौ वर्ण देखनेकी। अर हिरणकै राग सु
ननेकी इच्छा ऐसी हो है। जो ततकाल मरना भासै तौ भी मरनैंकौं गिनैं नाहीं। विषयनिका ग्रहण करतें उनके तौ
मरण होता था विषय सेवन कीएं इंद्रियनिकी पीडा अधिक भासै है। इनि इंद्रियनिकी पीडाकरि सर्व जीव पीडित
रूप निर्विचार होय जैसें कोऊ दुखी पर्वततैं गिरि परै तैसें विषयनि विषैं झंपापात लेहैं। नाना कष्टकरि धनकौं
उपजावैं ताकौं विषयनिकै अर्थि खोवै। बहुरि विषयनिकै अर्थि जहां मरण होता जानैं तहां भी जाइ। नरकादिक
कौं कारण तेहिंसादिक कार्य तिनिकौं करैं। वा क्रोधादिक कषायनिकौं उपजावैं। सो कहा करै इंद्रियनिकी पीडा
८ : भिंतरह ~~[struck]~~ ताकरि आकुलता रूप दुखी होय रह्या है। ऐसा दुखी होय रह्या है जो एक विषयका मरणकैं (कोई)
(छाहे काही।९)

सही न जाय, तातैं अन्य विचार किछू आवता नांहीं। इस पीडा ही करि पीडित भए इंद्रिय हैं ते विषयनिविषैं
अति आसक्त होय रहे हैं। जैसैं खाजि रोग करि पीडित हूवा पुरुष आसक्त होइ खुजावै है, पीडा न होइ तौ काहेकौं खु-
जावै। तैसैं इंद्रिय रोग करि पीडित भए इंद्रादिक आसक्त होय विषय सेवन करै हैं। पीडा न होय तौ काहेकौं विष-
य सेवन करै हैं। ऐसैं ज्ञानावरण दर्शनावरणका क्षयोपशमतैं भया इंद्रियजनित ज्ञान है, सो मिथ्या-
दर्शनादिकके निमित्ततैं इच्छासहित होय दुःखका कारण भया है। अब इस दुःख दूरि होने [redacted]
नेंका उपाय यहु जीव कहा करै है सो कहिए है। इंद्रियनिकरि विषयनिका ग्रहण भए मेरी इच्छा पूरण होय
ऐसैं जानि प्रथम तौ नाना प्रकार भोजनादिकनि करि इंद्रियनिकौं प्रबल करै है। अर ऐसैं ही जा-
नै है। इंद्रिय प्रबल रहे मेरैं विषयग्रहणकी शक्ति विशेष होय है। बहुरि तहां अनेक बाह्य कारन चा-
हिए है तिनिका निमित्त मिलावै है। बहुरि इंद्रिय हैं ते विषयकौं सन्मुख भए ग्रहै। तातैं अनेक बाह्य
[redacted]
उपाय करि विषयनिका अर इंद्रियनिका संयोग मिलावै है। नाना प्रकार वस्त्रादिकका वा
भोजनादिकका वा पुष्पादिकका वा मंदिर आभूषणादिकका वा गायन वादित्रादिकका संयोग मि-
लावनेकै अर्थि बहुत ही खेदखिन्न होय है। बहुरि इनि इंद्रियनिकै सन्मुख विषय रहै तावत् तिस वि-
षयका किंचित् स्पष्ट जानना रहै। पीछैं मन द्वारै स्मरणमात्र रहि जाय। काल वितीत होतैं स्म-
रण भी मंद होता जाय, तातैं तिनि विषयनिकौं अपने आधीन राखनेका उपाय करै

रैं सी ग्रही ग्रही तिनिका ग्रहण कीया करै। बहुरि इंद्रियनिकै तौ एक काल विषैं एक विषय ही का ग्रहण होय।
अर यहु बहुत ग्रहण कीया चाहै तातैं आकुलता होइ ऐसी ग्रही ग्रही एक विषयकौं छोडि और कौं ग्रहै। बहुरि वाकौं छोडि
और कौं ग्रहै ऐसैं झपटा मारै है। ऐसैं याकौं उपाय जो भासै है सो करै है। सो यहु उपाय झूठा है जातैं प्रथम तौ इन सबनि
का ऐसैं ही होना अपनैं आधीन नांही। महा कठिन है। बहुरि कदाचित उदय अनुसारि ऐसैं ही विधि मिलै तौ इंद्रियनि
कौं प्रबल कीएं किछू विषयग्रहण की शक्ति बधै नांही यहु शक्ति तौ ज्ञानदर्शन बधै बधै सो यहु कर्मका क्षयोपशम
कै आधीन है। किसी कै शरीर पुष्ट है ताकै ऐसी शक्ति घाटि दीखिए है काहू कै शरीर दुर्बल है ताकै देखिए अधिक
है। तातैं भोजनादिककरि इंद्रिय पुष्ट कीएं किछू सिद्धि है नांही। कषायादि घटनेतैं कर्मका क्षयो
पशम भएं ज्ञानदर्शन बधै तब विषयग्रहणकी शक्ति बधै है। बहुरि विषयनिकौ संयोग मिलावै सो बहुत का
ल ताई रहै है ता नांही अथवा सर्व विषयनिका संयोग मिलता ही नांही। तातैं यहु आकुलता रहिबो ही करै। बहु
रि तिनि विषयनिकौं अपनैं आधीन राखि शीघ्र शीघ्र ग्रहण करै। सो वे आधीन रहते नांही। वे तौ जुदे द्रव्य अपनें
आधीन परिणमै है। वा कर्मोदयकै आधीन है। सो ऐसा कर्मका बंध यथायोग्य शुभभाव भए होइ तब पीछैं उ
दय आवै सो प्रत्यक्ष देखिए है। अनेक उपाय करतैं भी कर्मका निमित्त बिना सामग्री मिलै नांही। बहुरि एक विषयकौं
छोडि अन्यका ग्रहण करै। ऐसैं झपटा मारै है सो कहा सिद्धि होइ है। जैसैं मणकी भूखवाले कौं कण मिल्या तौ कहा भू
ख मिटै है। तैसैं सर्वका ग्रहणकी जाकै इच्छा ताकै एक विषयका ग्रहण भएं इच्छा कैसैं मिटै है। इच्छा मिटै बिना सु
ख होता नांही। तातैं यहु उपाय झूठा है। कोऊ पूछै कि इस उपायतैं कोई जीव सुखी होते देखिए है। सर्वथा झूठ कैसैं क

झू

हो है। ताका समाधानः। सुखी तो न हो है। भ्रमतैं सुख मानै है। जो सुखी भया तो अन्य विषयनिकी इच्छा कैसैं रही। जैसैं रो-
ग मिटै अन्य औषधिकौं काहेकौं चाहै। तैसैं दुःख मिटै अन्य विषयनिकौं काहेकौं चाहै। तातैं विषयका ग्रहणकरि इ-
च्छा थंभि जाय तौ हम सुख मानैं। सो तौ यावत् जो विषय ग्रहण न होइ तावत् तौ तिस ही की इच्छा रहै। अर जिस समय वि-
षयका ग्रहण भया तिस ही समय अन्य विषयग्रहणकी इच्छा होती देखिए है। तौ यहु सुख मानना कैसैं है। जैसैं कोऊ महा-
क्षुधावान रंक ताकौं एक अन्नका कण मिल्या ताका भक्षण करि चैन मानै। तैसैं यहु महातृष्णावान याकौं एक विष-
यका निमित्त मिल्या ताका ग्रहण करि सुख मानै है। परमार्थतैं सुख है नाहीं॥ कोऊ कहै जैसैं कण कण करि अप-
नी भूख मेटै तैसैं एक एक विषयका ग्रहण करि अपनी इच्छा पूरन करै तौ दोष कहा। ताका उत्तर॥ जो कण भे-
ले होय तौ ऐसैं ही है। परंतु जब दूसरा [illegible] शा कण मिलै तब तिस कणका निर्गमन होय जाय तौ कैसैं भूख
मिटै। तैसैं ज्ञानविषै विषयनिका ग्रहण भेले होते जाय तौ इच्छा पूर्ण होय जाय। परंतु
जब दूसरा [illegible] विषयग्रहण करै तब पूर्वै विषयग्रहण कीया था ताका ज्ञान नां रहता नां-
ही तौ कैसैं इच्छा पूर्ण होइ। इच्छा पूरन भए विनां आकुलता मिटै नाहीं। आकुलता मिटें विनां सु-
ख कैसैं कह्या जाय। बहुरि एक विषयका ग्रहण भी मिथ्यादर्शनादिकका सद्भावपूर्वक करै है। ता-
तैं आगामी अनेक दुःखका कारन कर्म बंधै है। तातैं यहु वर्त्तमान [illegible] विषै सुख नाहीं। आगामी सुखका का-
रन नांही। तातैं दुःख ही है। सोई प्रवचनसार विषै कह्या है॥ सपरं बाधासहिदं विच्छिण्णं बंधकारणं विसमं॥
जं इंदिएहिं लद्धं तं सोक्खं दुक्खमेव तहा॥१॥ अर्थ॥ जो इंद्रियनिकरि पाया सुख सो पराधीन है॥

बाधासहित है विनासीक है। बंध का कारन है। कठिन है। सो ऐसा सुख तैसैं इ बहीहै। ऐसैं इस संसारी जीवनि करि कीया
उपाय झूठा जाननां। तौ सांचा उपाय कहा। जब इच्छा तौ दूरि होय अर सर्व विषयनि का युगपत ग्रहण रह्या करै। तब यहु
दुख मिटै सो इच्छा तौ मोह गए मिटै। अर सर्व का युगपत ग्रहण केवलज्ञान भए होइ सो इनि का उपाय सम्यग्दर्शनादि
है। सोई सांचा उपाय जाननां। ऐसैं तौ मोह के निमित्त तैं ज्ञानावरण दर्शनावरण का क्षयोपशम भी दुःखदायक है
ताका वर्णन कीया। इहां कोऊ कहै ज्ञानावरण दर्शनावरण का उदय तैं जाननां न भया ताकौं दुख का कारन कहौ। क्षयोप
शम कौं काहे कौं कहो हो। ताका समाधानः।। जो जाननां न होना दुख का कारण होय तौ पुद्गल कै भी दुख ठहरै तातैं दुख का मू
ल कारण तौ इच्छा है सो इच्छा क्षयोपशम ही तैं हो है। तातैं क्षयोपशम कौं दुख का कारन कह्या है। परमार्थ तैं क्षयोपशम भी
दुख का कारन नांही। जो मोह तैं विषय ग्रहण की इच्छा है सो ही दुख का कारन जाननां। बहुरि मोह का उदय है सो दुखरू
प है ही। कैसैं सो कहिए है। प्रथम तौ दर्शनमोह के उदय तैं मिथ्यादर्शन हो है। ताकरि जैसैं याकै श्रद्धान है तैसैं तौ पदा
र्थ है नांही। जैसैं पदार्थ है तैसैं यहु मानैं नांही। तातैं याकै आकुलता ही रहै जैसैं बाउला कौं काहू नैं वस्त्र पहराया। वह
वस्त्र कू बावला तिस वस्त्र कौं अपनां अंग जांनि आप कौं अर सरीर कौं एक मानैं। वह वस्त्र पहरावनेवाले कै आधीन। कबहू फारै
कबहू जोरै। कबहू षोसै कबहू नवा पहरावै। इत्यादि चरित्र करै। यहु बावला तिस कौं अपनें आधीन मानैं। [illegible]
[illegible] वाकी पराधीन क्रिया होय तातैं महाखेदखिन्न होइ। तैसैं इस जीव कौं कर्मोदय नैं शरीर संबंध क
राया यहु जीव तिस शरीर कौं अपनां अंग जांनि आप कौं अर शरीर कौं एक मानैं। वा शरीर कर्म कै आधीन। कबहू
कृश होइ कबहू स्थूल होय। कबहू नष्ट होय कबहू नवीन निपजै। इत्यादि चरित्र होइ। यहु जीव तिस कौं अपनैं आ

धीनमानैं।वाकीपराधीनक्रियाहोयतातैंमहाखेदखिन्नहोहै।बहुरिजैसैंजहांबावलातिष्ठ्याथातहांमनुष्यघोटकधनादि
ककहीतैंआनिउतरे।यहुबावलातिनिकौंअपनेजानैं।वैतौउनहीकेआधीनकोऊआवैकोऊजावै।कोऊअनेकअवस्था
रूपपरिणमैं।यहुबावलातिनिकौंआपनेआधीनमानैं।उनकीपराधीनक्रियाहोयतबखेदखिन्नहोइ।तैसैंयहुजीवजहांपर्या
यधरैतहांस्वयमेवपुत्रघोटकधनादिककहीतैंआनिप्राप्तभए।यहुजीवतिनिकौंअपनेजानैं।वेतौउनहीकेआधीनकोऊ
आवैकोऊजावै।कोऊअनेकअवस्थारूपपरिणमैं।यहुजीवतिनिकौंअपनैंआधीनमानैउनकीपराधीनक्रियाहोइतबखे
दखिन्नहोइ।इहांकोऊकहैकाहूकालविषैशरीरकीवापुत्रादिककीइसजीवकेआधीनभीतौक्रियाहोतीदेखिएहैतबतौ
सुखीहोहै।ताकासमाधान।शरीरादिककाभवितव्यकीअरजीवकीइछाकीविधिमिलैंकोईएकप्रकारिकोईजैसैंयहुचा
हैतैसैंपरिणमैंतातैंकाहूकालविषैवाहीकाविचारहोतैंसुखकासीआभासाहोइ।परंतुसर्वहीतौसर्वप्रकारकरियहु
चाहैतैसैंनपरिणमैं।तातैंअभिप्रायविषैअनेकआकुलतासदाकालिरह्वौहीकरै।बहुरिकोईकालविषैकोईप्र
कारइछाअनुसारिपरिणमतादेखिकरिकदाचियहुजीवशरीरपुत्रादिकविषैअहंकारममकारकरैहै।सोइसबुद्धिक
रितिनिकेउपजावनेंकीवाबधावनेंकीवारक्षाकरनेकीचिंताकरिनिरंतरव्याकुलरहैहै।नानाप्रकारकष्टसहिकरि
भीतिनिकाभलाचाहैहै।बहुरिजोविषयनिकीइछाहोहैकषायहोहै।बाह्यसामग्रीविषैइष्टअनिष्टपनोंमानैहै।
उपायअन्यथाकरैहै।सांचाउपायकौंनश्रद्दहैहै।अन्यथाकल्पनांकरैहै।सोइनिसबनिकामूलकारणएकमि
थ्यादर्शनहै।याकानासभएंसबनिकानाशहोइजाय।तातैंसबदुखनिकामूलयहुमिथ्यादर्शनहै।बहुरिइस
मिथ्यादर्शनकेनासकाउपायजीनांहीकरैहै।अन्यथाश्रद्धानकौंसत्यश्रद्धानमानैंउपायकाहेकौंकरैं।बहुरिसंज्ञी

६२ बहुरि इस संसारी कै एक यहु उपाय है कि आपकै जैसा श्रद्धान है तैसें पदार्थनि कौं परिणमाया चाहै। सो वै परिणमैं तौ याका सांचा
श्रद्धान होय जाय। ६

पंचेंद्रिय कै कदाचित तत्वनिश्चय करने कौं उपाय विचारै। तहां अभाग्यतें कुदेव कुगुरु कुशास्त्र का निमित्त बनैं तौ अत-
त्वश्रद्धान पुष्ट होइ जाय। आप तौ जानें इनतें मेरा भला होगा। वै ऐसा उपाय करैं जाकरि यहु अचेत होय जाय। वस्तुस्वरू-
पका विचार करने का उद्यमी भया था सो विपरीत विचार विषैं दृढ होय जाय। तब विषय कषाय की वासना वधनेतें अ-
धिक दुखी होइ। बहुरि कदाचित सुदेव सुगुरु सुशास्त्र का भी निमित्त बनि जाय तौ वहां तिनिका निश्चय उपदेश कौं
तौ श्रद्दहै नांही। व्यवहार श्रद्धान करि अतत्वश्रद्धानी ही रहै। तहां मंद कषाय होय वा विषय इच्छा घटै तौ थोरा दुखी होइ पी-
छै बहुरि जैसा का तैसा होइ जाय। तातैं यहु संसारी उपाय करै सो भी झूठा ही होय। परंतु अनादिनिधन वस्तु जुदे जुदे
अपनी मर्यादा लीएं परिणमैं हैं। कोऊ कोऊ कै आधीन नांही। कोऊ किसी का परिणमाया परिणमैं नांही। तिनिकौं
परिणमाया चाहै सो उपाय नांही। यहु तौ मिथ्यादर्शन ही है। तौ सांचा उपाय कहा है। जैसें पदार्थनिका स्वरूप है तैसें श्र-
द्धान होइ तौ सर्व दुख दूरि होइ जाय। जैसें कोऊ मोहित होइ मुरदा कौं जीवता मानैं। वा जिवाया चाहै तौ आप ही दुखी होइ है॥
बहुरि वाकौं मुरदा मानना। अर यहु जिवाया जीवैगा नांही ऐसा मानना। सो ही तिस दुख दूरि होने का उपाय है। तैसैं
मिथ्यादृष्टी होइ पदार्थनिकौं अन्यथा मानैं। अन्यथा परिणमाया चाहै तौ आप ही दुखी होइ है। बहुरि उनकौं यथार्थ मान-
ना। अर ए परिणमाए अन्यथा परिणमैंगे नांही। ऐसा मानना सो ही तिस दुख दूरि होने का उपाय है। भ्रमजनित दुख
का उपाय भ्रम दूरि करना ही है। सो भ्रम दूरि होने तें सम्यक्श्रद्धान होइ सो ही सत्य उपाय जानना। बहुरि चारित्रमोह-
के उदयतें क्रोधादिक कषायरूप वा हास्यादि नोकषायरूप जीव के भाव हो हैं। तब यहु जीव क्लेशवान होइ दुखी हो-
त संतौ विह्वल होइ नाना कार्यनि विषैं प्रवर्तै है। सो ही दिखाइए है। जब याकै क्रोध कषाय उपजै तब अन्य का बु-

[ना]करनेंकी इछा होइ। बहुरि ताकै अर्थि अनेक उपाय विचारै। मरमछेद गालिप्रदानादिरूप वचन बोलै। अपनें अं
गनिकरि वा सस्त्र पाषाणादिककरि घात करै। अनेक कष्ट सहनेंकरि वा धनादि खरचनेंकरि वा मरनादिकरि अ
पना भी बुरा करि अन्यका बुरा करनेंका उद्यम करै। अथवा औरनिकरि बुरा होता जानै तौ औरनिकरि बुरा करावै।
वाका स्वयमेव बुरा होय तौ अनुमोदना करै। वाका बुरा भएं अपना किछू भी प्रयोजन सिद्धि न होय तौ भी वाका बुरा
करै। बहुरि क्रोध होतैं कोई पूज्य वा इष्ट भी बीचि आवै तौ उनकौं भी बुरा कहै। मारनें लगि जाय किछू विचार रहता
नांही। बहुरि अन्यका बुरा न होइ तौ अपनें अंतरंगविषै आप ही बहुत संतापवान होय वा अपने ही अंगनिका घात
करै। वा विषयादिकरि मरि जाय। ऐसी अवस्था क्रोध होतैं हो है। बहुरि जब याकै मानकषाय उपजै
तब औरनिकौं नीचा वा आपकौं ऊंचा दिखावनेकी इछा होइ। बहुरि ताकै अर्थि अनेक उपाय विचारै। अन्यकी
निंदा करै आपकी प्रसंसा करै। वा अनेक प्रकारकरि औरनिकी महिमा मिटावै। आपकी महिमा करै। महाकष्ट
करि धनादिकका संग्रह कीया ताकौं विवाहादि कार्यनिविषै खरचै। वा देना करि भी खरचै। मूएं पीछैं हमारा जस
रहैगा ऐसा विचारि अपना मरन करिकैं भी अपनी महिमा वधावै। जो अपना सन्मानादि न करै ताकौं भयादिक दि
खाय दुख उपजाय अपना सन्मान करावै। बहुरि मान होतैं कोई पूज्य बड़े होंइ तिनिका भी सनमान न करै। किछू
विचार रहता नांही। बहुरि अन्य नीचा आप ऊंचा न दीसै तौ अपनें अंतरंगविषै आप बहुत संतापवान होय वा अप
नें अंगनिका घात करै वा विषादिकरि मरि जाय। ऐसी अवस्था मान होतैं हो है। बहुरि जब याकै मायाकषाय उप
जै तब छलकरि कार्य सिद्ध करनेंकी इछा होइ। बहुरि ताकै अर्थि अनेक उपाय विचारै। नानाप्रकार कपटके वचन कहै

कपटरूप अनेक की अवस्था करै। बाह्य वस्तुनिकौं अन्यथा करि बतावै। बहुरि जिनिविषै अपना मरन जानै ऐसे भी छ
ल करै। बहुरि कपट प्रगट भएं आपका बहुत बुरा होइ। मरनादिक होइ तिनिकौं भी न गिनै। बहुरि माया होतैं कोई पूज्य वा इष्ट
का भी संबंध बनै तौ उनसौं भी छल करै। किछू विचार रहता नांही। बहुरि छल करि कार्यसिद्धि न होइ तौ
आप बहुत संताप पावै। अपनै अंगनिका घात करै वा विषादि करि मरि जाय। ऐसी अवस्था माया होतैं हो है। बहुरि
जब याकै लोभ कषाय उपजै तब इष्ट पदार्थ का लाभ की इच्छा होइ। ताकै अर्थि अनेक उपाय विचारै। ताके साधनरूप वचन
बोलै। शरीर की अनेक चेष्टा करै। बहुत कष्ट सहै। सेवा करै। विदेशगमन करै। जाकरि मरन होता जानै सो भी कार्य
करै। घनां दुख जिनिविषै उपजै ऐसे प्रारंभ करै। बहुरि लोभ होतैं पूज्य वा इष्ट का भी कार्य होइ तहां भी अपना प्रयोजन स
साधै। किछू विचार रहता नांही। बहुरि जिस इष्ट वस्तु की प्राप्ति भई है ताकी अनेक प्रकार रक्षा करै है। बहुरि इष्ट वस्तु की प्रा
प्ति न होइ वा इष्ट का वियोग होइ तौ आप बहुत संतापवान होइ। अपनै अंगनिका घात करै वा विषादि करि मरि जाय।
ऐसी अवस्था लोभ होतैं हो है। ऐसे कषायनिकरि पीड़ित हूवा इनि अवस्थानिविषै प्रवर्तै है। बहुरि इनि कषायनि
की साथि नोकषाय हो है। तहां जब हास्य कषाय हो है तब आप विकसित होय प्रफुलित होइ सो ऐसा जानना। जैसे सं
निपातवाले का हसना। नाना रोग करि आप पीड़ित है। कोई कल्पना करि हसने लगि जाय है। ऐसे यहु जीव अनेक पीडा सहि
त है। कोई झूठी कल्पना करि आपकौं सुहावता कार्य मानि हर्ष मानै है। परमार्थतैं दुखी ही है। सुखी तौ कषायरोग मिटैं
वस्तु होगा। बहुरि जब रति उपजै है तब इष्ट विषै अति आसक्त हो है। जैसे बिल्ली मूसा कौं पकरि आसक्त हो है। कोऊ मारै
तौ भी न छोरै। सो इहां कठिनता करि पाया सो वियोग होने का अभिप्राय लीएं आसक्तता हो है तातैं दुखी है। बहुरि

जब अरति उपजै है। तब अनिष्ट वस्तु का संयोग पाइ महा व्याकुल होइ है। अनिष्ट का संयोग भया सो आपकौं सुहावता नां-
हीं सो इहु पीडा सही न जाय। तातैं ताका वियोग करनेकौं तरफै है सो दुख है। बहुरि जब सोक उपजै है तब इष्ट का वि-
योग वा अनिष्ट का संयोग होतैं अति व्याकुल होइ संताप उपजावै। रोवै पुकारै असावधान होइ जाइ अपना अंग घात
करै। मरि जाय। किछू सिद्धि नांहीं तौ भी आप ही महा दुखी होइ है। बहुरि जब भय उपजै है तब काहूकौं इष्ट वियोग अ-
निष्ट संयोग का कारन जानि डरै है। अति विह्वल होइ भागै वा छिपै वा शिथिल होइ जाइ। कष्ट होनेके ठिकानै प्राप्ति होइ
वा मरि जाय सो यहु दुखरूप ही है। बहुरि जुगुप्सा उपजै है तब अनिष्ट वस्तुकौं घृणा करै। ताका तौ संयोग भया। आ-
प घृणा करि भाग्या चाहै। के वाकूं दूरि कीया चाहै। खेदखिन्न होइ महा दुखकौं पावै है। बहुरि तीनौं वेदनि करि ज-
ब काम उपजै है। तब पुरुषवेद करि स्त्रीसहित रमनेकी। अर स्त्रीवेद करि पुरुषसहित रमनेकी। अर नपुंसक
वेद करि दोऊनिस्यों रमनेकी इछा हो है। तिस करि अति व्याकुल हो है। आताप उपजै है। निर्लज हो है धन खरचै है॥
अपजसकौं न गिनै है। परंपरा दुख होइ वा दंडादिक होय ताकौं न गिनै है। कामपीडा तैं बावला हो है मरि जाय है। प्रतक्ष
कामकरि मरणपर्यंत होते देखिए है। कामांधकै किछू विचार रहता नांही। पिता पुत्री वा मनुष्य तिर्यंचणी इत्यादि-
सौं रमने लगि जाय है। ऐसी काम की पीडा सो महा दुखरूप है। या प्रकार कषाय वा नोकषायनि करि अवस्था हो है। इहां
ऐसा विचार आवै है जो इन अवस्थानि विषै न प्रवर्त्तै तौ क्रोधादिक पीडै। अर इनि अवस्थानि विषै प्रवर्त्तै तौ म-
रन पर्यंत कष्ट होइ। तहां मरन पर्यंत कष्ट तौ कबूल करिए है। अर क्रोधादिक की पीडा सहनी न कबूल कीजि-
ए है। तातैं इहु निश्चय भया जो मरनादिकतैं भी कषायनि की पीडा अधिक है। बहुरि जब याकै कषाय
सो रसग्रंथनि मैं काम की दश दशा कही है। तहां बावला होना मरण होना लिख्या है। वैद्यक शास्त्रनि मैं ज्वर के भेदनि विषै कामज्वर मरन का कारन लिख्या है। ६४

कषाय उदय होय तब कषाय कीएं विनां रह्या जाता नांही। बाह्य कषायनिके कारन मिलै तौ उनकै आश्रय कषाय क-
रै। न मिलै तौ आप कारन बनावै। जैसें व्यापारादि कषायनिके कारन न होइ तौ जूवा खेलना वा अन्य क्रोधादिकके
कारन अनेक ख्याल खेलनां वा दुष्ट कथा कहनी सुननी। इत्यादि कारन बनावै। बहुरि काम क्रोधादि पीडै। सरीर विषै
तिनिरूप कार्य करनेकी शक्ति न होइ तौ औषधि बनावै अन्य अनेक उपाय करै। बहुरि कोई कारन बनै ही नांही तौ
अपने उपयोग विषै कषायनिके कारनभूत पदार्थनिका चितवन करि आप ही कषायनिरूप परिनमै। ऐसें य-
हु जीव कषायभावनिकरि पीडित हुवा महान दुषी हो है। बहुरि जिस प्रयोजन कौं लीएं कषायभाव भया है तिस
प्रयोजनकी सिद्धि होइ तौ यहु मेरा दुख दूरि होइ। अर मोकौं सुख होई। ऐसें विचारि तिस प्रयोजनकी सिद्धि होनेकै अ-
र्थि अनेक उपाय करनां सो तिस दुख दूरि होनेका उपाय मानै है। सो इहां कषायभावनितैं जो दुख हो है सो तौ सांचा ही
है। प्रत्यक्ष आप ही दुखी हो है। बहुरि ए उपाय करै है सो झूठे है। काहेतैं सो कहिए है। क्रोध विषै तौ अन्यका बुरा करनां।
मान विषै औरनिकौं नीचा करि आप ऊंचा होनां। माया विषै छल करि कार्य सिद्ध करनां। लोभ विषै इष्टका पावनां। हास्य
विषै विकसित होनेका कारन बन्या रहनां। रति विषै इष्ट संयोगका बन्या रहनां। अरति विषै अनिष्टका दूरि होनां। शो-
क विषै शोकका कारन मिटनां। भय विषै भयका कारन मिटनां। जुगुप्सा विषै जुगुप्साका कारन दूरि होनां। पुरुषवेद वि-
षै स्त्रीस्यों रमनां। स्त्रीवेद विषै पुरुषस्यों रमनां। नपुंसकवेद विषै दोऊनिस्यों रमनां। ऐसें ए प्रयोजन पाईए है। सो इ-
निकी सिद्धि होइ तौ कषाय उपशमनेतैं दुख दूरि होय जाय सुखी होइ। परंतु इनिकी सिद्धि इसके कीए उपायनिकै आ-
धीन नांही। भवितव्यकै आधीन है। जातैं अनेक उपाय करते देखिए है। बहुरि काकतालीय न्याय करि भवितव्य ऐसा
१ अर सिद्धि न हो है। बहुरि उपाय बनना भी अपने आधीन नांही। भवितव्यकै आधीन है। जातैं अनेक उपाय करनां विचारै अर एक भी उपाय न होता देषिए है। १

हो होइ। जैसा आपनां प्रयोजन होइ तैसा ही उपाय होइ। अर तातैं कार्य की सिद्धि नाहीं होइ जाय तौ तिस कार्य संबंधी कोई
कषाय का उपशम होइ। परंतु तहां थंभाव होता नांही। जावत कार्य सिद्ध न होता तावत तौ तिस कार्य संबंधी कषा
य था। जिस समय कार्य सिद्धि हूवा। तिस ही समय अन्य अन्य कार्य संबंधी कषाय होइ जाइ। एक समय मात्र भी नि
राकुल रहे नांही। जैसैं कोऊ क्रोधकरि काहू का बुरा विचारै था। वाका बुरा होइ चुक्या। तब अन्यसौं क्रोधकरि वाका बु
रा चाहने लग्या। अथवा थोरी शक्ति थी तब छोटे निका बुरा चाहै था। घनी शक्ति भई तब बडे निका बुरा चाहने लागा॥
ऐसैं ही मान माया लोभादिककरि जो कार्य विचार्या था सो सिद्ध होय चुक्या तब अन्य विषै मानादिक उपजाय तिसकी
सिद्धि किया चाहै। थोरी शक्ति थी तब छोटे कार्य की सिद्धि किया चाहै था। घनी शक्ति भई तब बडे कार्य की सिद्धि करने
का अभिलाष भया। कषायनि विषै कार्य का प्रमाण होइ तौ तिस कार्य की सिद्धि भए सुखी होइ जाय सो प्रमाण है नांही॥
इच्छा बधती जाइ। सोई आत्मानुशासन विषै कह्या है॥ ॥आशागर्तः प्रतिप्राणि यस्मिन्विश्वमणूपमं। कस्य किं
कियदायाति वृथा वो विषयैषिता॥१॥ याका अर्थ॥ आशारूपी खाडा प्राणी प्राणी प्रति पाइए है॥ अनंतानंत जीव है
तिनि सबनिकै आशा पाईए है। बहुरि वह आशारूपी कूप कैसा है। जिस एक खाडे विषै समस्त लोक अणु समान है।
अर लोक एक ही सो अब इहां कौनकै कहा कितना बटवारै आवै। तुम्हारै यहु विषयनि की इच्छा है सो वृथा ही है। इच्छा
सिद्धि पूर्ण तौ होती नांही। तातैं कोई कार्य पूर्ण भए भी दुख दूरि न होइ। अथवा कोई कषाय मिटै तौ तिस ही समय अन्य कषा
य होइ जाई। जैसैं काहूकौं मारनेंवाले बहुत होइ। तब वाकौं न मारै। तब अन्य मारनें लगि जाइ। जैसैं जीवकौं दुख
पावनेंवाले अनेक कषाय हैं। जब क्रोध न होइ तब मानादिक होइ जाइ। मान न होइ तब क्रोधादिक होइ जाइ। ऐसै

एक म
ऐसैं कषायका सद्भाव रह्या ही करै। कोई समय भी कषाय रहित होइ नांही। तातैं कोई कषायका कोई कार्य सिद्धि
ए भी दुख दूरि कैसैं होय बहुरि याकै अभिप्राय तौ सर्व कषायनिका सर्व प्रयोजन सिद्ध करनेका है सो होइ तौ सुखी हो-
इ सो तौ कदाचित होइ सकै नांही। तातैं अभिप्राय विषै सासता दुखी ही रहै है। तातैं कषायनिका प्रयोजनकौं साधि
दुख दूरि करि सुखी भया चाहै है सो यहु उपाय झूठा ही है। तौ सांचा उपाय कहा है। सम्यग्दर्शन ज्ञानतैं यथावत्
श्रद्धान वा जानना होइ तब [illegible] इष्ट अनिष्ट बुधि मिटै। बहुरि तिनिही के बलकरि चारित्रमोहका अनुभाग ही-
न होइ ऐसैं होतैं कषायनिका अभाव होइ। तब तिनकी पीडा दूरि होइ तब प्रयोजन भी किछू रहै नांही। निराकु-
ल होनेतैं महा सुखी होइ। तातैं सम्यग्दर्शनादिक ही इस दुख मेटनेका सांचा उपाय हैं। बहुरि अंतरायका उदय
तैं जीवकै मोहकरि दान लाभ भोग उपभोग वीर्य सक्तिका उत्साह उपजै परंतु होइ सकै नांही। तब परम
आकुलता होइ सो यहु दुखरूप है ही। याका उपाय यहु करै है जो विघ्नके बाह्य कारन सूझै तिनिकै दूरि
उपाय
करनेका उद्यम करै। सो यहु झूठा है। उपाय कीए भी अंतरायका उदय होतैं विघ्न होता देखिए है। अंतराय कर्म
का क्षयोपशम भए बिनां उपाय भी विघ्न होहै। तातैं विघ्नका मूल कारन अंतराय है। बहुरि जैसैं कूकराकै पुरुषकी
प्रेरी हुई लाठी की लागी। वह कूकरा लाठी स्यों वृथा ही द्वेष करै है। तैसैं जीवकै अंतरायकरि निमित्तभू-
त कीया बाह्य चेतन अचेतन द्रव्यकरि विघ्न भया। यहु जीव तिनि बाह्य द्रव्यनि स्यों वृथा द्वेष करै है। अन्य द्रव्य या-
कै विघ्न कीया चाहै अर याकै न होय। बहुरि अन्य द्रव्य विघ्न कीया ने चाहै अर याकै होइ तातैं जानिए है। अन्य
द्रव्यका किछू वस नांही जिनिका वस नांही तिनि स्यों काहे कौं लरिए तातैं यहु उपाय झूठा है। तौ सांचा उपाय कहा है।

मिथ्यादर्शनादिक करि इछा करि उत्साह उपजै था सो सम्यग्दर्शनादिक करि दूरि होइ। अर सम्यग्दर्शनादिक
करि अंतराय का अनुभाग घटै तब इछा तौ मिटि जाय शक्ति बधि जाइ तब वह दुख दूरि होइ निराकुल सुख उपजै।
तातैं सम्यग्दर्शनादिक ही सांचा उपाय है। बहुरि वेदनीय के उदयतैं दुख सुख कौ कारन का संयोग हो है। तहां केई तौ श
रीर विषै ही अवस्था हो है केई सरीर की अवस्था कौं निमित्तभूत बाह्य संयोग हो है केई बाह्य ही वस्तुनि का संयो
ग हो है। तहां असाता का उदय करि शरीर विषै तौ क्षुधा तृषा उस्वास पीडा रोग इत्यादि हो है। बहुरि सरीर की अनिष्ट
अवस्था कौं निमित्तभूत बाह्य अतिशीत उष्ण पवन बंधनादिक का संयोग हो है। बहुरि बाह्य शत्रु कुपुत्र आदिक वा
कुवर्णादिक सहित स्कंधनि का संयोग हो है। सो मोह करि इनि विषै अनिष्ट बुद्धि हो है। जब इनि का उदय होई तब
मोह का उदय ऐसा ही आवै जाकरि परिणामनि विषै महाव्याकुल होइ इनि कौं दूरि कीया चाहै यावत् ए दूरि न होइ
तावत् दुखी रहै। सो इनि कौं होतें तौ सर्व ही दुख मानै हैं। बहुरि साता के उदय करि शरीर विषै आरोग्यवानपनौ ब
लवानपनौं इत्यादि हो है। बहुरि शरीर की इष्ट अवस्था कौं निमित्तभूत बाह्य खानपानादिक वा सुहावनां पव
नादिक का संयोग हो है। बहुरि बाह्य मित्र सुपुत्र स्त्री किंकर हस्ती घोटक धन धान्य मंदिर वस्त्रादिक का संयोग हो
है। सो मोह करि इनि विषै इष्ट बुद्धि हो है। जब इनि का उदय होइ तब मोह का उदय ऐसा ही आवै जाकरि परिणाम
नि विषै चैन मानै इनि की रक्षा चाहै। यावत रहै तावत सुख मानैं सो यहु सुख मानना ऐसा है जैसे कोऊ घने रोगनि
करि बहुत पीडित होइ रह्या था। ताकै कोई उपचार करि कोई एक रोग की कितेक काल किछू उपशांतता भई तब व
ह पूर्व अवस्था की अपेक्षा आपकौं सुखी कहै। परमार्थतैं सुख है नाहीं। तैसैं यहु जीव घने दुखनि करि बहुत पीडित होइ रह्या था

अन्य वस्तु का स्वा
द लेने की वा स्पर्श
नादि करने की इच्छा
उपजै अथवा ...
करी वस्तु कौं प
हलै अन्य प्रका
र भोगवने की इ
च्छा होइ वा जाव
त मिलै तावत
वाकी आकुल
ता रहै अर वैसो
सतया आ उस
ही समय अन्य
प्रकार भोगवने
की इच्छा होइ जै
सें स्त्री [illegible] कौं
देख्या चाहै था सु
स समय अवलो
कन भया उसही
समय १२+

ताकै कोई प्रकार करि कोऊ कैं दुःख की किंतक काल किछू उपशांतता न होत्र वय कृ पूर्व अवस्था की अपेक्षा
आपकौं सुखी कहै। परमार्थतें सुख है नाहीं। तैसें [illegible] दुःखनि करि पीडित हो [illegible] कोई प्रकार
~~करि कोई दुःख की किंतेक काल किछू उपशांतता [illegible] पूर्व अवस्था की अपेक्षा आप कौं [illegible]~~
सुख है नाहीं। बहुरि याकौं असाता का उदय होतें जो होइ ता करि तौ दुःख भासै है। तातें ताकौं दूरि करने का उपाय करै है
असाता का उदय होतें जो होइ ता करि [illegible] सुख भासै है। तातें ताकौं होने का उपाय करै है। सो इहां उपाय झूठा है।
प्रथम तौ याका उपाय के आधीन नाहीं। वेदनीय कर्म का उदय के आधीन है। असाता के मेटने के अर्थि ताकी प्राप्ति
के अर्थि तौ सर्व ही के प्रयत्न रहै है। परन्तु काहू कै थोरा यत्न करतें भी वा न कीए भी सिद्धि होइ जाय। काहू कै बहुत यत्न
कीए भी सिद्धि न होइ। तातें जानिए है याका उपाय याके आधीन नाहीं। बहुरि कदाचित उपाय भी करै। अर भली
उदय आवै तौ थोरे काल किंचित काहू प्रकार की असाता का कारन मिटै। अर साता का कारन होइ तहां भी मोह के
सद्भाव तें तिनिकौं भोगवने की इच्छा करि आकुलित होय। एक भोग्य वस्तु कौं भोगवने की इच्छा होइ वा जावत न मिलै
तावत तौ वाकी इच्छा करि आकुल होइ। अर वह मिल्या अर उसही समै अन्य कौं भोगवने की इच्छा होइ जाइ तब ता करि
आकुल होइ। जैसें काहू कौं स्वाद लेने की इच्छा भई थी वाका आस्वाद जिस समय भया तिसही समय रमने की इच्छा होइ
है। बहुरि ऐसें भोग भोगवतें ही तिनि के उपाय करने की आकुलता हो है। तौ तिनकौं छोरि उपाय करने कौं लागै है। तहां
अनेक प्रकार आकुलता हो है। देखो एक धन का उपाय करने मैं व्यापारादि करतें बहुरि वाकी रक्षा करने मैं सावधानी
करतें केती आकुलता हो है। बहुरि क्षुधा तृषा शीत उष्ण मल श्लेष्मादि असाता का उदय आया ही करै। तिनि
~~[illegible]~~

निराकरण कौं सुष मानै है सो काहे का सुष है। यहु तौ रोग का प्रतीकार है। यावत क्षुधादिक रहै तावत तिनिकौ
मिटावने की इछा करि आकुलता होइ। वह मिटै तब कोई अन्य इछा उपजै। ताकी आकुलता होइ। बहुरि क्षुधादि
होइ तब उनकी आकुलता होइ आवै। ऐसैं याकै उपाय करतैं कदाचित असाता मिटि साता होइ तहां भी आकु
लता रह्या ही करै तातैं दुखी ही रहै है। बहुरि ऐसैं भी रहना तौ होता नांही। आपकौं उपाय करतें करतें ही कोई असाता
का उदै ऐसा आवै। ताका किछू उपाय बनि सकै नांही। अर ताकी पीडा बहुत होय सही जाय नांही तब ताकी आ
कुलता करि विह्वल होइ जाय। तहां महादुषी होइ। सोइ इस संसार मैं साता का उदय तौ कोई पुण्य का उदय करि
काहू कै कदाचित ही पाईए है। घने जीवनि कै बहुत काल असाता ही का उदय रहै है। तातैं उपाय करै है सो झूठा है। अ
थवा बाह्य सामग्री तैं सुष दुष मानिए है सो ही भ्रम है। सुष दुष तौ साता असाता का उदय होतैं मोह का निमित्त तैं हो है। प्र
त्यक्ष देखिए है। लक्ष धन का धनी कै सहस्र धन का व्यय भया तब वह तौ दुषी है। अर सत धन का धनी कै सहस्र धन
भया तब वह सुष मानै है। बाह्य सामग्री तौ याकै यातैं निन्याणवे गुणी है। अथवा लक्ष धन का धनी कै अधिक धन की
इछा है तौ वह दुखी है। अर सत धन का धनी कै संतोष है तौ यहु सुषी है। बहुरि समान वस्तु मिलें कोऊ सुष मानै है कोऊ दु
ख मानै है। जैसैं काहू कौं मोटा वस्त्र का मिलना दुषकारी होइ काहू कौं सुषकारी होइ। बहुरि सरीर विषै क्षुधा आदि
पीडा वा बाह्य इष्ट का वियोग अनिष्ट का संयोग भएं काहू कै बहुत दुष होइ काहू कै थोरा होइ काहू कै न होइ। तातैं
सामग्री कै आधीन सुष दुष नांही। साता असाता का उदय होतैं मोह परिणमन कै निमित्त तैं ही सुष दुष मानिए है। इ
हां प्रश्न जो बाह्य सामग्री की तौ तुम कहौ हौ तैसैं ही है। परंतु शरीर विषै तौ पीडा भएं दुखी होइ ही होइ पीडा न भएं सु

वी होइ। यहु तौ शरीर अवस्था ही कै आधीन सुषदुःष भासै है। ताका समाधान। आत्मा का तौ ज्ञान इंद्रियाधीन है। अ
रु इंद्रिय सरीर का अंग है। सो या मैं अवस्था बीतै ताकूं जानने रूप ज्ञान परिणमै ताकी साथि ही मोह भाव होय ता
करि शरीर अवस्था करि सुषदुःष विसेष जानिए है। बहुरि पुत्र धनादिक स्यौं अधिक मोह होइ तौ अपनां शरीर का क
ष्ट सहै। ताका थोरा दुःख मानै। उनकौं दुःख भएं वा संयोग मिटें बहुत दुःख मानै। अर मुनि हैं ते शरीर कौ पीडा होतैं भी किछू दुःष
मांनते नांही। तातैं सुषदुःष ही मानना मोह ही कै आधीन है। मोह कै अर वेदनीय कै निमित्तनैमित्तिक संबंध है। तातैं
साता असाता का उदय तैं सुषदुःष का होना भासै है। बहुरि मुख्यपनैं केतीक सामग्री साता कै उदय तैं हो है केतीक
असाता का उदय तैं हो है। ता करि सामग्रीनि करि सुषदुःष भासै है। परंतु निर्धार कीएं मोह ही तैं सुषदुःष का मानना
हो है। और निकरि सुषदुःष होने का नियम नांही। केवली कै साता असाता का उदय भी है। अर सुषदुःष कौं कारण सा
दूरि मग्री का भी संयोग है। परंतु मोह अभाव तैं किंचिन्मात्र भी सुष दुःष होता नांही। तातैं सुषदुःष ही मोहजनित मानना। तातैं तू सा
मग्री का दूरि करने का वा होने का उपाय करि दुःख मेट्या चाहै सुषी भया चाहै। सो यहु उपाय झूठा है। तौ सांचा उपाय क
हा है। सम्यग्दर्शनादिक तैं भ्रम दूरि होइ तब सामग्री तैं सुषदुःष भासै नांही। अपने परिणाम ही तैं भासै। बहुरि यथा
र्थ विचार का अभ्यास करि अपने परिणाम जैसैं सामग्री के निमित्त तैं सुषी दुःषी न होइ तैसैं साधन करै। बहुरि सम्यग्द
र्शनादि भावनां ही तैं मोह मंद होइ जाइ। तब ऐसी दशा होइ जाइ तो अनेक कारण मिलो आपकौं सुषदुःष होइ नां
ही। तब एक शांत दशारूप निराकुल होइ सांचा सुष कौं अनुभवै तब सर्व दुःख मिटै सुषी होइ। यहु सांचा उपाय है।
बहुरि आयु कर्म के निमित्त तैं पर्याय का धारना सो जीवितव्य है। पर्याय छूटना सो मरन है। बहुरि यहु जीव मिथ्याद

रन जानैं तिनिसौं बहुत डरै है। कदाचित उनका संयोग बनै तौ महा विह्वल होइ जाइ। असैं महा दुःखी रहै है। ताका उपाय यहु करै है जो म[illegible]

र्शनादिकतैं पर्याय ही कौं आपो अनुभवै है। तातैं जीवितव्य रहै अपना अस्तित्व मानै है। मरन भए अपना अभाव होना
मानै है। इस ही कारनतैं सदा काल याकै मरनका भय रहै है। तिस भय करि सदा आकुलता रहै है। जिनिकौं मरनका का
केकारन रनैं [illegible] कौं दूरि राखै है वा उनस्यौं आप भागै है वा औषधादिकका साधन करै है। गढ कोटादिक बनावै है। इत्यादि
उपाय करै है सो यहु उपाय झूठा है। जातैं आयु पूर्ण भयें तौ अनेक उपाय करै है। अनेक सहाई होइ तौ भी मरन होइ ही
होइ। एक समय मात्र भी न जीवै। अर यावत आयु पूरी है तावत् अनेक कारन मिलौ सर्वथा मरन न होइ। तातैं उपा
य कीएं मरन मिटता नांही। बहुरि आयुकी स्थिति पूर्ण होइ ही होइ। तातैं मरन भी होइ ही होइ। याका उपाय करना झूठा
है। तौ सांचा उपाय कहा है। सम्यग्दर्शनादिकतैं पर्याय विषै अहं बुद्धि छूटै। अनादिनिधन आप चैतन्य द्रव्य है ति
स विषै अहं बुधि आवै। पर्याय कौं स्वांग जानैं तब मरनका भय रहै नांही। बहुरि सम्यग्दर्शनादिक ही तैं सिद्धपद
तातैं सम्यग्दर्शनादिक करौ ६ पावै तब मरनका अभाव ही होइ। [illegible] सो सांचा उपाय है। बहुरि नामकर्मके उदयतैं गति जाति शरीरादिक निपजै है
तिनिविषै पुण्यके उदयतैं जे होइ ते तौ सुखके कारन हो हैं पापके उदयतैं होइ ते दुखके कारन हो हैं सो इहां सुख मान
नेका भ्रम है। बहुरि यहु दुख मिटावनेका सुखका कारन होनेका उपाय करै है सो झूठा है। सांचा उपाय सम्यग्दर्शनादि
क है। सो जैसैं वेदनीयका कथन करतैं निरूपण कीया तैसैं इहां भी जानना। वेदनीय अर नामकै सुखदुखकी समान
तातैं निरूपणकी समानता जाननी। बहुरि गोत्रकर्मके उदयतैं उंचा नीचा कुलविषै उपजै है। तहां उंचा कुल वि
षै उपजै आपकौं उंचा मानै। नीचा कुल विषै उपजै आपकौं नीचा मानै। सो कुल पलटनेका उपाय तौ याकौं भासै
नांही। तातैं जैसा कुल पाया तिस ही विषै आपा मानै है। सो कुल [illegible] अपेक्षा उंचा नीचा माननां भ्रम है। उंचा कु

ल का कोई निंद्य कार्य करै तौ वह नीचा होइ जाय। अर नीच कुल विषै कोई श्लाघ्य कार्य करै तौ वह ऊंचा होइ जाइ।
लोभादिकतैं नीच कुलवाले की उच्च कुलवाला सेवा करने लगि जाय। बहुरि कुल कितेक काल रहै है पर्याय छूटें कु-
ल की पलटनि होइ जाइ। तातैं ऊंचा नीचा कुल करि आपकौं नीचा ऊंचा मानै। ऊंचा कुलवाले कौं नीचा होनें के भयका
अर नीचा कुलवाले कूं पाया नीचपनें का दुख ही है। याका सांचा उपाय यहु ही है सम्यग्दर्शनादिकतैं ऊंचा नीचा कुल विषै
हरख विषाद न मानै। बहुरि तिनिही तैं जाकी बहुरि पलटनि न होइ। ऐसा सर्वतैं ऊंचा सिद्धपद पावै। तब सर्व दुख मिटै सु-
खी होइ। या प्रकार कर्म का उदय की अपेक्षा मिथ्यादर्शनादिकके निमित्ततैं संसार विषै दुख ही दुख पाईए है। ताका व-
र्णन कीया। अब इस ही दुखकौं पर्याय अपेक्षा करि वर्णन करिए है। इस संसार विषै बहुत काल तौ एकेंद्री पर्याय ही विषै
बीतै है। तातैं अनादिही तैं तौ नित्यनिगोद विषै रहना। बहुरि तहां तैं निकसना ऐसैं जैसैं भार भूंजनतैं चणा का उछटि
जाना सो तहां तैं निकसि अन्य पर्याय धरै तौ त्रस विषै तौ बहुत थोरा ही काल रहै। एकेंद्री ही विषै बहुत काल व्यतीत क-
रै है। तहां इतर निगोद विषै सो बहुत रहना होइ अर कितेक काल पृथ्वी अप तेज वायु प्रत्येक वनस्पती विषै रहना हो-
इ। नित्यनिगोदतैं निकसैं पीछैं त्रस विषै तौ उत्कृष्ट रहनेका काल साधिक दोय हजार सागर ही है। अर एकेंद्री विषै
उत्कृष्ट रहने का काल असंख्यात पुद्गलपरिवर्त्तन मात्र है। अर पुद्गलपरिवर्त्तन का काल ऐसा है जाका अनंतवां भा-
ग विषै भी अनंते सागर हो है। तातैं इस संसारी कैं मुख्यपनैं एकेंद्रिय पर्याय विषै ही काल व्यतीत हो है। तहां एकेंद्री-
य कै ज्ञानदर्शन की शक्ति तौ किंचिन्मात्र ही रहै है। एक स्पर्शन इंद्रिय के निमित्ततैं भया मतिज्ञान। अर ताके निमि-
त्ततैं भया श्रुतज्ञान। अर स्पर्शन इंद्रिय जनित अचक्षुदर्शन जिनिकरि शीत उष्णादिक कौं किंचित जानै देखै है।।

ज्ञानावरणदर्शनावरणके तीव्र उदय करि यातैं अधिक ज्ञान दर्शन न पाइए है। अर विषयनिकी इच्छा पाइए है
तातैं महादुखी है। बहुरि दर्शनमोहके उदयतैं। मिथ्यादर्शन होइ है ताकरि पर्याय ही कौं आपो सरदहै है। अन्य विचार क
रने की शक्ति ही नाहीं। बहुरि चारित्रमोहके उदयतैं तीव्र क्रोधादिक कषायरूप परिणमै है। जातैं उनकै केवली भग
वान कृष्ण नील कापोत ए तीन अशुभ लेश्या ही कही है। सो ए तीव्र कषाय होतैं ही होय है। सो कषाय तौ बहुत अर श
क्ति सर्व प्रकार करि महाहीन तातैं बहुत दुखी होय रहे है। किछू उपाय करि सकते नांही। इहां कोऊ कहै ज्ञान तौ किं
चिन्मात्र ही रह्या है वे कहा कषाय करै है। ताका समाधान। जो ऐसा तौ नियम है नांही जेता ज्ञान होइ तेता ही कषा
य होइ। ज्ञान तौ क्षयोपशम जेता होइ तेता होइ है। सो जैसें कोऊ आंधा बहरा पुरुषकै ज्ञान थोरा होतैं भी बहुत कषाय
होते देखिए है। तैसें एकेंद्रियकै ज्ञान थोरा होतैं भी बहुत कषायका होना मानना है। बहुरि बाह्य कषाय प्रगट तब
होइ है जब कषायकै अनुसारि किछू उपाय करै। सो वे शक्तिहीन है। तातैं उपाय करि सकते नांही।। तातैं उनकी क
षाय प्रगट नांही होइ है। जैसें कोऊ पुरुष शक्तिहीन है। ताकै कोई कारणतैं। तीव्र कषाय होइ परंतु किछू करि सकता नांही।
तातैं वाका कषाय बाह्य प्रगट नांही होइ है। वा ही अति दुखी होइ। तैसें एकेंद्रिय जीव शक्तिहीन है। तिनिकैं कोई कारणतैं कषा
य होइ है। परंतु किछू करि सकै नांही। तातैं उनकी कषाय बाह्य प्रगट नांही होइ है। वे ही आप दुखी होइ है। बहुरि ऐसा जानना
तहां कषाय बहुत होइ अर शक्ति हीन होइ तातैं एकेंद्रिय जीव महादुखी है। उनके दुख वे ही भोगवे है। अर केवली जानै है।
जैसें सन्निपातीका ज्ञान घटि जाय। अर बाह्य शक्तिहीनपनेतैं अपना दुख प्रगट भी न करि सकै। परंतु वह महादुखी
है। तैसें एकेंद्रियकै ज्ञान तौ थोरा है अर बाह्य शक्तिहीनपनातैं अपना दुखकौं प्रगट भी न करि सकै
है तहां घना दुख होइ है बहुरि जैसें कषाय घटता जाय शक्ति वधती जाइ तैसें दुख घटता होइ है सो एकेंद्रियकै कषाय बहुत अर शक्ति
हीन है

३थी४

21

है। परंतु महादुखी है। बहुरि अंतराय के तीव्र उदयकरि चाह्या होय नाहीं तातैं भी दुखी ही होहै। बहुरि अघा-
ति कर्मनि विषै विशेषपनैं पापप्रकृतिनि कौ उदय है। तहां असाता वेदनीय का उदय होतैं निमित्ततैं महादुखी
होहै। पवनतैं टूटै है। बहुरि शीत उष्णता करि सूकि जाय है। जल न मिलैं सूकि जाय है। अग्नि करि बलै
है। ताकौं कोऊ छेदै है। भेदै है मसलै है। खाय है। तोरै है। इत्यादि अवस्था हो है। ऐसें ही यथासंभव पृथ्वी आदि विषै
अवस्था हो है। तिनि अवस्था कौं होतैं वे महादुखी होहै। जैसैं मनुष्य के शरीर विषै ऐसी अवस्था भए दुख होहै
तैसैं ही उनकै होहै। जातैं इनका जानपना स्पर्शन इंद्रियतैं हो है सो उनकै स्पर्शन इंद्रिय है ही। ताकरि उन-
कौं जानि मोह के वशतैं महाव्याकुल होहै। परंतु भागनेकी वा लरनेकी वा पुकारनेकी शक्ति नाहीं। तातैं अज्ञा-
नी लोक उनके दुख कौं जानते नाहीं। बहुरि कदाचित् किंचित् साता का उदय होइ सो बलवान होता नाहीं॥
बहुरि आयुकर्मतैं इन एकेंद्रिय जीवनि विषै जे अपर्याप्त हैं तिनिकै तो पर्याय की स्थिति उस्वास के अठारहवें भाग
मात्र ही है। अर पर्याप्तनि की अंतर्मुहूर्त आदि कितेक वर्ष पर्यंत है। सो आयु थोरा तातैं जन्म मरण हूवा ही क-
रै। ताकरि दुखी है। बहुरि नामकर्म विषै तिर्यंच गति आदि पाप प्रकृतिनि ही का उदय विशेषपनैं पाईए है
कोई हीन पुण्यप्रकृति का उदय होइ ताका बलवानपना नाहीं। तातैं तिनिकरि भी मोह के वशतैं दुखी होहै। ब-
हुरि गोत्रकर्म विषै नीचगोत्र ही का उदय है। तातैं महंतता होती नाहीं। तातैं भी दुखी ही है। ऐसैं एकेंद्रिय जीव
महादुखी है। अर इस संसार विषै जैसैं पाषाण आधार विषै तौ बहुत काल रहै है। निराधार आकाश विषै तौ

कदाचित किंचिन्मात्र काल रहै। तातैं मैं जीव एकेंद्रिय पर्याय विषै बहुत काल रहै है। अन्य पर्याय विषै तौ क
दाचित किंचिन्मात्र काल रहै है। तातैं यहु जीव संसार विषै महादुखी है। बहुरि द्वींद्रिय त्रींद्रिय चतुरिंद्रिय
असंज्ञी पंचेंद्रिय पर्यायनिकौं जीव धरै तहां एकेंद्रियवत दुख जाननां। विशेष इहां क्रमतैं एक एक इं इतनां ३
द्रिय जनित ज्ञानदर्शन की वा किछू शक्ति की अधिकता भई है। बहुरि बोलने चालने की शक्ति भई है। तहां
४४ भी जे अपर्याप्त हैं वा पर्याप्त भी हीन शक्ति के धारक हैं। छोटे जीव हैं। तिनिकी शक्ति प्रगट होती नांही। बहुरि केई प्रगट ५
पर्याप्त बहुत शक्ति के धारक बडे जीव हैं। तिनिकी शक्ति प्रगट हो है। तातैं ते जीव विषयनिका उपाय करै हैं।
दुख दूरि होने का उपाय करै हैं। क्रोधादिकरि काटनां मारनां लरनां छल करनां अन्नादि का संग्रह करनां भाग
नां इत्यादि कार्य करै हैं। दुखकरि तडफडाट करनां पुकारनां इत्यादि क्रिया करै हैं। तातैं तिनिका दुख किछू प्रगट
भी हो है। सो लट कीडी आदि जीवनिकै सीत उष्ण छेदन भेदनादिकतैं वा भूख त्रषा आदितैं परम दुखी देखिए है। जो प्रत
क्ष दीसै ताका विचार करि लैनां। इहां विशेष कहा लिखैं। ऐसैं द्वींद्रियादिक जीवनिकै भी महादुखी जाननें। बहुरि
संज्ञी पंचेंद्रियनि विषै नारकी जीव हैं। ते तौ सर्वप्रकार घने दुखी हैं। ज्ञानादि की शक्ति किछू है। परंतु विषयनि
की इछा बहुत अर इष्ट विषयनि की सामग्री किंचित भी न मिलै। तातैं तिस शक्ति होने करि भी घने दुखी हैं। ब
हुरि क्रोधादि कषाय का अति तीव्रपनां पाइए है। जातैं उनकै कृष्णादि अशुभ लेश्या ही है। तहां क्रोध मान करि
परस्पर दुख देने का निरंतर कार्य पाइए है। जो परस्पर मित्रता करैं तौ दुख मिटि जाय। अर अन्यकौं दुख दीएं किछ

नका कार्य भी होता नांही। परंतु क्रोध मान का अति तीव्रपना पाईए है। ताकरि परस्पर दुख देनें की ही बुद्धि रहै है। विक्रिया
करी अन्य कौं दुखदायक शरीर के अंग बनावै वा शस्त्रादिक बनावै तिनिकरि अन्य कौं आप पीडै। अर आप कौं कोई और पी
डै। कदाचित कषाय उपशांत होइ नांही। बहुरि माया लोभ की भी अति तीव्रता है। परंतु कोई इष्ट सामग्री तहां दीसै
नांही। तातैं तिनि कषायनि का कार्य प्रगट करि सकते नांही। तिनिकरि अंतरंग विषै महा दुखी है। बहुरि कदाचि
त् किंचित कोई प्रयोजन पाय ईतिनिका भी कार्य होइ है। बहुरि हास्य रति कषाय है। परंतु बाह्य निमित्त नांही। तातैं प्र
गट होते नांही। कदाचित किंचित किसी कारणतैं हो है। बहुरि अरति सोक भय जुगुप्सा इनिके बाह्य कारन बनि रहे
है। तातैं ए कषाय प्रगट तीव्र हो है। बहुरि वेदनि विषै नपुंसक वेद है। सो इच्छा तौ बहुत अर स्त्री पुरुषस्यों रमने का
निमित्त नांही। तातैं महा पीडित है। ऐसे कषायनिकरि अति दुखी है। बहुरि वेदनीय विषै असाता ही का उदय है। ता
करि तहां अनेक वेदना का निमित्त है। शरीर विषै कोढ कास स्वासादि अनेक रोग युगपत पाईए है। अर क्षुधा तृषा
ऐसी है। सर्व का अन्न गिल्या चाहै है। अर तहां की माटी ही का भोजन मिलै है। सो माटी भी ऐसी है। जो इहां आवै तौ ता
की दुर्गंधतैं केई कोशनि के मनुष्य मरि जाय। अर शीत उष्णता तहां ऐसा है। लक्ष जोजन का लोह का गोला होइ सो भी तिनिकरि
भस्म होइ जाइ। कहीं शीत है कहीं उष्ण है। बहुरि पृथ्वी तहां शस्त्रनितैं भी महातीक्षण कंटकनिकरि सहित है। ब
हुरि तिस पृथ्वी विषै वन हैं सो शस्त्र की धारा समान पत्रादि सहित है। नदी है ताका स्पर्श भए शरीर षंड होइ जाइ
ऐसे जल सहित है। पवन ऐसा प्रचंड है। ताकरि शरीर दग्ध हूवा जाय है। बहुरि नारकी नारकी कौं अनेक प्रकार
पीडै। घाणी मैं पेलै। षंड षंड करै। हांडी मैं रांधै। कोरडा मारै। तप्त लोहादिक का स्पर्श करावै इत्यादि वेदना उपजावै

जैसैं पृथ्वी पर्यंत अनुक्रम आरे देनाये ते आपणी होहे। वा परस्पर लडावै। ऐसी वेदना होतैं भी शरीर छूटै नांही। पारावत की
ज्यौं खंड खंड होइ जाइ तौ भी मिलि जाय। ऐसी महापीडा है। बहुरि साता का निमित्त तौ किछू है नांही। कोई अंश कदाचित
कोई कै अपनी मानितैं कोई कारण अपेक्षा साता का उदय है। सो बलवान नांही। बहुरि आयु तहां बहुत। जघन्य दस ह
जार वर्ष। उत्कृष्ट तेतीस सागर। इतने काल ऐसे दुख तहां सहने होंइ। बहुरि नामकर्म की सर्व पापप्रकृतिनि ही का उद
य है। एक भी पुन्यप्रकृति का उदय नांही। तिनि करि महादुखी हैं। बहुरि गोत्र विषै नीचगोत्र ही का उदय है। ता करि मह
तता न होई। तातैं दुखी ही हैं। ऐसैं नरकगति विषै महादुख जानने। बहुरि तिर्यंचगति विषै बहुत लब्धिअपर्याप्त जीव हैं।
तिनि कै तौ उस्वास के अठारहवें भाग मात्र आयु है। बहुरि केई पर्याप्त भी छोटे जीव हैं। सो इन की शक्ति प्रगट भासै नां
ही। तिनि कै दुख एकेंद्रियवत जानने। ज्ञानादिक का विशेष है सो जानना। बहुरि बडे जीव केई सम्मूर्छन हैं। केई ग
र्भज हैं। तिनि विषै ज्ञानादिक प्रगट हो है। सो विषयनि की इच्छा करि आकुलित है। बहुतनि कौं तौ इष्ट विषय की प्राप्ति
नांही है। काहू कौं कदाचित किंचित हो है। बहुरि मिथ्यात्वभाव करि अतत्त्वश्रद्धानी होइ ही रहै हैं। बहुरि कषाय मु
ख्यपनैं तीव्र ही पाइए है। क्रोध मान करि परस्पर लरै हैं। भखै हैं। दुख देइ हैं। माया लोभ करि छल करैं हैं। वस्तु कौं
चाहै हैं। हास्यादिक करि तिनि कषायनि का कार्यनि विषै प्रवर्तै हैं। बहुरि काहू कै कदाचित मंदकषाय हो है। परंतु थो
रे जीवनि कै हो है। तातैं मुख्यता नांही। बहुरि वेदनीय विषै मुख्यपनैं असाता का उदय है। ता करि रोग पीडा क्षुधा तृषा छेदन भेद
न बहुत भार वहन शीत उष्ण अंगभंगादि अवस्था हो है। ता करि दुखी होते प्रतक्ष देखिए है। तातैं बहुत न कहा है।
काहू कै कदाचित किंचित साता का भी उदय हो है। परंतु थोरे जीवन कै हो है। मुख्यता नांही। बहुरि आयुकर्म तैं इ

78

आदि कोटि वर्ष पर्यंत है। तहां घने जीव तौ अल्प आयु के धारक होय हैं। तातें जन्म मरण का दुख पावे हैं। बहुरि भोगभूमियां की बड़ी आयु है। अर उनकै साता का भी उदय है। सो वै जीव थोरे हैं। बहुरि नामकर्म की मुख्यपनैं तौ तिर्यंचगति आदि पापप्रकृतिनि का ही उदय है। काहू कै कदाचित केई पुण्यप्रकृतिनि का भी उदय होय है। परंतु थोरे जीवनिकै थोरा हो है। मुख्यता नांही। बहुरि गोत्र विषै नीचगोत्र ही का उदय है। तातें हीन होय रहे हैं। ऐसैं तिर्यंचगति विषै महादुख जाननें। बहुरि मनुष्यगति विषै असंख्याते जीव तौ लब्धि अपर्याप्त हैं। ते सम्मूर्छन ही हैं। तिनकी तौ आयु उस्वास कै अठारहवें भाग मात्र है। बहुरि केई जीव गर्भ मैं आय थोरे ही काल मैं मरन पावै हैं। तिनकी तौ शक्ति प्रगट भासै नांही है। तिनिकै दुख एकेंद्रियवत जाननां। विशेष है सो विशेष जाननां। बहुरि गर्भजनिकै कितेक काल गर्भ मैं रहनां। पीछैं बाहिर निकसनां होय है। सो तिनिका दुख का वर्णन कर्म अपेक्षा पूर्वै वर्णन कीया है। तैसैं जाननां। वह सर्व वर्णन गर्भज मनुष्यनिकै संभवै है। अथवा तिर्यंचनिका वर्णन कीया है। तैसैं जाननां। विशेष यहु है। इहां कोई शक्ति विशेष पाईए है। इत्यादि विशेष जाननां। अथवा गर्भ आदि अवस्था के दुख प्रगट भासै है। जैसैं विष्टा विषै लट उपजै। तैसैं गर्भ मैं शुक्र सोणित का बिंदु कौं अपनां शरीररूप करि जीव उपजै। पीछैं तहां क्रमतैं ज्ञानादिक की वा शरीर की वृद्धि होइ। गर्भ का दुख बहुत है। संकोचरूप अधोमुख क्षुधा त्रषादि सहित तहां काल पूरन करै। बहुरि बाहिर निकसै तब बाल्य अवस्था मैं महा दुख हो है। कोऊ कहै बालिअवस्था मैं दुख थोरा है सो नांही है। शक्ति थोरी है। तातैं व्यक्त न होइ सकै है। पीछैं व्यापारादिक विषय इच्छा आदि दुखनि की प्रगटता हो है। इष्ट अनिष्ट जनित आकुलता रहबो ही करै। पीछैं वृद्ध होइ तब शक्तिहीन होइ जाइ तब परम दुखी हो है। सो ए दुख प्रत्यक्ष होते देखिए है। हम बहुत कहा कहैं। प्रत्यक्ष जाकौं न भासै सो कहा

वारा आदि कनिकै विशेषपना का उदय होय है वा ह त्रियादिकनिकै उच्चगोत्र का भी उदय होय है। बहुरि धन कुटंब आदिक का निमित्त विशेष पाईए है

कर्म सुनें। काहूकै कदाचित् किंचित् साताका उदय हो है सो आकुलतामय है। अर तीर्थंकरादि पद हैं ते मोक्षमार्ग पा-
ए बिना होइ नांही। ऐसैं मनुष्य पर्याय विषै दुखी ही है। एक मनुष्य पर्याय विषै कोई अपना भला होनेका उपाय करै तौ हो-
य सकै है। जैसें काना साठाका जड़ वा बाड़ तौ चूसने योग्य ही नांही। [struck through] अर बीचि की पो-
ली कानी सानी चूसी जाय नहीं। कोई स्वादका लोभी वाकौं बिगारै तौ बिगारौ। अर जो वाकौं बोइ दे तौ वाके बहुत सा-
ठे होइ। तिनिका स्वाद बहुत मीठा आवै। तैसें मनुष्य पर्याय का बालक वृद्धपनां तौ सुखयोग्य नांही। अर बीचकी अव-
स्था सो रोगक्लेशादि करि युक्त तहां सुख होइ सकै नांही। कोई विषय सुखका लोभी याकौं बिगारै तौ बिगारौ। अर
जो याकौं धर्म साधन विषै लगावै तौ बहुत उंच पदकौं पावै। तहां सुख बहुत निराकुल पाइए। तातैं इहां अपना हि-
त साधनां। सुख होने का भ्रमकरि वृथा न खोवनां। बहुरि देवपर्याय विषै ज्ञानादिककी शक्ति किछू औरनितैं विशे-
ष है। मिथ्या[struck through]त्वकरि अतत्व श्रद्धानी होइ रहे हैं। बहुरि तिनिकै कषाय किछू मंद है। तहां भवनवासी विंत-
र ज्योतिषकनिकै कषाय बहुत मंद नांही। अर उपयोग तिनिका चंचल बहुत अर किछू शक्ति भी है। सो कषायनि-
के कार्यनि विषै प्रवर्तै हैं। कुतूहल विषयादि कार्यनि विषै लगि रहे हैं। सो तिस आकुलताकरि दुखी ही हैं। बहु-
रि वैमानिकनिकै ऊपरि ऊपरि विशेष मंद कषाय हैं। अर शक्ति विशेष है। तातैं आकुलता घटनेतैं दुख भी घटता है।
इहां देवनिकै क्रोध मान कषाय है परंतु कारन थोरा है। तातैं तिनिकै कार्यकी गौणता है। काहूका बुरा करनां भ-
काहूकौं हीन करनां इत्यादि कार्य [illegible] निकृष्ट देवनिकै तौ कुतूहलादि करि होइ है। अर उत्कृष्ट देवनिकै थो- ६२
रा होइ है मुख्यता नांही। बहुरि माया लोभ कषायनिकै कारण पाइए है। तातैं तिनिके कार्यकी मुख्यता है॥

तातैं छलकरि मोहविषयसामग्रीकी हानि करनेका इत्यादि कार्य विशेष होते हैं। सो तौउ थोरे देवनिकै पाइए है। बहुरि हा-
स्य रति कषायके कार्य घने पाइए है तातैं इनका कार्यकी मुख्यता है। बहुरि अरति शोक भय जुगुप्सा इनके
कारन थोरे हैं। तातैं इनिके कार्यकी गौणता है। बहुरि स्त्रीवेद पुरुषवेदका उदय है। अर रमनेका भी निमित्त है।
सो काम सेवन करै हैं। ए भी कायके उपरि उपरि मंद है। अहमिंद्रनिकै वेदनिकी मंदताकरि कामसेवनका अभा-
व है। ऐसैं देवनिकै कषायभाव है। सो कषायही तैं दुख है। अर इनकै कषाय जेता थोरा है तितना दुख भी थोरा
है। तातैं औरनिकी अपेक्षा इनिकौं सुखी कहिए है। परमार्थतैं कषायभाव जीवै है ताकरि दुखी ही है। बहुरि वे-
दनीविषै साताका उदय बहुत है। तहाँ भवनत्रिककै थोरा है। वैमानिकनिकै उपरि उपरि विशेष है। इष्ट शरीर
की अवस्था स्त्री मंदिरादि सामग्री पाइए है। बहुरि कदाचित् किंचित् असाताका भी उदय कोई कारण करि हो
निकृष्ट देवनिकै। है। तहाँ किछू प्रगटनी है। अर उत्कृष्ट देवनिकै विशेष प्रगट नाही है। बहुरि आयु बड़ा है। जघन्य दश हजार वर्ष उत्कृ-
ष्ट इकतीस सागर है। यातैं अधिक आयुका धारी मोक्षमार्ग पाए बिना होता नाहीं। सो इतना काल विषयसुख
विषै मग्न रहे हैं। बहुरि नामकर्मका देवगति आदि सर्व पुण्यप्रकृतिनिहीका उदय है। तातैं सुखका कारण है। अर गोत्रविषै उं-
चा गोत्रहीका उदय है। तातैं महंतपदकौं प्राप्त हैं। ऐसैं इनकै पुण्य उदयकी विशेषता करि इष्ट सामग्री मिलै है।
अर कषायनिकरि इच्छा पाइए है। तातैं तिनिके भोगवने विषै आसक्त होय रहे हैं। परंतु इच्छा अधिक ही रहे है। ता-
तैं सुखी होते नाहीं। ऊँचे देवनिकै उत्कृष्ट पुण्य उदय है कषाय बहुत मंद है। तथापि तिनिकै भी इच्छाका अभाव होता नां-
सर्वत्र हीं। तातैं परमार्थतैं दुखी ही है। ऐसैं संसारविषै दुख ही दुख पाइए है। ऐसैं पर्याय अपेक्षा दुख वर्णन कीया। अब इ-

स्व
आमर्ई इरवक मामामरूपक हि है। दुःख का लक्षण आकुलता है। सो आकुलता इच्छा होतैं होय है। सो इस संसारी जीव
कै इच्छा अनेक प्रकार पाइए है। एक तौ इच्छा विषय ग्रहण की है। सो देख्या जान्या चाहै। जैसैं वर्ण देखने की राग सु
नने की अव्यक्त कौं जानने की इत्यादि इच्छा हो है। सो इहां अन्य किछू पीड़ा नांही। परंतु यावत देखै जानै नांही। ताव
त महा व्याकुल होइ। इस इच्छा का नाम विषय है। बहुरि एक इच्छा कषायभावनि कै अनुसारि कार्य करने की है। सो
कार्य कीया चाहै। जैसैं बुरा करने की हीन करने की इत्यादि इच्छा हो है। सो इहां भी अन्य कोई पीड़ा नांही। परंतु यावत
वह कार्य न होइ तावत महा व्याकुल होइ। इस इच्छा का नाम कषाय है। बहुरि एक इच्छा पाप के उदयतैं शरीर विषै
बाह्य अनिष्ट कारन मिलैं तब उनके दूरि करने की हो है। जैसैं रोग पीड़ा क्षुधा आदि का संयोग भए उनके दूरि करने
की इच्छा हो है। सो इहां यहु ही पीड़ा मानै है। यावत वह दूरि न होइ तावत महा व्याकुल रहै। इस इच्छा का नाम पाप का
उदय है। ऐसैं इनि तीन प्रकार इच्छा [illegible] होतैं सर्व ही दुःख मानै है। सो दुःख ही है। बहुरि एक इच्छा बाह्य निमित्त बनै है। इनि
तीन प्रकार इच्छानि कै अनुसारि प्रवर्त्तने की इच्छा हो है। सो तीन प्रकार इच्छानि विषै एक एक प्रकार की इच्छा अ
नेक प्रकार है। तहां केई प्रकार इच्छा पूरन होने के कारन पुण्य उदयतैं मिलैं तिनिका साधन युगपत होइ सकै नांही।
तातैं एक कौं छोरि अन्य कौं लागै आगैं भी वाकौं छोरि अन्य कौं लागै। जैसैं काहू कै अनेक सामग्री मिली है। वह काहू
कौं देखै है। वाकौं छोरि राग सुनै है। वाकौं छोरि काहू का बुरा करने लगि [illegible] जाय। वाकौं छोरि भो
जन करै है। अथवा देखने विषै ही एक कौं देखि अन्य कौं देखै है। [illegible] ऐसैं ही अनेक कार्य
नि की प्रवृत्ति विषै इच्छा हो है। सो इस इच्छा का नाम पुण्य का उदय है। या [illegible] कौं जगत सुख मानै है। सो

संपूर्ण नांहीं दुखही है। काहूतैं प्रथम तीन प्रकार इच्छा पूरन होने के कारन काहू कै होय बनैं। अर कोई प्र-
कार इच्छा पूरन के कारन बनैं तौ युगपत तिनिका साधन न होइ। सो एक का साधन जहां तक न होइ तावत वाकी आकुलता
रहै है। वाका साधन भए उसही समय अन्य का साधन की इच्छा होइ। तब वाकी आकुलता होइ। एक समय भी निराकुल न
रहै। तातैं दुखी ही है। अथवा तीन प्रकार इच्छा रोग मिटावने की किंचित उपाय करै है। तातैं किंचित दुख घाटि हो है। सर्व दुख का
तौ नाश न होइ। तातैं दुखी ही है। ऐसे संसारी जीवनि कै सर्व प्रकार दुखी ही है। बहुरि इहां इतना जानना। तीन प्रकार इ-
च्छानि कर सर्व जगत पीडित है। अर चौथी इच्छा तौ पुण्य का उदय आए होइ सो पुण्य का बंध धर्मानुराग तैं होइ सो धर्मानु-
राग विषै जीव थोरा लागै। जीव तौ बहुत पाप क्रियानि विषै ही प्रवर्तै है। तातैं चौथी इच्छा कोई जीव कै कदाचित काल विषै ही
होइ है। बहुरि इतना जानना। जो समान इच्छावान जीवनि की अपेक्षा तौ चौथी इच्छावाला कै किछु तीन प्रकार इच्छा के घ-
टने तैं सुख कहिए है। बहुरि चौथी इच्छावाला की अपेक्षा महान इच्छावाला चौथी इच्छा वाला भी दुखी ही है। काहू कै बहुत वि-
भूति है। अर वाकै इच्छा बहुत है तौ वह बहुत आकुलतावान है। अर जाकै थोरी विभूति है। अर वाकै इच्छा थोरी है तौ व-
ह थोरा आकुलतावान है। अथवा काहू कै अनिष्ट सामग्री मिली है वाकै उसके दूरि करने की इच्छा थोरी है तौ वह थोरा
आकुलतावान है। बहुरि काहू कै इष्ट सामग्री मिली है। परंतु वाकै उनके भोगवने की वा अन्य सामग्री की इच्छा बहुत
है तौ वह जीव घना आकुलतावान है। तातैं सुखी दुखी होना इच्छा के अनुसार जानना। बाह्य कारन कै आधीन नांही है। ना-
रकी दुखी अर देव सुखी कहिए है सो भी इच्छा ही की अपेक्षा कहिए है। तातैं नारकीनि कै तीव्र कषायतैं इच्छा बहुत है। देव-
नि कै मंद कषायतैं इच्छा थोरी है। बहुरि मनुष्य तिर्यंच भी सुखी दुखी इच्छा ही की अपेक्षा जानने। तीव्र कषायतैं जाकै

42

इच्छा व आकुलतता ताकौं दुःखी कहिए है। मंद कषायतैं जाकै इच्छा थोरी ताकौं सुखी कहिए है। परमार्थतैं दुःखही घनां वा थोरा है
सुख नांही है। देवादिककौं भी सुखी मानिए है सो भ्रम है। उनकै चौथी कषायकी अधिकता है। तातैं आकुलित है। या प्रकार जो
इच्छा होय है तो मिथ्यात्व अज्ञान असंयमतैं होय है। बहुरि इच्छा है सो आकुलतामय है अर आकुलता है सो दुःख है। ऐसैं सर्व सं
सारी जीव नाना दुःखनिकरि पीडित होय रहे हैं। अब जिनि जीवनिकौं दुःखतैं छूटना होय सो इच्छा दूरि करनेका उपाय
करौ। बहुरि इच्छा दूरि तबही होय जब मिथ्यात्व अज्ञान असंयमका अभाव होय अर सम्यग्दर्शन ज्ञान चारित्रकी प्रा
प्ति होय। तातैं इसही कार्यका उद्यम करना योग्य है। ऐसा साधन करतैं जेती जेती इच्छा मिटै तेता तेता दुःख दूरि होता
जाय। बहुरि जब मोहके सर्वथा अभावतैं सर्व इच्छाका अभाव होय तब सर्व दुःख मिटै। सांचा सुख प्रगटै। बहुरि ज्ञा
नावरण दर्शनावरण अंतरायका अभाव होय तब इच्छाका कारण क्षयोपशम ज्ञान दर्शनका वा शक्तिहीनपनांका भी
अभाव होय। अनंत ज्ञान दर्शन वीर्यकी प्राप्ति होय। बहुरि केतेक काल पीछैं अघातिकर्मनिका भी अभाव
होय तब इच्छाके बाह्य कारन तिनका भी अभाव होय। सो मोह गए पीछैं एकै काल किछू इच्छा उपजावनेकौं समर्थ थे
नाहीं मोह होतैं कारन थे तातैं कारन कहे हैं सो इनिका भी अभाव भया। तब सिद्धपदकौं प्राप्त होय है। तहां दुःखका वा दुःखके
कारननिका सर्वथा अभाव होनेतैं सदाकाल अनौपम्य अखंडित सर्वोत्कृष्ट आनंद सहित अनंतकाल विराजमा
न रहै हैं। सो ही दिखाइए है। ज्ञानावरण दर्शनावरणका क्षयोपशम होतैं (वा उदय होतैं) मोहकरि एक एक विषय देखनें जाननें
कौं इच्छाकरि महाव्याकुल होता था सो अब मोहका अभाव होतैं इच्छाका भी अभाव भया तातैं दुःखका अभा
व भया है। बहुरि ज्ञानावरण दर्शनावरणका क्षय होनैंतैं सर्व इंद्रियनिकौं सर्व विषयनिका युगपत ग्रहण भया

तातैं दुःखका कारण भी दूरि भया है। सो ही दिखाईए है जैसें नेत्रकरि एक विषयकौं देख्या चाहै था। अब त्रिकालवर्ती त्रिलो
कके सर्व वर्णनिकौं युगपत देखै है। कोऊ बिना देख्या रह्या नांही जाके देखनेकी इछा उपजै। ऐसैं ही स्पर्शनादिकरि
एक एक विषयकौं ग्रह्या चाहै था। अब त्रिकालवर्ती त्रिलोककै सर्व स्पर्श रस गंध शब्दनिकौं युगपत ग्रहै है। कोऊ बिना
ग्रह्या रह्या नांही। जाके ग्रहणकी इछा उपजै। इहां कोऊ कहै शरीरादिक बिना ग्रहण कैसैं होइ। ताका समाधान इंद्रिय
ज्ञान होतैं तौ द्रव्य इंद्रियादिक बिना ग्रहण न होता था। अब ऐसा स्वभाव प्रगट भया बिना ही इंद्रिय ग्रहण हो है। इहां कोऊ कहै जै
सैं मनकरि स्पर्शादिककौं जानिए है तैसैं जानना होता होगा। त्वचा जीभ आदिकरि ग्रहण हो है तैसैं न होता होगा। सो ऐसैं नां
ही है। मनकरि तौ स्मरणादि हो है तैसैं अस्पष्ट जानना किछू हो है। इहां तौ स्पर्श रसादिककौं जैसैं त्वचा जीभ इत्यादिककरि स्पर्शै
स्वादै सूंघै देखै सुनैं। जैसा स्पष्ट जानना हो है तिसतैं भी अनंत गुणा स्पष्ट जानना तिनिकै हो है। विशेष इतना भया है। वहां इं
द्रिय विषयका संयोग होतैं ही जानना होता था। इहां दूरि तिष्ठै भी वैसा ही जानना हो है। सो यहु शक्तिकी महिमा है। बहुरि मनकरि
किछू अतीत अनागतकौं वा अव्यक्तकौं जान्या चाहै था। अब सर्व ही अनादितैं अनंतकाल पर्यंत जे सर्व पदार्थनिके द्रव्य क्षेत्र
काल भाव तिनिकौं युगपत जानै है। कोऊ बिना जान्या रह्या नांही। जाके जाननेकी इछा उपजै। ऐसैं इनि दुःख अर दुःखके कारण
तिनिका अभाव जानना। बहुरि मोहके उदयतैं मिथ्यात्व वा कषाय भाव होते थे तिनिका सर्वथा अभाव भया। तातैं दुःखका अभाव भया।
बहुरि इनिके कारणनिका अभाव भया। तातैं दुःखके कारनका भी अभाव भया है। सो कारनका अभाव दिखाईए है। सर्व तत्त्व
यथार्थ प्रतिभासै अतत्त्वश्रद्धानरूप मिथ्यात्व कैसैं होइ। कोऊ अनिष्ट रह्या नांही। निंदक स्वयमेव अनिष्ट पावै ही है। आप क्रोध कौ नां
सौं करैं। सिद्धनितैं ऊंचा कोई है नांही। इंद्रादिक आप ही तैं नमै है। इष्ट पावै है। कौनसौं मान करै। सर्व भवितव्यता

सिगया। कार्य रह्या नांही। काहू स्यौं प्रयोजन रह्या नांही। काहू का लोभ न करै। कोई अन्य इष्ट रह्या नांही। कौन कारन तैं हास्य
होइ। कोऊ अन्य इष्ट प्रीति करने योग्य है नांही। इहां कहा रति करै। कोऊ दुखदायक संयोग रह्या नांही। कहां अरति करै।
कोऊ इष्ट अनिष्ट संयोग वियोग होता नांही। काहे का सोक करै। कोऊ अनिष्ट करनेवाला कारन रह्या नांही। कौन का भ
य करै। सर्व वस्तु अपने स्वभाव लीए भासै। आपकौं अनिष्ट नांही कहा जुगुप्सा करै। कामपीडा दूरि होने तैं स्त्री पुरुष उभय स्यौं रमने दूरि
का किछू प्रयोजन न रह्या नांही। काहे कौं पुरुष स्त्री नपुंसक वेदरूप भाव होइ। ऐसैं मोह उपजने के कारननि का अभाव जानना।
बहुरि अंतराय के उदय तैं शक्तिहीनपनां करि पूरन न होती थी। अब ताका अभाव भया। तातैं दुख का अभाव भया। बहु
रि अनंत शक्ति प्रगट भई। तातैं दुख के कारन का भी अभाव भया। ईहां कोऊ कहै दान लाभ भोग उपभोग तौ करते नां
हीं। इनकी शक्ति कैसैं प्रगट भई। ताका समाधान॥ ए कार्य रोग के उपचार थे। रोग ही नांही। तब उपचार काहे कौं करै।
तातैं इन कार्यनि का सद्भाव तौ नांही। अर इनिका रोकनहारा कर्म्म का अभाव भया। तातैं सक्ति प्रगट कहिए है। जैसैं
कोऊ नांही गमन कीया चाहै। ताकौं काहूनैं रोक्या था तब दुखी था। जब वाकै रोकना दूरि भया। अर कारिज के अर्थि गया
गमन भी न
चाहै था सो कार्य न रह्या। तब कीये। तब वाकै गमन न करतैं भी शक्ति प्रगटी कहिए। तैसैं ही इहां भी जानना। बहुरि ज्ञा
नादिकी शक्तिरूप अनंत वीर्य प्रगट उनकै पाईए है। बहुरि अघाति कर्मनि विषैं मोह तैं पापप्रकृतिनि का उदय होतैं दु
ख मानैं था। पुण्यप्रकृतिनि का उदय कौं सुख मानैं था। परमार्थ तैं आकुलता करि सर्व दुखही था। अब मोह के नास तैं सर्व आ
कारन
कुलता दूरि होने तैं सर्व दुख का नाश भया। बहुरि जिनि कारननि करि दुख मानैं था ते तौ सर्व नष्ट भए। अर जिनि करि किं
चित दुख दूरि होने तैं सुख मानैं था सो अब मूल ही मैं दुख रह्या नांही। तातैं तिनि दुख के उपचारनि का किछू प्रयोजन रह्या
नांही जो तिनि करि कार्य सिद्धि कीया चाहै। ताकी स्वयमेव ही सिद्धि होय रही है। इसही का विशेष दिखाईए है। वेद

नीयविषैं असाताका उदयतैं दुःखके कारन शरीरविषैं रोग क्षुधादिक होतैं तिनका अब शरीर ही नांही तब कहां होय। अर श-
रीरकी अनिष्ट अवस्थाकौं कारन आतापादिक थे सो अब शरीर बिना काकौं कारन होइ। अर बाह्य अनिष्ट निमित्त बनैं था
सो अब इनकै अनिष्ट रह्या ही नांही। ऐसैं दुःखका कारन तौ अभाव भया। बहुरि साताका उदयतैं किंचित् दुःख मेटनेके का-
रन औषधि भोजनादिक थे तिनिका प्रयोजन रह्या नांही। अर इष्ट कार्य पराधीन रह्या नांही। तातैं बाह्य भी आदिककौं
इष्ट माननेका प्रयोजन रह्या नांही। इनिकरि दुःख मेट्या चाहै था वा इष्ट कीया चाहै था सो अब संपूर्ण दुःख नष्ट भया। अ-
र संपूर्न इष्ट पाया। बहुरि आयुके निमित्ततैं मरन जीवन था। तहां मरनकरि दुःख मानैं था सो अविनाशी पद पाया। ता-
तैं दुःखका कारन रह्या नांही। बहुरि द्रव्यप्राणनिकौं धरैं कितेक काल जीवनैं मरनतैं सुख मानैं था। तहां भी नरक
पर्यायविषैं दुःखकी विशेषता करि तहां जीना न चाहै था। सो अब इस सिद्ध पर्यायविषैं द्रव्यप्राण बिना ही अपने चैतन्य
प्राणकरि सदा काल जीवैं हैं। अर तहां दुःखका लवलेश भी न रह्या है। बहुरि नामकर्मतैं अशुभ गति जाति आदि हो-
तैं दुःख मानैं था। सो अब तिनि सबनिका अभाव भया दुःख कहांतैं होइ। अर शुभ गति जाति आदि होतैं किंचित् दुःख दूरि
होनेतैं सुख मानैं था सो अब तिनि बिना ही सर्व दुःखका नाश अर सर्व सुखका प्रकाश पाइए है। तातैं तिनिका भी किछू
प्रयोजन रह्या नांही। बहुरि गोत्रके निमित्ततैं नीच कुल पाएं दुःख मानैं था सो ताका अभाव होनेतैं दुःखका कार-
न रह्या नांही। बहुरि उच्च कुल पाएं सुख मानैं था सो अब उच्च कुल बिना ही त्रैलोक्य पूज्य उच्च पदकौं प्राप्त हैं।
या प्रकार सिद्धनिकै सर्व कर्मके नाश होनेतैं सर्व दुःखका नाश भया है। दुःखका लक्षण तौ आकुलता है। सो आ-
कुलता तब ही होइ है जब इच्छा होइ। सो इच्छाका वा इच्छाके कारननिका सर्वथा अभाव भया। तातैं नि-

निराकुल होइ सर्व दुषरहित अनंत सुषकौं अनुभवै है। जातैं निराकुलपना ही सुषका लक्षण है। संसारविषैं नीके
ई प्रकार निराकुल न होइ सकै ही सुष मांनिए है। जहां सर्वथा निराकुल भया तहां सुष संपूर्ण कैसैं न मानिए
या प्रकार सम्यग्दर्शनादि साधनतैं सिद्धपद पाए सर्व दुषका अभाव हो है। सर्व सुष प्रगट हो है। अब इहां उपदेश
दीजिए है। हे भव्य हे भाई तौकूं संसारके दुष दिषाए ते तुझ विषैं बीतै है कि नांही। सो विचारि। अर तू उपाय करै है ते
झूठे दिषाए। सो ऐसैं ही है कि नांही। सो विचारि। अर सिद्धपद पाएं सुष होइ कि नांही। सो विचारि। जो तेरै प्रतीति जैसैं
कही है तैसैं ही आवै है। तौ तू संसारतैं छूटि सिद्धपद पावनेका हम उपाय कहै हैं सो करि विलंब मति करै। यह उपाय कि
ए तेरा कल्याण होगा॥ इति मोक्षमार्गप्रकाशक शास्त्रविषैं संसारदुषका वा मोक्षसुषका निरूपक तृतीयोधि
कार पूर्ण भया॥३॥ दोहा॥ इस भवके सब दुषनिके। कारन मिथ्याभाव। तिनिकी सत्ता नाश करि। प्रगटै मोक्ष उपा
व॥१॥ अब इहां संसारदुषनिके बीजभूत मिथ्यादर्शन मिथ्याज्ञान मिथ्याचारित्र हैं। तिनिका स्वरूप विशेष नि
रूपण कीजिए है। जैसैं वैद्य है सो रोगके कारननिकौं विशेष कहै तौ रोगी कुपथ्य सेवन न करै। तब रोगरहित होइ। तैसैं इ
हां संसारके कारननिका विशेष निरूपण करिए तौ संसारी मिथ्यात्वादिकका सेवन न करै। तब संसाररहित होइ।
तातैं मिथ्यादर्शनादिकनिका विशेष कहिए है। यह जीव अनादितैं कर्मसंबंध सहित है। याकै दर्शनमोहकै उ
दयतैं भया सो अतत्वश्रद्धान ताका नाम मिथ्यादर्शन है। जातैं तद्भाव तत्व। जो श्रद्धान करने योग्य अर्थ है। ताका जो भा
व स्वरूप ताका नाम तत्व है। तत्व नांही ताका नाम अतत्व है। सो अतत्व है सो असत्य है। तातैं जो इसहीका नाम मिथ्या
व हरि ऐसैं ही यह है। ऐसा प्रतीतिभाव ताका नाम श्रद्धान है। इहां श्रद्धानका नाम दर्शन है। यद्यपि दर्शनका नाम अर्थ

है।

सामान्य अवलोकन है। तथापि इहां प्रकरण के वशतैं इस ही धातु का अर्थ श्रद्धान जाननां। सो ऐसैं ही सर्वार्थसिद्धि नाम ग्रन्थ
की टीका विषै कह्या है। जातैं सामान्य अवलोकन संसार मोक्ष कौं कारन होइ नांही। श्रद्धान ही संसार मोक्ष कौं कारण है।
तातैं संसार मोक्ष का कारण विषै दर्शन का अर्थ श्रद्धान ही जाननां। बहुरि मिथ्यारूप जो दर्शन कहिए श्रद्धान ताका नाम मि-
थ्यादर्शन है। जैसैं वस्तु का स्वरूप नांही। तैसैं माननां। जैसैं है तैसैं न माननां। ऐसा विपरीताभिनिवेश कहिए विपरीत
अभिप्राय ताकौं लीए मिथ्यादर्शन हो है। इहां प्रश्न जो केवलज्ञान बिनां सर्व पदार्थ यथार्थ भासै नांही। यथार्थ भासै
बिनां यथार्थ श्रद्धान न होइ। तातैं मिथ्यादर्शन का त्याग कैसैं बनैं। ताका समाधान। पदार्थनिका जाननां न जाननां अन्यथा
जाननां तौ ज्ञानावरण के अनुसारि है। बहुरि प्रतीति हो है सो जानें ही हो है। बिना जानें प्रतीति कैसैं आवै। यह तौ सत्य है।
परन्तु जैसैं पुरुष है सो जिनिस्यौं प्रयोजन नांही। तिनिकौं अन्यथा जानौं वा यथार्थ जानौं। बहुरि जैसैं जानैं तैसैं ही मानौं। किछू
वाका बिगार सुधार है नांही। तातैं बाउला स्याना नाम पावै नांही। बहुरि जिनिस्यौं प्रयोजन पाईए है। तिनिकौं जो अन्यथा जानैं
अर तैसैं ही मानैं तौ बिगार होइ तातैं वाकौं बाउला कहिए। बहुरि तिनिकौं जो यथार्थ जानैं अर तैसैं ही मानै तौ सुधार होइ तातैं वा-
कौं स्याणा कहिए। तैसैं जीव है सो जिनिस्यौं प्रयोजन नांही तिनि कौं अन्यथा जानौं। वा यथार्थ जानौं। बहुरि जैसैं जानैं तैसैं श्रद्धा-
न करौ। किछू याका बिगार सुधार नांही। तातैं मिथ्यादृष्टी सम्यग्दृष्टी नाम पावै नांही। बहुरि जिनिस्यौं प्रयोजन पाईए
है तिनिकौं जो अन्यथा जानैं। अर तैसैं ही श्रद्धान करै तौ बिगार होइ। तातैं याकौं मिथ्यादृष्टी कहिए। बहुरि तिनिकौं जो
यथार्थ जानै। अर तैसैं ही श्रद्धान करै तौ सुधार होइ। तातैं याकौं सम्यग्दृष्टी कहिए। इहां इतनां जाननां। अप्रयोजनभूत
वा प्रयोजनभूत पदार्थनिका न जाननां। वा यथार्थ अयथार्थ जाननां जो होइ तामैं ज्ञान की हीनता अधिकता होनां इतनां

जीवका विगार सुधार है। ताका निमित्त तौ ज्ञानावरण कर्म है। बहुरि तहां प्रयोजनभूत पदार्थनिकौं अन्यथा वा यथार्थ श्र-
द्धान कीएं जीवका किछू और भी विगार सुधार होवै है। तातैं याका निमित्त दर्शनमोह नामा कर्म है। इहां कोऊ कहै जैसा जानै
तैसा श्रद्धान करै तातैं ज्ञानावरण ही कै अनुसारि श्रद्धान भासै है। इहां दर्शनमोहका विशेष निमित्त कैसें भासै। ताका समा-
धान। प्रयोजनभूत जीवादि तत्त्वनिका श्रद्धान करनें योग्य ज्ञानावरणका क्षयोपशम तौ सर्व संज्ञी पंचेंद्रीयनिकै भया है। प- नै
रंतु द्रव्यलिंगी मुनि ग्यारह अंग पर्यंत पढै। वा ग्रैवेयकके देव अवधिज्ञानादि युक्त है तिनिकै ज्ञानावरणका क्षयोपशम
बहुत होतैं भी प्रयोजनभूत जीवादिकका श्रद्धान न होय। अर तिर्यंचादिकके ज्ञानावरणका क्षयोपशम थोरा होतैं भी प्र-
योजनभूत जीवादिकका श्रद्धान होइ। तातैं जानिए है ज्ञानावरणही कै अनुसारि श्रद्धान नाहीं। कोई जुदा कर्म
है सो दर्शनमोह है। याकै उदयतैं जीवकै मिथ्यादर्शन होवै है। तब प्रयोजनभूत जीवादि तत्त्वनिका अन्यथा श्रद्धान
अप्रयोजनभूत ५९ करै है। इहां कोऊ पूछै कि प्रयोजनभूत पदार्थ कौन है। ताका समाधान। इस जीवकै प्रयोजन तौ एक यहु ही है। दुख न
होय सुख होय। अन्य किछू भी कोई ही जीवकै प्रयोजन है नाहीं। बहुरि दुखका न होना एक ही है। जातैं दुखका अभाव सो सुषका होना
ई सुख है। सो इस प्रयोजनकी सिद्धि जीवादिकका सत्य श्रद्धान कीएं होइ है। कैसें सो कहिए है। प्रथम तौ दुख दूरि करनें विषै आ- १०
पापरका ज्ञान अवश्य चाहिए। जो आपापरका ज्ञान न होइ तौ आपकौं पहचानें विना अपना दुख कैसें दूरि करै। अथवा
आपापरकौं एक जानि अपना दुख दूरि करनैं के अर्थि परका उपचार करै तौ अपना दुख दूरि कैसें होइ। अथवा आ-
पापर भिन्न अर यहु पर विषै अहंकार ममकार करै तातैं दुख ही होइ। तातैं आपापरका ज्ञान भएं ही दुख दूरि होइ है। ब-
हुरि आपापरका ज्ञान जीव अजीवका ज्ञान भएं ही होइ है। जातैं आप जीव है। शरीरादिक अजीव है। जो लक्षणादि-

तातैं बंधकौं जानना। बहुरि आस्रव का अभाव करना सो संवर है। याका स्वरूप न जानै तौ यावि(षै) प्रवर्त्तन करै तब आस्रव ही रहै।
तातैं वर्त्तमान वा आगामी दुःख ही है।

करि जीव अजीव की पहचानि होइ तौ आपा पर का भिन्नपना भासै। तातैं जीव अजीव कौं जानना। अथवा जीव अजी
व का ज्ञान न होइ जिनि पदार्थनि का अन्यथा श्रद्धानतैं दुःख हो था तिनिका यथार्थ ज्ञान होनेतैं दुःख दूरि होइ तातैं जीव अ
जीव कौं जानना। बहुरि दुःख का कारन तौ कर्मबंधन है। अर ताका कारन मिथ्यात्वादिक आस्रव है। सो इनिकौं न पहिचानै
इनिकौं दुःख का मूल कारन न जानै तौ इनिका अभाव कैसे करै। अर इनिका अभाव न करै तब कर्मबंधन होइ। तातैं कैसे
दुःखी होइ। अथवा मिथ्यात्वादिक भाव हैं सो दुःखमय हैं। सो इनकौं जैसे के तैसे न जानै तौ इनिका अभाव न करै तब
दुःखी रहै। तातैं आस्रवकौं जानना। बहुरि समस्त दुःख का कारन कर्मबंधन है। सो याकौं न जानै तब यातैं मुक्त होने का
उपाय न करै तब ताके निमित्ततैं दुःखी होइ। तातैं संवरकौं जानना। बहुरि कथंचित् किंचित् कर्मबंध का अभाव कर
ना ताका नाम निर्जरा है। सो याकौं न जानै तब याकी प्रवृत्ति का उद्यमी न होइ तब सर्वथा बंध ही रहै तातैं दुःख ही होइ। तातैं
निर्जरा का जानना। बहुरि सर्वथा सर्व कर्मबंध का अभाव होना ताका नाम मोक्ष है। सो याकौं न पहिचानै तौ याका उपाय
न करै तब संसार विषै कर्मबंधतैं निपजै दुःखनि ही कौं सहै तातैं मोक्षकौं जानना। ऐसें जीवादि सप्त तत्त्व जानने। बहुरि
शास्त्रादिकरि कदाचित् तिनिकौं जानै अरं भावरूप प्रयोजन की सिद्धि होइ है। तातैं जीवादिक पदार्थ हैं ते ई प्रयोजन
भूत जानने। बहुरि इनिके विशेष भेद पुण्य पापादिक रूप तिनिका भी श्रद्धान प्रयोजनभूत है। जातैं सामान्यतैं
विशेष बलवान है। ऐसें ए पदार्थ तौ प्रयोजनभूत हैं। तातैं इनिकौं यथार्थ श्रद्धान कीएं तौ दुःख न होइ सुख होइ। अर इनिकौं
यथार्थ श्रद्धान कीएं विना दुःख हो है। बहुरि इनि विनां अन्य पदार्थ हैं ते अप्रयोजनभूत हैं। जातैं तिनिकौं यथार्थ श्र
द्धान करौ वा मति करौ उनका श्रद्धान किछु सुख दुःख कौं कारन नाहीं। इहां प्रश्न उपजै है। जो पूर्वैं जीव अजीव पदार्थ क
हे ऐसें हो हैं। ऐसी प्रतीति न आइ तौ जाने कहा होइ तातैं तिनका श्रद्धान करना कारिजकारी है। ऐसैं जीवादि
तत्त्वनि का सत्य श्रद्धान कीए ही दुःख न होने का अ

इ तिनि विषै तौ सर्व पदार्थ आय गए। तिनि विना अन्य पदार्थ कौंन रहै जिनिकौ अप्रयोजनभूत कहै। ताका समाधान
पदार्थ तौ सर्व जीव अजीव विषै ही गर्भित हैं। परंतु तिनि जीव अजीवनिके विशेष बहुत हैं। तिनि विषै जिनि विशे
षनिकरि सहित जीव अजीवकौ यथार्थ श्रद्धान कीएं स्वपरका श्रद्धान होइ रागादिक दूरि करनेका श्रद्धान हो
इ तातैं सुख उपजै अयथार्थ श्रद्धान कीएं स्वपरका श्रद्धान न होइ। रागादिक दूरि करनेका श्रद्धान न होइ। तातैं
दुख उपजै तिनि विशेषनिकरि सहित जीव अजीव पदार्थ तौ प्रयोजनभूत जानने। बहुरि जिनि विशेषन सहित जी
व अजीवकौ यथार्थ श्रद्धान कीएं वा न कीएं स्वपरका श्रद्धान होइ वा न होइ। अर रागादिक दूरि करनेका श्रद्धान होइ
वा न होइ किछू नियम नांही। तिनि विशेषनिकरि सहित जीव अजीव पदार्थ अप्रयोजनभूत जानने। जैसैं जीव अर
शरीरका चैतन्य मूर्त्तत्वादि विशेषनिकरि श्रद्धान करना तौ प्रयोजनभूत है। अर मनुष्यादि पर्यायनिका वा घटप
टादिकका अवस्था आकारादि विशेषनिकरि श्रद्धान करना अप्रयोजनभूत है। ऐसैं ही अन्य जानने। या प्रकार करि प्रयोज
नभूत जीवादिक तत्व तिनिका अयथार्थ श्रद्धान ताका नाम मिथ्यादर्शन जानना। अब संसारी जीवनिकै मिथ्यादर्शनकी
प्रवृत्ति कैसैं पाईए है सो कहिए है। इहां वर्णन तौ श्रद्धानका करना है। परंतु जानै तब श्रद्धान करै तातैं जाननेकी मु
ख्यताकरि वर्णन करिए है। अनादितैं जीव है सो कर्मके निमित्ततैं अनेक पर्याय धरै है। तहां पूर्वपर्यायकौं छोरि न
वीन पर्याय धरै। बहुरि वह पर्याय है सो एक तौ आप आत्मा अर अनंत पुद्गलपरमाणूमय शरीर तिनिका एक पिं
ड बंधानरूप है। बहुरि जीवकै तिस पर्याय विषै यह मैं हौं ऐसैं अहंबुद्धि हो है। बहुरि आप जीव है ताका स्वभाव तौ
ज्ञानादिक है अर विभाव क्रोधादिक है। अर पुद्गलपरमाणूनिके वर्ण गंध रस स्पर्शादि स्वभाव है तिनि सबनि

को अपनां स्वरूप मानैं है ए मेरे हैं। ऐसैं ममबुद्धि होय है। बहुरि आप जीव है ताकै ज्ञानादिक की वा क्रोधादि की
अधिकहीनतारूप अवस्था होय है। अर पुद्गल परमाणूनि की वर्णादि पलटणरूप अवस्था होय है। तिनि सबनि
कौं अपनी अवस्था मानै है। ए मेरी अवस्था है ऐसैं ममबुद्धि करै है। बहुरि जीवकै अर शरीरकै निमित्त नैमित्ति
क संबंध है। तातैं जो क्रिया होय है। ताकौं अपनी मानै है। अपना दर्शन ज्ञान स्वभाव है। ताकी प्रवर्त्ति कौं निमित्तमा
त्र शरीरका अंगरूप स्पर्शनादि द्रव्य इंद्रिय हैं। यहु तिनिकौं एक मांनि ऐसें मानै है। जो हस्तादि स्पर्शनकरि
मैं स्पर्स्या। जीभकरि स्वाद्या। नासिकाकरि सूंघ्या नेत्रकरि देख्या। कानकरि सुन्या ऐसैं मानै है। मनोवर्गणारूप आठ पांखु
का फूल्या कमलकै आकारि हृदयस्थानविषै द्रव्यमन है। दृष्टिगम्य नाहीं ऐसा है। सो शरीर का अंग है। ताका नि
मित्त होतैं स्मर्णादिरूप ज्ञानकी प्रवृत्ति होय है। यहु द्रव्यमनकौं अर ज्ञानकौं एक मानि ऐसैं मानै है। मैं मनकरि जान्या। ब
हुरि अपनै बोलनेकी इच्छा होय है। तब अपने प्रदेशनिकौं जैसैं बोलना बनैं तैसैं हलावै। तब एकक्षेत्रावगाह सं
बंधतैं शरीरके अंग भी हालैं। ताकै निमित्ततैं भाषावर्गणारूप पुद्गल वचनरूप परिणमैं। यहु सबकौं एक मां
नि ऐसैं मानै जो मैं बोलां हों। बहुरि अपनै गमनादिक क्रियाकी वा वस्तुग्रहणादिककी इच्छा होइ तब अपने प्रदेशनि
कौं जैसैं कार्य बनैं तैसैं हलावै तब एकक्षेत्रावगाहतैं शरीरके अंग हालै तब वह कार्य बनैं। अथवा अपनी इच्छा विनां
शरीर हालै तब अपने प्रदेश भी हालै है। यहु सबकौं एक मांनि ऐसैं मानै मैं गमनादि कार्य करौं हों। वा वस्तु ग्रहौं हौं
वा मैं कीया है। इत्यादि रूप मानै है। बहुरि जीवकै कषायभाव होइ। तब शरीरकी ताकै अनुसारि चेष्टा होइ जा
इ। जैसैं क्रोधादिक भए रक्तनेत्रादि होइ जाइ। हास्यादि भए प्रफुल्लित वदनादि होइ जाइ। पुरुषवेदादि भए लिंगकी

दुःख

चिन्हादि होइ जाय। यहु सबकौं एक मानि ऐसा मानै। ए कार्य सर्व मैं करौं हौं। बहुरि शरीर विषै शीत उष्ण क्षुधा तृ
षा रोग इत्यादि अवस्था होइ। ताकै निमित्ततैं मोहभाव करि आप सुख दुःख मानै। इनि सबनिकौं एक जानि शीतादिककौं
वा सुख दुःखकौं अपनैं ही भए मानै है। बहुरि शरीरका परमाणूनिका मिलना बिछुरना आदि होनेकरि वा तिनकी अव
स्था पलटनेकरि वा शरीर स्कंधका खंडादि होनेकरि स्थूल कृशादिक वा बाल वृद्धादिक वा अंगहीनादिक होइ।
अर ताकै अनुसारि अपनैं प्रदेशनिका संकोच विस्तार होइ। यहु सबकौं एक मानि मैं स्थूल हौं। मैं कृश हौं मैं बाल
क हौं। मैं वृद्ध हौं। मेरे इनि अंगनिका भंग भया है। इत्यादिरूप मानै है। बहुरि शरीरकी अपेक्षा गतिकुलादिक होइ
तिनकौं अपने मानि मैं मनुष्य हौं। मैं तिर्यंच हौं। मैं क्षत्रिय हौं। मैं वैश्य हौं। इत्यादिरूप मानै है। बहुरि शरीर सं
योग होने छूटनेकी अपेक्षा जन्म मरण होई। तिनकौं अपना जन्म मरण मानि मैं उपज्या मैं मरूंगा ऐसा मानै है। ब
हुरि शरीरहीकी अपेक्षा अन्य वस्तुनिस्यौं नाता मानै है। जिनि करि शरीर निपज्या तिनिकौं आपके माता पिता मा
नैं है। जो शरीरकौं रमावै ताकौं अपनी रमनी मानै है। जो शरीर
करि निपज्या ताकौं अपना पुत्र मानै है। जो शरीरकौं उपगारी ताकौं मित्र मानै है। जो शरीरका बुरा करै। ताकौं
शत्रु मानै। इत्यादिरूप मानि हो है। बहुत कहा कहिए। जिस तिस प्रकार करि आप अर शरीरकौं एक ही मानै है।
इंद्रियादिकका नाम तौ इहां कह्या है। याकौं तौ किछू गम्य नाहीं। अचेत हूवा पर्यायविषै अहंबुद्धि धारै है। सो
कारन कहा है सो कहिए है। इस आत्माकै अनादितैं इंद्रियज्ञान है। ताकरि आप अमूर्तीक है सो तौ भासै
नाहीं। अर शरीर मूर्तीक है। सो ही भासै अर आत्मा काहूकौं आपा जानि अहंबुद्धि धारै ही धारै। सो आ

पुद्गलपरमाणू अनंत तिनिका समुदायरूप पर्याय विषैं ऐसैं अहंबुद्धि धारै है। बहुरि आपकै अर शरीरकै निमित्तनैमि-
त्तिक संबंध घना ताकरि भिन्नता भासै नाही। बहुरि जिस विचारकरि भिन्नता भासै सो मिथ्यादर्शनके जोरतैं हो-
इ सकै नाही। तातैं पर्याय ही विषैं अहंबुद्धि पाइए है। बहुरि मिथ्यादर्शनकरि यहु जीव कदाचित् बाह्य सामग्रीका
